
You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-119 ❒ शनिवार, 30 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



आंतरिक शांति ही बाहरी सौहार्द का वास्तविक आधार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया तनाव, संघर्ष और मानसिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में आध्यात्मिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं और आत्मिक संतुलन का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है।
सी.पी. राधाकृष्णन

आंतरिक शांति ही बाहरी सौहार्द का आधार : उपराष्ट्रपति 11

हरित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम : धामी 12

### त्योहारों में विघ्न डाला तो होना तय है कंस जैसा हश्र', सीएम योगी की खुली चेतावनी

# गुंडे-माफिया आ गए अपनी औकात में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



❒ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में माफिया, गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आ गए हैं तथा प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं। अब किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध करें

❒ अलीगढ़ बनेगा यूपी का नया पॉवरहाउस, निकलेंगे ओलंपिक चैंपियन, 57 करोड़ के हाईटेक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात देंगे सीएम

लखनउ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में माफिया, गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आ गए हैं तथा प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं। अब किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगा सके। मऊ जिले के मधुबन विधानसभा क्षेत्र में 392 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 114 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई अपराधी बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने की सोचता भी है तो उसका इंतजार यमराज करते हैं।

सपा पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में नेताओं की स्थिति ऐसी थी कि माफियाओं को देखकर उनके पसीने छूट जाते थे, जबकि आज माफिया प्रदेश से गायब हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश में रामलीला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, होली, दीपावली और दशहरा जैसे सभी पर्व-त्योहार उत्साह और शांति के साथ मनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब किसी गुंडे या माफिया में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह किसी पर्व या त्योहार में विघ्न डाल सके। यदि कोई ऐसा प्रयास करता है तो उसकी दुर्गति रावण और कंस की तरह होना तय है। उत्तर प्रदेश में विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयासों के तहत अलीगढ़ जिले में ओलंपिक स्तर का इंडोर खेल परिसर बनकर तैयार हो चुका है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही इसका लोकार्पण कर सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक 13 हजार वर्ग मीटर में 57 करोड़ से अधिक की लागत से बना ओलंपिक स्तर की सुविधाओं वाला इंडोर खेल परिसर अब लोकार्पण के लिए बिल्कुल तैयार है।

बयान के अनुसार सिर्फ अलीगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में खिलाड़ियों के लिए नई उम्मीद और नए अवसरों का केंद्र बनने जा रहे अत्यधिक सुविधाओं से लैस इस परिसर का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही लोकार्पण करेंगे। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि यह मंडल का पहला ऐसा विश्वस्तरीय इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स है, जहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा केवल स्टेडियम बनाना नहीं, बल्कि गांव, कस्बों और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को ऐसा मंच देना है, जहां से वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकें।

मीणा ने बताया कि खेल परिसर को केवल अभ्यास केंद्र नहीं, बल्कि बड़े खेल आयोजनों के लिए एक सम्पूर्ण स्पोर्ट्स हब के रूप में विकसित किया गया है और दर्शकों की सुविधा के लिए अत्याधुनिक दीर्घा बनाई गई है, जहां बड़ी संख्या में लोग बैठकर प्रतियोगिताओं का आनंद ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा वीआईपी रूम, मीडिया रूम और आधुनिक लाउंज क्षेत्र भी तैयार किए गए हैं, जिससे राष्ट्रीय स्तर के आयोजन आसानी से कराए जा सकेंगे। इससे अलीगढ़ भविष्य में बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी के लिए भी तैयार माना जा रहा है। मीणा ने बताया कि इस विशाल खेल परिसर की सबसे बड़ी खासियत इसका राष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल है जो भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन का केंद्र बन सकता है। हमीरपुर पुल हादसा : तूफान के अलर्ट के बाद भी हमीरपुर में चल रहा था पुल का निर्माण,जांच करने पहुंचे उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन के एमडी

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बेतवा नदी में निर्माणाधीन पुल का स्ट्रक्चर देर रात आए चक्रवाती तूफान में ढहने के मामले में बड़ी लापरवाही सामने आई है। आंधी तूफान के प्रशासन के अलर्ट के बाद भी यहां दिन रात पुल में मजदूर काम कर रहे थे। चक्रवाती तूफान जैसे ही आया तो बिना कसाव के रखे गए लॉंच पैड (स्ट्रक्चर) ताश के पत्ते की तरह उड़कर बिखर गया। हादसे में जहां छह लोगों की मौत हुई वहीं सरकार को भी एक करोड़ रुपये का बड़ा झटका लगा है। हादसे में योगी सरकार के संज्ञान लेने के बाद उत्तर प्रदेश ब्रिज्र कारेपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने यहां आकर जांच शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि हमीरपुर के रहने वाले राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद के प्रयासों से ललपुरा व कुरारा थाने के मध्य बेतवा नदी में एक नए पुल बनाने की मंजूरी योगी सरकार ने दी थी। तीन साल पहले पुल निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद कानपुर के विजय सिंह की प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को पुल को बनाने के लिए तकनीकी कर्मियों व बड़ी संख्या में मजदूरों को लगाया ● शेष पेज 11 पर

### आंधी में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल की

# स्लैब ढहने से 6 मजदूरों की मौत, कई दबे होने की आशंका

**एजेंसी**



❒ बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ टीम जुटी जिले के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौके पर

❒ तूफान के अलर्ट के बाद भी हमीरपुर में चल रहा था पुल का निर्माण,जांच करने पहुंचे उत्तर प्रदेश ब्रिज कारपोरेशन के एमडी

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बेतवा नदी पर बन रहे नए पुल की स्लैब व शटरिंग शुक्रवार तड़के आंधी और तूफान के बीच भरभराकर ढह गई। जिसके मलबे में दबकर छह मजदूरों की मौत हो गई। अभी कुल लोगों के मलबे दबे होने की आशंका है। पुलिस और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंच गए है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ टीम को लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक जिले के ललपुरा क्षेत्र के परसनी और कंडौर के बीच बेतवा नदी पर एक नया पुल का निर्माण पिछले तीन सालों से चल रहा है। आज तड़के करीब तीन बजे सभी मजदूर निर्माणाधीन पुल के नीचे सो रहे थे। तभी तेज आंधी और तूफान के दौरान पुल की स्लैब शटरिंग भरभराकर ढह गई। हादसे के बाद कई मजदूर मलबे में दब गए। सूचना पाते ● शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री शुभेंदु का बड़ा ऐलान- एक अगस्त से राज्य में शुरू होगी जनगणना

**एजेंसी**



कोलकाता। 2मी एक अगस्त से जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय नवान्न में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि जनगणना की प्रक्रिया अगस्त 2026 से शुरू होकर फरवरी 2027 तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी नागरिकों से जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया देश और राज्य दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकीय स्थिति विशेष महत्व रखती है, क्योंकि राज्य की लगभग 600 किलोमीटर लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है।

उन्होंने दावा किया कि सीमा के कुछ हिस्सों में अब तक फेंसिंग नहीं होने और पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा बल को जमीन उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण राज्य की जनसांख्यिकी में बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है, जबकि ● शेष पेज 11 पर

## राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक 10 जून को, मोदी का होगा अभिनंदन

नई दिल्ली। केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 साल पूरे होने पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक 10 जून को आयोजित की गयी है। अशोका होटल में आयोजित होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और उनके कार्यकाल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए विशेष प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य मोदी सरकार की 12 साल की सफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक देशव्यापी अभियान की रूपरेखा तैयार करना है। बैठक की अध्यक्षता ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### नीट पेपर लीक: सीबीआई निदेशक व अन्य अधिकारी संसदीय समिति के समक्ष पेश हुए

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2026 पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद शुक्रवार को संसद की सरकारी आश्वासन समिति के समक्ष पेश हुए। परीक्षा में कथित अनियमितताओं और जांच की प्रगति की समीक्षा के लिए इन अधिकारियों ने संसदीय समिति को जानकारी दी। राज्यसभा सदस्य एम. थंबीदुरई की अध्यक्षता वाली इस संसदीय समिति में अध्यक्ष सहित कुल 11 सदस्य हैं। बैठक की अध्यक्षता थंबीदुरई ने की। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव भी मौजूद रहे। समिति ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच और अब तक की कार्रवाई पर विस्तृत जानकारी मांगी। बैठक में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के साथ एजेंसी के विशेष निदेशक, अतिरिक्त निदेशक और संयुक्त निदेशक स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री शुभेंदु का बड़ा ऐलान- एक अगस्त से राज्य में शुरू होगी जनगणना

कोलकाता। 2मी एक अगस्त से जनगणना का कार्य शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को राज्य सचिवालय नवान्न में आयोजित पत्रकार वार्ता में इसकी घोषणा की। उन्होंने बताया कि जनगणना की प्रक्रिया अगस्त 2026 से शुरू होकर फरवरी 2027 तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी नागरिकों से जनगणना कार्य में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया देश और राज्य दोनों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकीय स्थिति विशेष महत्व रखती है, क्योंकि राज्य की लगभग 600 किलोमीटर लंबी सीमा बांग्लादेश से लगती है। उन्होंने दावा किया कि सीमा के कुछ हिस्सों में अब तक फेंसिंग नहीं होने और पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सीमा सुरक्षा बल को जमीन उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण राज्य की जनसांख्यिकी में बदलाव आया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के कई राज्यों में यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है, जबकि पश्चिम बंगाल में यह कार्य अपेक्षाकृत देर से आरंभ हो रहा है।

## भारत-नेपाल सीमा पर नकली दस्तावेज़ों के सहारे नेपाल में प्रवेश की कोशिश करते हुए दो थाई महिलाएं गिरफ्तार

**एजेंसी**




किशनगंज। भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे गलगलिया क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे सीमा पार करने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पानीटंकी बॉर्डर चेकपोस्ट पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और इमिग्रेशन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में थाईलैंड की दो महिला नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जो फर्जी इमिग्रेशन एग्जिट स्टैम्प के सहारे नेपाल जाने की कोशिश कर रही थीं। सुरक्षा आधिकारियों के अनुसार, 41वीं वाहिनी एसएसबी रानीडांगा की बॉर्डर इंटरैक्शन टीम (बीआईटी ) ने कमांडेंट विकास कुमार के नेतृत्व में पानीटंकी स्थित न्यू ब्रिज चेकपोस्ट पर सघन जांच अभियान चलाया। सीमा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की लगातार मिल रही सूचनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था और जांच प्रक्रिया को और कड़ा किया गया था। इसी दौरान नेपाल की ओर जा रही एक संदिग्ध सफ़ेद रंग की स्विफ्ट कार को रोककर उसमें सवार लोगों से पूछताछ की गई और उनके यात्रा दस्तावेजों की जांच शुरू की गई। कार में मौजूद दो विदेशी महिलाओं के पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज संदिग्ध लगने पर उन्हें तत्काल इमिग्रेशन अधिकारियों के पास सत्यापन के लिए भेजा गया। जांच प्रक्रिया शुरू होते ही महिलाओं के साथ मौजूद एक कथित कूरियर एजेंट को शक हो गया कि मामला उजागर हो चुका है। इसके बाद वह मौके का फायदा उठाकर चेकपोस्ट से फरार हो गया। हालांकि, उसकी तस्वीरें और वाहन की गतिविधियां वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब फुटेज के आधार पर उसकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हैं। इमिग्रेशन विभाग द्वारा पासपोर्ट की बारकोड स्कैनिंग और केंद्रीय डेटाबेस से मिलान करने पर बड़ा खुलासा हुआ। दोनों महिलाओं के पासपोर्ट पर लगे भारत से बाहर ● शेष पेज 11 पर

## सरिंदा वादन के दिग्गज कलाकार पद्मश्री मंगला कांति राय का निधन

जलपाईगुड़ी। उत्तर बंगाल की लगभग 500 वर्ष पुरानी लोकसंस्कृति के प्रमुख वाहक और सरिंदा वादन के महान कलाकार मंगला कांति राय का गुरुवार देर रात निधन हो गया। वह 104 वर्ष के थे। उन्होंने मयनागुड़ी के आमगुड़ी ग्राम पंचायत अंतर्गत धवलागुड़ी स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। परिवार के अनुसार, मंगला कांति राय लंबे समय से बढ़ती उम्र से जुड़ी विभिन्न बीमारियों और गले की समस्या से जूझ रहे थे। उनके निधन से उत्तर बंगाल की लोक संस्कृति जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। लोक कलाकारों और संस्कृति प्रेमियों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। मंगला कांति राय ने अपना पूरा जीवन सरिंदा वादन जैसी विलुप्तप्राय लोक कला को बचाने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए समर्पित कर दिया। उनके अथक प्रयासों के कारण यह पारंपरिक वाद्य यंत्र एक बार फिर सांस्कृतिक मंचों और लोक आयोजनों में पहचान बना सका। उनके योगदान को देखते हुए पश्चिम बंगाल सरकार ने वर्ष 2017 में उन्हें 'बंगरत्न' सम्मान से सम्मानित ● शेष पेज 11 पर

## सरकार का दावा- देश में पेट्रोल-डीजल, एलपीजी नैचुरल गैस और कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल, घरेलू रसोई गैस (एलपीजी), नेचुरल गैस और कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। सरकार ने कहा कि सभी रिफाइनरियां भी अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। वहीं, एलपीजी का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है, जो लगभग 92 टीएमटी (हजार मीट्रिक टन) प्रतिदिन है। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में बताया कि एलपीजी का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है, जो लगभग 92 टीएमटी (हजार मीट्रिक टन) प्रतिदिन है। किसी भी घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) डिस्ट्रीब्यूटरशिप ने स्टॉक के खत्म होने की शिकायत नहीं की है। कुछ जिलों में खेती की मांग और बदलते बाजार के रुझानों के कारण पेट्रोल और डीजल की बिक्री में असामान्य रूप से बढ़ोतरी देखी गई है, लेकिन सप्लाई स्थिर बनी हुई है। शर्मा बताया कि राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और उद्योग संघों को जमाखोरी और कालाबाज़ारी रोकने की सलाह दी गई है और उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि वे ईंधन केवल अधिकृत माध्यमों से ही खरीदें। उन्होंने कहा कि सरकार ने दोहराया है कि ईंधन की उपलब्धता पर्याप्त है और अनावश्यक रूप से स्टॉक जमा करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मार्च से अब तक 8.3 लाख से ज्यादा पीएनजी के कनेक्शन चालू किए गए हैं और 8.5 लाख नए उपभोक्ता पंजीकृत हुए हैं। पिछले चार दिनों में ही 1.78 करोड़ एलपीजी रिफिल बुकिंग मिलीं और करीब 1.8 करोड़ सिलेंडर डिलीवर किए गए हैं, जिनमें से 96 फीसदी डिलीवरी डिजिटल रूप से प्रमाणित थीं। शर्मा ने कहा कि प्रवर्तन एजेंसियों और तेल विपणन कंपनियों ने भी निरीक्षण तेज कर दिए हैं। कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई मजबूत बनी हुई है और औद्योगिक तथा कमर्शियल उपभोक्ताओं के लिए नैचुरल गैस की सप्लाई 99 फीसदी तक बहाल कर दी गई है। प्रेसवार्ता के दौरान पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया कि जहाजों की आवाजाही के क्रम में 'निसोस केरोस' नामक एक मालवाहक जहाज 25-26 मई की रात को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित रूप से गुजर गया और 3 जून को विशाखापत्तनम पहुंचने वाला है। यह मालवाहक जहाज अपने साथ लगभग 2,70,000 मीट्रिक टन क्रूड ऑयल लेकर जा रहा है। इस जहाज का पूरा चालक दल विदेशी है और यह मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला जहाज है। इस क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, और भारतीय नाविकों से जुड़ी किसी भी घटना की ● शेष पेज 11 पर

### ऑपरेशन सिंदूर पर किताब में सैनिकों के अनुभव संजोए गए, रक्षा मंत्री ने की लांच

# पाकिस्तान से अब तक लड़े गए अन्य सभी युद्धों से अलग था ऑपरेशन सिंदूर : राजनाथ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर एक पुस्तक जारी की, जिसमें सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को संजोया गया है। पुस्तक में बताया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर एक अभूतपूर्व सफलता थी, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को चार दिनों के भीतर ही युद्ध विराम के लिए विवश कर दिया। यह पुस्तक ऐतिहासिक विवरण से परे जाकर वीर सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को समेटती है। साथ ही आधुनिक युद्ध के मानवीय पहलू की वह झलक भी मिलती है, जहां नेतृत्व, साहस, दबाव में निर्णय लेने की क्षमता और प्रतिबद्धता रणनीति को सफलता में बदल देती है। राजनाथ सिंह ने पुस्तक जारी करते हुए कहा कि यह प्रकाशन आधुनिक युद्ध के उस मानवीय पहलू को दर्शाता है, जो रणनीति को सफलता में बदल देता है। यह पुस्तक उन लोगों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने इस ऑपरेशन के दौरान बलिदान दिया। साथ ही उन्होंने इसे सैनिकों की निष्ठा और अदम्य साहस से जुड़ने का एक माध्यम भी बताया। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर इस पुस्तक में उन 100 अधिकारियों, नाविकों, वायुसैनिकों और अन्य सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को संकलित किया गया है, जिन्होंने इस ऑपरेशन में हिस्सा लिया था। राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक अभूतपूर्व सफलता बताया, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को चार दिनों के भीतर ही युद्ध विराम के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान से अब तक लड़े गए अन्य सभी युद्धों से अलग था। यह किताब जान-बूझकर आधिकारिक सैन्य इतिहास-लेखन की परंपराओं से हटकर लिखी गई है। यह किताब जवानों के असली अनुभव को फिर से सामने लाने की एक कोशिश है। पुस्तक में तीनों सेनाओं के साथ-साथ मुख्यालय और इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के अनुभवों को भी शामिल किया गया है। इसमें लड़ाकू पायलट, नौसेना के वॉचकीपर, जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल के क्रू, स्पेशल फोर्स के ऑपरेटर, सिग्नलर, लॉजिस्टिशियन, मेडिकल ऑफिसर और उन संयुक्त व एकीकृत संगठनों के जवान शामिल हैं, जो पूरे ऑपरेशन को एक सूत्र में पिरोते हैं। इस पुस्तक का संकलन चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के मार्गदर्शन में किया गया है। समारोह में सीडीएस जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और वायु सेना प्रमुख ● शेष पेज 11 पर

## अगले दो वर्षों में देश का सीमावर्ती क्षेत्र दुश्मनों से हमेशा के लिए सुरक्षित हो जाएगा : अमित शाह

**एजेंसी**



❒ बीएसएफ के 60वें वर्ष पर अमित शाह का विजन, बनेगा 'चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड'

भुज। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज में कहा कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है और अगले दो वर्षों में देश का सीमावर्ती क्षेत्र दुश्मनों की बुरी नजर से हमेशा के लिए सुरक्षित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, मजबूत सुरक्षा ढांचे और बीएसएफ जवानों के पराक्रम के बल पर भारत की सीमाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है।

कच्छ के भुज क्षेत्र में आज सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि सरक्रीक और भुज क्षेत्र में बीएसएफ के जवान चट्टान की तरह सीमा की रक्षा कर रहे हैं। उनके साहस, समर्पण और सतर्कता के कारण इस क्षेत्र के लोग सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने सीमा सुरक्षा के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहने दी है। आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे सीमा सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में वॉच टावरों का निर्माण किया गया है और कई बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) को ग्राउंड लेवल से ऊपर उठाकर अधिक सुरक्षित बनाया गया है। इन प्रयासों से जवानों की कार्यक्षमता बढ़ी है और निगरानी व्यवस्था अधिक प्रभावी हुई है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ अपनी स्थापना के 60वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। ● शेष पेज 11 पर

# माल परिवहन में गुणवत्ता और सुरक्षा सुधार के लिए आरडीएसओ की पहल

❒ 'फाउंड्री, वैगन निर्माण एवं माल सुरक्षा अवयवों में नवाचार 2026' विषय पर एक सेमिनार आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । आरडीएसओ, लखनऊ द्वारा आईआरएसईए लखनऊ चैप्टर के सहयोग से 'फाउंड्री, वैगन निर्माण एवं माल सुरक्षा अवयवों में नवाचार 2026' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया।

इस सेमिनार में वैगन निर्माता, फाउंड्री उद्योग, बोगी एवं कपलर निर्माता, माल परिवहन संचालक तथा रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में माल ढुलाई रोलिंग स्टॉक अवयवों में तकनीकी उन्नयन, गुणवत्ता सुधार एवं सुरक्षा संवर्द्धन जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।सेमिनार को संबोधित करते हुए श्री प्रभास दनसाना, महानिदेशक, आरडीएसओ ने कहा कि वैगन निर्माता, अवयव निर्माता तथा माल परिवहन संचालक भारतीय रेल के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं, जो देश की माल परिवहन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं परिचालन दक्षता में सुधार हेतु भारतीय रेल एवं उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल बेहतर, तेज एवं अधिक लागत-प्रभावी माल परिवहन संचालन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आरडीएसओ एवं उद्योग जगत के संयुक्त प्रयासों से निकट भविष्य में रेल की माल परिवहन हिस्सेदारी को 45 प्रतिशत तक बढ़ाने का राष्ट्रीय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। श्री दनसाना ने कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य माल वैगन अवयवों से संबंधित नवीन तकनीकों, निर्माण संबंधी चुनौतियों, परिचालन अनुभवों एवं गुणवत्ता सुधार उपायों पर विचार-विमर्श हेतु एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।उन्होंने हाल की पहलों का उल्लेख करते हुए बताया कि आरडीएसओ द्वारा एड्ट्गठउ बोगी एवं सेंटर बफर कपलर अवयवों की विनिर्देशों में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं। इनमें बेहतर धातुकर्म, उन्नत हीट-ट्रीटमेंट प्रक्रियाएं, स्वचालित कोर उत्पादन, कड़े निरीक्षण तंत्र तथा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बेहतर सतह गुणवत्ता शामिल हैं। उन्होंने आगे बताया कि अवयवों की विश्वसनीयता एवं जीवनचक्र प्रदर्शन को बेहतर बनाने हेतु अनिवार्य मैग्नेटिक पार्टिकल परीक्षण, अधिक सटीक आयामी सहनशीलता, एगए मशीनिंग आवश्यकताएं तथा बेहतर ट्रेसबिलिटी मार्किंग लागू की गई हैं। निरंतर गुणवत्ता सुधार पर बल देते हुए महानिदेशक, आरडीएसओ ने ऑटोमेशन, सिमुलेशन आधारित कास्टिंग डिजाइन, डिजिटल गुणवत्ता निगरानी, उन्नत धातुकर्म तथा प्रक्रिया विश्लेषण जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# विधायक चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, छोटी गलियां बनीं जाम का नया रास्ता

❒ पिछले चार दशको से चल आ रही सड़क चौड़ीकरण की मांग, लेकिन अश्वासन की सिवाय कुछ नही

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट, लखनऊ । राजधानी लखनऊ के चिनहट स्थित विधायक चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। सोमवार शाम एक बार फिर यहां भीषण जाम लग गया, जिससे हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति इतनी खराब हो गई कि मुख्य सड़क पर वाहन रेंगते नजर आए और लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा।

जाम से बचने के लिए बड़ी संख्या में वाहन चालक आसपास की छोटी गलियों में घुस गए, लेकिन वहां भी कुछ ही देर में लंबी कतारें लग गईं। संकरी गलियों में दोपहिया और ई-रिक्शा वाहनों के दबाव से स्थानीय लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया। कई जगह बाइक सवारों और ई-रिक्शा चालकों के बीच बहस और अफरा-तफरी की स्थिति भी देखने को मिली। स्थानीय लोगों के अनुसार विधायक चौराहा अब ट्रैफिक जाम का स्थायी केंद्र बनता जा रहा है। शाम के समय ऑफिस से लौटने वाले कर्मचारी, बाजार आने-जाने वाले लोग और भारी वाहनों का दबाव बढ़ने से हालात बेकाबू हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की पर्याप्त मौजूदगी नहीं होने के कारण व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे चल रही है। जाम के कारण एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं से जुड़े वाहन भी प्रभावित हुए। कई मरीजों और बुजुर्गों को जाम में फंसकर परेशानी झेलनी पड़ी। महिलाओं को भी घंटों रास्ते में रुकना पड़ा। वहीं स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि लगातार लग रहे जाम से व्यापार पर भी असर पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि विधायक चौराहे पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव को लेकर कई बार

## चिनहट-सतरिख रोड चौड़ीकरण सिर्फ कागजों में, धरातल पर कुछ नहीं, रोजाना जाम से जूझ रहे लोग

क्षेत्रवासियों का कहना है कि चिनहट-सतरिख रोड के चौड़ीकरण की योजना लंबे समय से चर्चा में है, लेकिन अब तक धरातल पर काम दिखाई नहीं दे रहा। सड़क संकरी होने और लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण विधायक चौराहा समेत आसपास के इलाकों में आए दिन भीषण जाम लग रहा है। लोगों का आरोप है कि चौड़ीकरण के नाम पर सिर्फ दावे किए जा रहे हैं, जबकि आम जनता रोज घंटों जाम और अव्यवस्था से जूझने को मजबूर है।

प्रशासन और ट्रैफिक विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। अवैध पार्किंग पर कार्रवाई हो तथा छोटी गलियों में भारी वाहनों और ई-रिक्शा की आवाजाही नियंत्रित की जाए।

## दुबग्गा में दर्दनाक सड़क हादसा, दरोगा की पत्नी पर लापरवाही से कार चलाने का आरोप, युवक की मौत, मासूम जिंदगी और मौत से जूझ रहा




**दुबग्गा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की जिंदगी उजाड़ दी। बाजनगर अंडरपास स्थित रॉयल रिसॉर्ट के सामने तेज रफ्तार क्रेटा कार ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साहिल नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक मासूम गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया और परिजनों ने शव सड़क पर रखकर हरदोई मार्ग जाम कर दिया।जानकारी के अनुसार शुक्रवार करीब 3:40 बजे बाइक संख्या ठध्32 क्व 8532 पैशन प्रो पर सवार साहिल पुत्र अज्जे खान निवासी अमेठिया सलेमपुर अपने साथी मोअज्जम पुत्र महताब के साथ काकोरी की ओर जा रहा था। इसी दौरान दुबग्गा से काकोरी की तरफ जा रही क्रेटा कार संख्या ठध्12 एव 6277 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि साहिल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साथ बैठा 11 वर्षीय एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल अस्पताल भेजा गया।स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक साहिल पहले ठाकुरगंज क्षेत्र के बर्फ खाना के पास किराए पर रहता था। कुछ दिन पहले ही वह अमेठिया सलेमपुर में किराए के मकान में रहने आया था। परिवार नई जिंदगी की शुरुआत की उम्मीद कर रहा था, लेकिन हादसे ने सबकुछ उजाड़ दिया।बताया जा रहा है कि हादसे के समय क्रेटा कार उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात दरोगा आकाश कुमार की पत्नी जानवी चला रही थीं। आकाश कुमार पुत्र बृजपाल निवासी भिंड काली, मुजफ्फरनगर वर्तमान में हरदोई के कोतवाली नगर में तैनात हैं और विभागीय कार्य से एसएसएफ मुख्यालय आए हुए थे। आरोप है कि कार तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही थी। जिसकी वजह से यह भीषण हादसा हुआ।घटना के बाद मृतक के परिजन अस्पताल से शव वापस घटनास्थल पर लेकर पहुंचे और सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों और स्थानीय लोगों ने हरदोई मार्ग पर जमकर हंगामा करते हुए मुआवजे और कड़ी कार्रवाई की मांग की। किसान यूनियन हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान भी मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ प्रदर्शन में शामिल रहे।मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पूरे घटनाक्रम के दौरान एसीपी काकोरी शकील अहमद, एसीपी राजकुमार सिंह, चौक इंस्पेक्टर सतीश राठौर, इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय तथा नाका इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे और हालात को नियंत्रित करने में जुटे रहे।आक्रोशित लोगों का कहना था कि यदि किसी आम आदमी की गाड़ी होती तो अब तक तत्काल गिरफ्तारी हो चुकी होती, लेकिन पुलिस विभाग से जुड़े परिवार का मामला होने के कारण कार्रवाई में नरमी बरती जा रही है। लोगों के बीच '' सैंया भए कोतवाल तो डर काहे काङ्क जैसी चर्चाएं भी सुनाई देती रहीं।पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को हर संभव मदद और निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई पूरी की जाएगी। फिलहाल पूरे इलाके में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## गेहूं लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में डीसीएम ने मारी टक्कर, किसान की मौत,एक बुजुर्ग गंभीर घायल

'**निगोहा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रायबरेली-लखनऊ हाईवे पर निगोहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई, जबकि एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। गेहूं लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र के दोस्तपुर निवासी अभय कुमार अपने बाबा स्वर्गीय शत्रोहन प्रसाद के ट्रैक्टर संख्या ठध्33क्4421 में ट्रॉली लगाकर गेहूं लादकर निगोहा स्थित उदयपुर कांटे पर बेचने जा रहे थे। ट्रॉली में उनके चाचा संतोष कुमार (44) और मायाराम (68) भी सवार थे।गुरुवार सुबह करीब चार बजे जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली निगोहा थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के आगे लालपुर गांव स्थित भारत पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार डीसीएम संख्या यूपी 32डब्लयू एन 8695 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रॉली में बैठे संतोष कुमार और मायाराम उछलकर सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान अनियंत्रित डीसीएम संतोष कुमार के ऊपर चढ़ गई, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं मायाराम गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही निगोहा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों की तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।निगोहा थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से डीसीएम ने टक्कर मार दी थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई है तथा एक अन्य घायल हुआ है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## अपना दल की नुक्कड़ सभाओं में पहुंचे लोगों को पार्टी की नीतियों से कराया अवगत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** विधानसभा मोहनलालगंज कि दाउदपुर, मदारपुर, कपेरा, हुसैनाबाद आदि ग्राम पंचायतों में अपना दल पार्टी की ओर से नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया।नुक्कड़ सभाओं में राष्ट्रीय महासचिव ने पार्टी की नीतियों से समस्त जनमानस को अवगत कराया व आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं में जोश भरा संगठन को बूथ स्तर तक पहुंचाने की अपील की।इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव ( मध्य प्रदेश के प्रभारी ) प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मंच राम कुमार पटेल ,जिला अध्यक्ष हरिओम पटेल ,जिला अध्यक्ष युवा मंच राहुल पटेल ,जिला उपाध्यक्ष मनीष पटेल , जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल पटेल , किसान मंच के जिला अध्यक्ष दिलीप पटेल , विधानसभा अध्यक्ष रामकरण रावत , राज बहादुर पटेल उपस्थित रहे।

## गुज्जर गैंग का वांछित गिरफ्तार ,पिस्टल व दो कारतूस बरामद

**लखनऊ, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** गोसाईगंज पुलिस ने क्षेत्र में 19 मई की रात एक घर पर हमला कर तीन गाड़ियां तोड़ने वाले गुज्जर गैंग के वांछित शातिर शेरा उर्फ शिवा को देर रात गिरफ्तार कर लिया।उसके कब्जे से 32 बोर की अवैध पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।20 मई को पीड़ित नीरज यादव ने थाने में तहरीर दी थी कि 19 मई की मध्य रात्रि करीब 25-30 अज्ञात लोग दो डाला और एक चार पहिया वाहन से लाठी-डंडों व रॉड से लैस होकर उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी आर-15 व अपाचे बाइक तथा स्विफ्ट डिजायर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने नीरज को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौज की और कहा हमसे पंगा लेने का नतीजा देख लिया।इसपर गोसाईगंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई थी।प्रभारी निरीक्षक डी. के. सिंह के अनुसार घटना के खुलासे के लिए दो टीमें गठित की गई थीं। 21 मई को नामजद आरोपी आजाद रावत और 24 मई को गुज्जर गैंग के 9 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।मुख्य आरोपी शेरा उर्फ शिवा पुत्र स्व. राकेश, निवासी सदरपुर करोरा, घटना के बाद से फरार चल रहा था।28/29 मई की देर रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गंगाखेड़ा अंडरपास से जौखंडी के बीच सड़क से उसे भी दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 32 बोर की एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस मिले।गिरफ्तार किया गया आरोपी शेरा उर्फ शिवा (23) शातिर किस्म का अपराधी है। उस पर लखनऊ के गोसाईगंज थाने में लूट मारपीट धमकी के चार मुकदमे झांसी के समधर थाने में पाक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराओं में एक मुकदमा और जीआरपी चारबाग में मारपीट का एक मुकदमा पहले से दर्ज है।पुलिस के मुताबिक गुज्जर गैंग क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए ऐसी वारदातों को अंजाम देता है। गैंग के अन्य फरार सदस्यों की तलाश जारी है।

# रेलवे विद्युत उपकरणों के रखरखाव और सुरक्षा मानकों पर वाराणसी में मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी । भारतीय रेल के सामान्य विद्युत एवं रेल विद्युतीकरण विभागों में विद्युत उपकरणों के संस्थापन, रखरखाव और कार्यप्रणाली के अध्ययन से जुड़ी रखरखाव अध्ययन समूह की तीसरी बैठक गुरुवार को वाराणसी मंडल के भारतेंदु सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (रेल विद्युतीकरण) रमेन्द्र कुमार तिवारी ने की।

बैठक का शुभारंभ प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंघल के साथ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधकअशीष जैन सहित रेलवे बोर्ड, आरडीएसओ, क्रिस और विभिन्न जोनों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विद्युत प्रतिष्ठानों के रखरखाव, सुरक्षा मानकों और यात्री सुविधाओं से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। इसमें विद्युत आपूर्ति, अर्थिंग, ऊंचे प्रकाश स्तंभ, स्मार्ट मीटर, स्विच, विद्युत पैनल, सौर ऊर्जा संयंत्र, लिफ्ट, एस्केलेटर और स्टेशन प्रकाश व्यवस्था से जुड़े तकनीकी पहलुओं पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने ऊर्जा दक्षता बढ़ाने के लिए पुराने उपकरणों के स्थान पर ऊर्जा दक्ष उपकरण और एलईडी लाइट लगाने पर जोर दिया। साथ ही शॉर्ट सर्किट और आग जैसी घटनाओं से बचाव के लिए नियमित रखरखाव व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। स्टेशनों पर वाटर कूलर, वातानुकूलन यंत्र, लिफ्ट और एस्केलेटर की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। बैठक में अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) को विभिन्न विद्युत उपकरणों के मानक सुनिश्चित करने के लिए नियमावली जारी करने के निर्देश दिए गए। यह बैठक 30 मई तक जारी रहेगी।

# ट्रॉमा सेंटर में अब स्ट्रेचर का इंतजार नहीं: प्रधानाचार्य: डॉ. ए.के. वर्मा

❒ प्रधानाचार्य के निर्देश ट्रामा सेंटर में नई व्यवस्था लागू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को अब स्ट्रेचर और व्हीलचेयर के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्रधानाचार्य डॉ. ए.के. वर्मा के निर्देश पर आज से मुख्य प्रवेश द्वार पर शीतल पेयजल, बैठने और पंखों की व्यवस्था के साथ स्ट्रेचर व व्हीलचेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।यह निर्णय मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ए. के. वर्मा द्वारा कल किए गए निरीक्षण के बाद लिया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों की समस्याओं को देखा था। इस पहल का उद्देश्य गंभीर मरीजों को तत्काल सहायता प्रदान करना और परिजनों को गर्मी से राहत दिलाना है।इस नई व्यवस्था के संचालन और निगरानी की जिम्मेदारी मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रो़फ़ेसर डॉ. जितेंद्र शुक्ला और एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. अनिल सिंह को सौंपी गई है। उनकी देखरेख में ट्रॉमा सेंटर के प्रवेश द्वार पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।प्रधानाचार्य डॉ. ए.के. वर्मा ने इस संबंध में कहा, ''अस्पताल में आने वाला प्रत्येक मरीज और उसका परिजन सम्मान एवं संवेदनशील व्यवहार का हकदार है। ट्रॉमा सेंटर में अक्सर गंभीर स्थिति के मरीज पहुंचते हैं, इसलिए उन्हें तत्काल सहायता मिलना आवश्यक है। शीतल पेयजल, बैठने की व्यवस्था, पंखे, स्ट्रेचर और व्हीलचेयर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।'' उन्होंने आगे कहा कि उनका प्रयास है कि मरीजों को बेहतर और मानवीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलें तथा उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।डॉ. जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि मरीजों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए भविष्य में भी ऐसे कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे।

# डिजिटल हैबिट लूप को समझे: दत्ता रोकड़े

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । ब्रह्माकुमारीज़ गोमती नगर स्थित आत्म चिंतन भवन में ल्लडिजिटल वेलनेस विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अविनाश, डी.जी. फायर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर, मेडिटेशन एक्सपर्ट एवं कॉर्पोरेट ट्रेनर दत्ता रोकड़े रहे।

दत्ता रोकड़े पिछले 18 वर्षों से व्यक्तिगत विकास, मानसिक स्वास्थ्य, मेडिटेशन एवं नेतृत्व विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। वे एक प्रतिष्ठित लेखक, पर्सनल एम्पावरमेंट कोच एवं राजयोग मेडिटेशन विशेषज्ञ हैं। उन्होंने देश की अनेक कॉर्पोरेट कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य संगठनों तथा सशस्त्र बलों के लिए प्रशिक्षण एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम संचालित किए हैं।अपने संबोधन में उन्होंने डिजिटल ओबेसिटी और मोबाइल एडिक्शन के बढ़ते प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोबाइल अब केवल एक साधारण डिवाइस नहीं रह गया है, बल्कि नोटिफिकेशन और लगातार बदलते कंटेंट के माध्यम से बार-बार हमारा ध्यान अपनी ओर खींचता रहता है। व्यक्ति दिनभर में हजारों बार knoiwngly या unknoiwngly मोबाइल को टच करता है, जिससे उसका ध्यान और मानसिक ऊर्जा प्रभावित होती है।उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया एवं शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से बदलते दृश्य मस्तिष्क को लगातार तेज बदलावों का आदी बना देते हैं। इसका प्रभाव यह होता है कि मोबाइल का उपयोग न करने पर भी व्यक्ति का मन स्थिर नहीं रह पाता और जल्दबाजी तथा ओवरथिंकिंग की प्रवृत्ति बढ़ने लगती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार डिजिटल एडिक्शन बढ़ रहा है, उसी प्रकार समाज में डिप्रेशन, मानसिक तनाव एवं आत्महत्या जैसी समस्याएं भी तेजी से बढ़ती जा रही हैं।

दत्ता रोकड़े ने ल्लडिजिटल हैबिट लूप को समझाते हुए बताया कि हमारी अधिकांश आदतें Cue, Craving, Response और ट्द्नबथन्द के चक्र में कार्य करती हैं। यदि व्यक्ति जागरूक होकर अपनी डिजिटल आदतों को समझे, तो वह मोबाइल और सोशल मीडिया के प्रभाव को नियंत्रित कर सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को मोबाइल की Digital Wellbeing" सेटिंग देखकर स्वयं का आकलन करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि हमारा मस्तिष्क एक ल्लतथास्तु मशीनङ्क की तरह कार्य करता है, जिसे जैसा प्रोग्राम किया जाता है, वैसा ही परिणाम मिलता है। इसलिए व्यक्ति को स्वयं से सकारात्मक संवाद करना चाहिए। ल्लअच्छा सोचेंगे तो अच्छा होगा और बुरा सोचेंगे तो बुरा होगा - इस विचार के माध्यम से उन्होंने सकारात्मक चिंतन एवं आत्मसंवाद के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि आज अत्यधिक डिजिटल सूचना के कारण ओवरथिंकिंग एक सामान्य समस्या बनती जा रही है। पुस्तकों का अध्ययन व्यक्ति को अपने ज्ञान और ध्यान को व्यवस्थित रखने में सहायता करता है, जबकि डिजिटल मीडिया लगातार ध्यान खींचकर मानसिक ऊर्जा को थका देता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे तथा सभी ने विषय को अत्यंत उपयोगी और वर्तमान समय की आवश्यकता बताया।

## पुलिस की तत्परता से बची युवक की जान

लखनऊ। गोसाईगंज कोतवाली की पुलिस की तत्परता से एक युवक की जान बच गई।इंस्पेक्टर डी के सिंह के अनुसार उन्हें 29 मई को जानकारी मिली की क्षेत्र के गांव भटवारा निवासी निवासी युवक राम देव (20) पुत्र गिरधारी लाल द्वारा इंस्टाग्राम पर दोपहर 12 बजे ट्रेन की पटरी पर आत्म हत्या करने की बात कही गई है। इस बात की जानकारी होते ही उप निरीक्षक भुवाल सिंह को ग्राम भटवारा भेजा गया। दरोगा जी गांव पहुंचते ही राम देव के परिजनों से मिले ।उनसे पूछ ताछ की। इसी जांच में दरोगा जी को पता चला कि कुछ लोग युवक के घर वालो को लेकर आवश्यक टिप्पणी करते थे मना करने पर उसे जान से मारने की धमकी भा देते थे। इन्ही सब बातों से क्षुब्ध होकर युवक ने आत्महत्या करने संबंधी पोस्ट इंस्टाग्राम पर डाला था। कोतवाली प्रभारी के अनुसार युवक रामदेव व उसके पिता गिरधारी लाल को कोतवाली लाया गया। युवक की काउंसिलिंग की गई जिसके बाद उसने (युवक ने) अपनी गलती स्वीकार की और दोबारा ऐसा न करने की बात कही। इस प्रकार पुलिस की तत्परता से युवक की जान बच गई। इससे पुलिस के परिजनों द्वारा पुलिस की प्रशंसा की गई।

# पार्कों के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य तेज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। नगर निगम वाराणसी शहर के पार्कों के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसी कड़ी में सिगरा स्थित शहीद उद्यान को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का कार्य जारी है। इस क्रम में शुक्रवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने शहीद उद्यान का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिए कि सौंदर्यीकरण का कार्य अगले दो माह के भीतर हर हाल में पूरा कर लिया जाए, ताकि शहरवासियों को जल्द ही एक आधुनिक और सुंदर पार्क की सौगात मिल सके। शहीद उद्यान के इस कायाकल्प पर लगभग 8.5 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। ?पार्क में बच्चों के लिए अत्याधुनिक झूले, आकर्षक फव्वारे और मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिए विशेष पाथवे का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा, पूरे परिसर में आधुनिक लाइटिंग और बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। वहीं 1.5 करोड़ रुपये की लागत से एक डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई जा रही है, जो छात्रों और ज्ञान प्रेमियों के लिए एक शांत और हाईटेक वातावरण प्रदान करेगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पी0एस0, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई- ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | PARKING-LKO-AYC-TW-185-26-1 (Parking Two-Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 27.05.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.06.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 11.06.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहॉ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1825/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## गोसाईगंज में चल रहे चेकिंग अभियान में पुलिस ने किया 60 वाहनों का चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इन डी सी पी साउथ की ओर से मिले निर्देशों के अनुसार कोतवाली गोसाईगंज में पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। गोसाईगंज बस स्टैंड से मोहनलालगंज मोड़ चले जाँच कार्य में करने वाली टीम मे शामिल एस आई अवधेश सिंह से मिली जानकारी के अनुसार 29 मई 2026 को बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चलाने 50 लोगों का चालन किया। मोटरसाइकिल पर 3 सवारी बैठाकर गाड़ी चलाने वाले 4 लोगों?का चालान किया गया। इसके अलावा बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन वाले तीन व्यक्तियों सहित 60 लोगों के चलान किए गए। दरोगा श्री सिंह के अनुसार वाहन चेकिंग अभियान पहले सुल्तानपुर रोड पर स्थित मलौली की पुलिया से आरंभ हुआ था।इस स्थान से हटकर जांच कार्य बस स्टैंड पर किया गया। उन्होंने बताया कि जांच कार्य 28 मई को भी किया गया था जिसमें 40 वाहनों पर कार्रवाई की गई थी।इस कार्य में एस आई प्रभात शुक्ला, एस आई चरण सिंह, एस आई लाल सिंह, कांस्टेबल श्याम जी के अलावा स्टॉफ के अन्य लोगों का भी सहयोग रहा।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | AUCTIONCatrgMPS |
| कार्य का विवरण | Allotment of Catering & MPS Stalls at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.05.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 08.06.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 08.06.2026 at 11:50 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदातयों द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| SN | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ADDL | 08.06.2026 at 11:30 hrs. | GMU | WOMEN |
| 2 | AYODHYA DHAM | Catg-LKO-AY-SMU-195-26-1 | AY/PF-2/3/168 | 08.06.2026 at 11:40 hrs. | SMU | |
| 3 | AYODHYA DHAM | MPS-LKO-AY-MPS-17-25-1 | AY/1/20/MPS | 08.06.2026 at 11:50 hrs. | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1819/2026

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा से भक्तिमय होगा लखनऊ

❒ जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी सुनाएंगे श्रीरामचरित, एक जून को होगा शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पूज्यपाद पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज की पावन श्रीराम कथा एक से नौ जून तक सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में होने जा रही है। कथा प्रतिदिन सायं 5 से रात्रि 8 बजे तक होगी।

यह जानकारी आयोजन समिति के संरक्षक एवं लखनऊ उत्तर के विधायक डा. नीरज बोरा ने प्रेस वार्ता में दी।उन्होंने बताया कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी महाराज देश के प्रख्यात संत, विद्वान, शिक्षाविद एवं रामानंदाचार्य संप्रदाय के वर्तमान जगद्गुरु हैं। मात्र दो माह की आयु में दृष्टि चली जाने के बावजूद उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा एवं साधना के बल पर 250 से अधिक ग्रंथों की रचना की है। उन्होंने चित्रकूट में दिव्यांगजनों के लिए समर्पित विश्वविद्यालय की स्थापना की तथा अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि प्रकरण में भी एक प्रमुख गवाह रहे हैं। राष्ट्र और संस्कृति के क्षेत्र मेंयोगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मविभूषण से सम्मानित किया है।डा. बोरा ने बताया कि कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा, रामचरितमानस का विस्तार, गुरु वंदना तथा भारद्वाज-याज्ञवल्क्य मिलन का वर्णन होगा। द्वितीय दिवस माता सती के हिमांचल गृह में प्राकट्य, तृतीय दिवस शिव विवाह, चतुर्थ दिवस श्रीराम प्राकट्योत्सव, पंचम दिवस बाललीला, विश्वामित्र आगमन एवं राम वनगमन, षष्ठम दिवस सीताराम विवाह तथा सप्तम दिवस राम वनवास, केवट संवाद एवं राम-भरत मिलन का प्रसंग होगा। अष्टम दिवस लक्ष्मण जी को उपदेश, सीता हरण एवं शबरी चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा के अंतिम दिवस 9 जून को कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। इस दौरान लंकादहन, अयोध्या आगमन, श्रीराम राज्याभिषेक उत्सव तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के समापन अवसर पर सभी श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।डा. बोरा ने बताया कि कथा से संबंधित तैयारियां युद्धस्तर पर चल रही हैं। शुक्रवार को नगर निगम, जलकल, विद्युत विभाग व अन्य सम्बंधित विभागों के साथ बैठक कर उन्हें जरुरी निर्देश दिये गये हैं। श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ वाहन पार्किंग, पेयजल, प्रकाश एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। उन्होंने लखनऊ एवं आसपास के जनपदों के श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। प्रेस वार्ता में आयोजन समिति 'उत्सव' के महामंत्री राकेश पाण्डेय, जानकीपुरम दुर्गा पूजा उत्सव के संयोजक सौरभ वन्द्योपाध्याय, श्रीश्याम परिवार के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महामंत्री रुपेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, श्यामजी अग्रवाल, अनिल गुप्ता, डा. अजय गुप्ता, ऋषि कपूर, अनुराग साहू, एस.के.गोपाल के साथ ही आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाईचारे और शानदार पुलिस व्यवस्था के बीच अदा हुई ईद-उल-अजहा की नमाज़

❒ आयोजन की कमान एसीपी काकोरी शकील अहमद की देखरेख में हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ । हरदोई मार्ग स्थित दुबग्गा छंदोइया ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज़ मंगलवार सुबह करीब 9 बजे बड़े ही शांतिपूर्ण और भाईचारे के माहौल में अदा की गई। ईदगाह परिसर में करीब 15 हजार से अधिक नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन बेहतरीन पुलिस व्यवस्था और जनता के सहयोग के चलते कहीं भी अव्यवस्था या ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को नहीं मिली।

पूरे आयोजन की कमान एसीपी काकोरी सर्कल शकील अहमद और थाना प्रभारी दुबग्गा इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बेहद मुस्तैदी और सूझबूझ के साथ संभाले रखी। दोनों अधिकारियों की सक्रियता और लगातार मॉनिटरिंग के चलते नमाजियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। ईदगाह के आसपास ट्रैफिक व्यवस्था इतनी शानदार रही कि भारी भीड़ के बावजूद यातायात पूरी तरह सुचारु बना रहा। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय की फुर्ती और सतर्कता पूरे आयोजन के दौरान साफ नजर आई। पुलिस बल लगातार लोगों को दिशा-निर्देश देता रहा और हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखा। यही वजह रही कि नमाज़ समाप्त होते ही लोग शांतिपूर्वक एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हुए अपने-अपने घरों के लिए रवाना हो गए। इस दौरान एडिशनल इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, कस्बा चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह, टीआई हरिकेश यादव और एसएसआई राकेश पटेल सहित पूरी पुलिस टीम ने भी सराहनीय भूमिका निभाई। सभी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने आपसी तालमेल और अनुशासन के साथ ड्यूटी निभाकर व्यवस्था को पूरी तरह सफल बनाया।

स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन और पुलिस का पूरा सहयोग किया, जिसके चलते ईद का यह पर्व अमन, सौहार्द और भाईचारे की मिसाल बन गया। लोगों ने पुलिस प्रशासन की व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना करते हुए सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# लखनऊ सिटी बस सेवा बाधित

❒ संविदाकर्मियों की मनमानी से जनता बेहाल, आखिर प्रशासन कब तक झुकेगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा, लखनऊ। नगर विकास विभाग के अंतर्गत संचालित लखनऊ सिटी बस सेवा शुक्रवार को अचानक प्रभावित हो गई। जब कुछ संविदा चालक एवं परिचालकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बस संचालन बाधित कर दिया। बिना पूर्व सूचना के हुए इस विरोध के चलते राजधानी के हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोग घंटों बसों के इंतजार में परेशान रहे। वहीं सरकारी राजस्व पर भी असर पड़ा।जानकारी के अनुसार, पुराने सेवाकाल वाले संविदा चालक एवं परिचालकों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में संबद्ध किए जाने की कार्रवाई चल रही है। वहीं पीएमआई परिचालकों के संबंध में प्रस्ताव पहले ही डिपो स्तर से भेजे जा चुके हैं। इसी बीच कुछ संविदाकर्मियों द्वारा प्रशासन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से विरोध प्रदर्शन किए जाने की बात सामने आई है।सूत्रों के मुताबिक, नगरीय परिवहन निदेशालय स्तर पर सेवा प्रदाता फर्म एस एस इंटरप्राइजेज के माध्यम से परिचालकों की संबद्धता की प्रक्रिया शुरू होने के बाद कुछ संविदा चालक-परिचालकों ने विरोध शुरू कर दिया। डिपो अधिकारियों ने पुलिस बल की मौजूदगी में बसों की आउट शेडिंग कराने का प्रयास किया। लेकिन प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने बसों के आगे खड़े होकर संचालन रोक दिया और नारेबाजी की।विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ कर्मचारियों द्वारा अधिकारियों पर आरोप लगाए गए। प्रशासनिक स्तर पर मामले को शांत कराने की कोशिश जारी रही। संचालन बाधित करने वालों में महेंद्र सिंह, मुकेश कुमार गौतम, विष्णु कुमार, सूरज सैनी, महेंद्र प्रताप, प्रभात मौर्या, अभिषेक सिंह एवं अभिषेक चंदेल के नाम चर्चा में आए हैं। दोनों अभिषेक संविदा परिचालक बताए जा रहे हैं। इसके अलावा राजकमल तथा तबरेज आलम के नाम भी चर्चाओं में शामिल रहे।सूत्रों के अनुसार, जिन कर्मचारियों को अब एस एस इंटरप्राइजेज के माध्यम से संबद्ध किया जा रहा है। वे पहले इस संस्था से जुड़े नहीं थे। इसी मुद्दे को लेकर कर्मचारियों में असंतोष बताया जा रहा है।पूरे घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आम जनता को बार-बार सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के बाधित होने की कीमत आखिर कब तक चुकानी पड़ेगी। नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को स्पष्ट नीति और प्रभावी कार्रवाई के जरिए ऐसी स्थितियों से निपटना चाहिए। ताकि सरकारी सेवाएं प्रभावित न हों और यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# मोहनलालगंज पुलिस ने नष्ट कराई 4200 लीटर अवैध शराब

❒ 89 अभियोगों में बरामद कच्ची व देशी शराब पर चला प्रशासनिक बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। लखनऊ ,अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहनलालगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2017 से 2025 के बीच विभिन्न अभियोगों में बरामद लगभग 4200 लीटर अवैध कच्ची एवं देशी शराब को नष्ट कराया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना परिसर में जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर की गई।सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज ज्ञानेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई।मोहनलालगंज कोतवाली में दर्ज कुल 89 अभियोगों में जब्त की गई अवैध शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान सभी आवश्यक विधिक औपचारिकताओं का पालन किया गया। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ग्राम चौकीदारों की भी मौजूदगी रही।एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एसीपी का कहना है कि इससे कानून व्यवस्था मजबूत होगी और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध शराब समाज के लिए गंभीर खतरा है। इसके निर्माण और बिक्री में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ आमजन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।इस दौरान एसीपी मोहनलालगंज ज्ञानेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक यशवंत सिंह तथा एचएम मालखाना हेड कांस्टेबल संजीव कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## चिनहट में एफ कैफ़े कर्मचारी पर जानलेवा हमला, तोड़फोड़ और नकदी गायब करने का आरोप

**लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के चिनहट कोतवाली क्षेत्र में एक एफ कैफ़े कर्मचारी के साथ मारपीट, जानलेवा हमला और दुकान में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवरिया निवासी फूल हसन वर्तमान में चिनहट कोतवाली रोड स्थित एक एफ कैफ़े में सहयोगी के रूप में कार्यरत हैं। आरोप है कि बीती रात करीब 10 बजे आरोपी उत्कर्ष और शुभम मौर्या मोटरसाइकिल से दुकान पर पहुंचे और खाना खाने के बाद पैसे मांगने लगे। जब पीड़ित ने पैसे देने से मना किया तो दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने अपने 4-5 अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान दुकान में तोड़फोड़ करते हुए गल्ला उठाकर फेंक दिया, जिससे उसमें रखे लगभग 10 से 15 हजार रुपये भी गायब हो गए। तहरीर के अनुसार, आरोपियों ने पीड़ित पर जानलेवा हमला करते हुए उसकी आंख फोड़ने का भी प्रयास किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। मामले में चिनहट पुलिस ने पीड़ित फूल हसन की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## बीबीडी क्षेत्र में घर गिराने पहुंचे दबंगों का हमला, मां-बेटे गंभीर घायल

**लखनऊ, चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के बीबीडी थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर दबंगों द्वारा घर गिराने और परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें महिला की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित नीतेश कुमार निवासी हाउसिंग क्षेत्र बीबीडी के अनुसार, 28 मई की शाम करीब 4 बजे पुराने विवाद को लेकर विपक्षी इन्द्रजीत पाण्डेय, वशिष्ठ कुमार दुबे और करीब 25 अन्य लोग जेसीबी मशीन लेकर उनके घर पहुंचे और मकान गिराने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए परिवार पर हमला बोल दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमले में उनके हाथ में गंभीर चोट आई, जबकि उनकी मां माया देवी के सिर पर गंभीर चोट लगने से वह मौके पर बेहोश हो गईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर बीबीडी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़ लाखों का सामान चोरी

**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चंद्रिका देवी चौकी क्षेत्र अंतर्गत मंदिर मुख्य मार्ग स्थित मल्लाहन खेड़ा प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने आंगनबाड़ी केंद्र चन्दनकुण्ड में चोरी की घटना से हड़कंप मच गया। अज्ञात चोर केंद्र का ताला तोड़कर एलसीडी टीवी, सोलर पैनल समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। चन्दनकुण्ड गांव निवासी एवं आंगनबाड़ी केंद्र में सहायक पद पर कार्यरत नीलेश बाजपेई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर उन्हें केंद्र का गेट खुला होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर केंद्र का ताला टूटा मिला और अंदर रखा सामान गायब था। चोर केंद्र में लगी एलसीडी टीवी, घड़ी, डीवीआर, कैमरों के तार तथा सोलर पैनल समेत अन्य सामान उठा ले गए।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत और नाराजगी है।

## फिल्म ''ड्रॉप आउट'' आज से सिनेमाघरों में दिखाई जाएगी

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रिलीज़ से पहले हिंदी फीचर फिल्म ''ड्रॉप आउट'' का गुरुवार को गैंगवार इंस्टीट्यूट में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ''ड्रॉप आउट'' 29 मई को देशभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। इस दौरान फिल्म ''ड्रॉप आउट'' के ट्रेलर, गीतों एवं विशेष दृश्यों का प्रदर्शन किया गया। दर्शकों ने फिल्म के विषय, प्रस्तुति और सामाजिक सरोकारों को सराहा तथा इसकी कहानी को युवाओं से जुड़ा हुआ और प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर हुई पत्रकार वार्ता में फिल्म के निर्देशक ओंकार पेठकर, निर्माता उमाशंकर यादव, एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर - विवेक यादव, कलाकार तनिष्क शर्मा, उदय सिंह और संदीप यादव मौजूद रहे। श्री यादव ने पत्रकारों को बताया कि फिल्म की शूटिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गैंगवार इंस्टीट्यूट परिसर में दो दिनों तक फिल्माया गया था। इस कारण संस्थान के विद्यार्थियों और प्रबंधन के लिए यह कार्यक्रम विशेष महत्व रखता था। फिल्म से जुड़े कई दृश्य इसी परिसर में शूट किए गए हैं, जिससे दर्शकों में फिल्म को लेकर विशेष उत्सुकता देखने को मिली।

## चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर लखनऊ एयरपोर्ट पर दिया गया श्रद्धांजलि



लखनऊ । चौधरी चरण सिंह, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, दूरदर्शी किसान नेता, स्वतंत्रता सेनानी और लेखक की 39वीं पुण्यतिथि पर लखनऊ एयरपोर्ट ने उनके अमर योगदान को नमन किया।लखनऊ अंतराष्टीय एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह आयोजन उनके जीवन के उन मूल्यों को याद करने का अवसर था, जो सादगी, सेवा और जनता के प्रति अटूट समर्पण से परिभाषित थे।चौधरी चरण सिंह ने ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने और किसानों की आवाज़ को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाने में अपना जीवन समर्पित किया। उनकी विरासत आज भी देश के विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों की प्रेरणा बनी हुई है।

# निष्क्रांत जमीन घोटाले में आरोपी बेखौफ, मुकदमे के बाद भी गिरफ्तारी नहीं

❒ हाईकोर्ट की रोक के बावजूद हुए बैनामों में अब तक नहीं हुई कार्रवाई

❒ धनबल और रसूख के दम पर बच रहे आरोपी, पीड़ित परिवार दहशत में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । निष्क्रांत घोषित जमीन के फर्जी बैनामे और कूटरचना के चर्चित मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी पुलिस कार्रवाई ठंडी पड़ती नजर आ रही है। गंभीर धाराओं और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे पीड़ित दलित परिवार में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

पीड़ित अवशीस कुमार उर्फ बऊवा ने आरोप लगाया कि मामले में शामिल लोग आर्थिक रूप से बेहद मजबूत और प्रभावशाली हैं, जिसके चलते पुलिस सख्त कार्रवाई से बच रही है। उनका कहना है कि निष्क्रांत घोषित सरकारी भूमि पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर करोड़ों रुपये की जमीन के कई बैनामे किए गए, लेकिन एफआईआर के बाद भी आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं।

पीड़ित परिवार के अनुसार विरोध करने पर लगातार धमकियां दी जा रही हैं। परिवार ने आशंका जताई कि यदि समय रहते गिरफ्तारी नहीं हुई तो आरोपी साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकते हैं और मामले को प्रभावित करने का प्रयास कर सकते हैं। परिवार ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।मामले में गाटा संख्या 712 की भूमि को वर्ष 2005 में प्रशासन ने निष्क्रांत संपत्ति घोषित किया था। इसके बाद वर्ष 2013 में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने और किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के आदेश दिए थे। आरोप है कि इसके बावजूद वर्ष 2007 से 2022 तक फर्जी दस्तावेजों और कथित कूटरचना के जरिए लगातार बैनामे होते रहे।

सूत्रों के मुताबिक अब जांच एजेंसियां पुराने बैनामों, राजस्व अभिलेखों और दस्तावेजों में हुई कथित हेराफ़ेरी की जांच कर रही हैं। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अब तक गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

### 17 साल तक चलता रहा खेल, हाईकोर्ट की रोक भी बेअसर

वर्ष 2005 में प्रशासन ने गाटा संख्या 712 को निष्क्रांत संपत्ति घोषित कर दिया था। इसके बाद 2013 में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जमीन पर यथास्थिति बनाए रखने और किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी थी। आरोप है कि इसके बावजूद 2007 से 2022 तक फर्जी दस्तावेजों और कूटरचना के जरिए लगातार बैनामे होते रहे। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर प्रतिबंधित भूमि पर इतने वर्षों तक खरीद-फरोख्त कैसे चलती रही और जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की।

### मुकदमा दर्ज, लेकिन आरोपी अब भी आजाद

गंभीर धाराओं और एससी-एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि रसूख और धनबल के चलते कार्रवाई जानबूझकर धीमी रखी जा रही है। परिवार ने आशंका जताई है कि गिरफ्तारी में देरी से आरोपी साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकते हैं और गवाहों पर दबाव बना सकते हैं। मामले में पुलिस की सुस्ती अब आम लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बन गई है।

# जिलाबदर अपराधी बकरीद पर पत्नी से मिलने पहुंचा घर, मोहनलालगंज पुलिस ने दबोचा

❒ एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह बोले- कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में जिलाबदर घोषित दो अपराधियों को चोरी-छिपे अपने घर आने की सूचना पर पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया। दोनों अभियुक्तों पर गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत जिला बदर की कार्रवाई पहले से लागू थी, बावजूद इसके बिना अनुमति जनपद की सीमा में प्रवेश करने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक बुधवार और गुरुवार की रात मोहनलालगंज पुलिस टीम कनकहा मोड़ के पास संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि फत्तेखेड़ा निवासी मोहित कुमार और सारिख खान उर्फ शारिक, जो वर्तमान में जिलाबदर चल रहे हैं, चोरी-छिपे अपने घर आए हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल गांव पहुंची और मोहित कुमार के घर के बाहर दोनों को पकड़ लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहित कुमार पुत्र स्वर्गीय जगजीवनराम निवासी फत्तेखेड़ा तथा सारिख खान पुत्र संजय खान शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में सारिख खान ने बताया कि वह बकरीद का त्योहार मनाने के लिए घर आया था, जबकि मोहित कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी से मिलने पहुंचा था। हालांकि दोनों किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति नहीं दिखा सके।पुलिस ने बताया कि मोहित कुमार के विरुद्ध संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था लखनऊ न्यायालय से बीते 17 दिसंबर 2025 से छह माह के लिए जिला निकासन आदेश जारी किया गया था। वहीं सारिख खान के खिलाफ बीते 13 मई 2026 से छह माह के लिए जिलाबदर की कार्रवाई लागू थी। इसके बावजूद दोनों द्वारा आदेश का उल्लंघन कर जनपद में प्रवेश करना उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 10 के अंतर्गत दंडनीय अपराध पाया गया।मोहनलालगंज पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।अभियुक्त सारिख खान के विरुद्ध मारपीट, धमकी, लूट, एससी-एसटी एक्ट, आईटी एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। वहीं मोहित कुमार पर भी मारपीट, आगजनी, बलवा और धमकी जैसे गंभीर मामलों के मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं।एसीपी मोहनलालगंज ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि जिलाबदर अपराधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कानून व्यवस्था बिगाड़ने या न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ अपराध और अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चला रहा है।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक निमेष दूबे, उपनिरीक्षक मंगल यादव और कांस्टेबल चंद्रमौली यादव शामिल रहे।

# ड्रेन पर कब्जों से बढ़ा जलभराव संकट

❒ नदौली में अधिकारियों ने किया निरीक्षण, किसानों ने उठाई सफाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां क्षेत्र के नदौली गांव में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या को लेकर शुक्रवार को इंटरनेशनल ड्रेन और बिजरा ड्रेन की सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों और किसान संगठन के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पैदल ड्रेन का जायजा लिया तथा समस्या के कारणों को समझा।

निरीक्षण के दौरान प्रतापगढ़ से पहुंचे अवर अभियंता मनोज सोनकर और उन्नाव के अवर अभियंता संदीप कुमार अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि नदौली क्षेत्र में ड्रेन सफाई का कार्य चल रहा है, लेकिन कई स्थानों पर किसानों द्वारा ड्रेन की जमीन पर कब्जा कर उसे खेतों में मिला लेने से पानी का बहाव बाधित हो गया है।किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को बताया कि करीब 600 मीटर तक ड्रेन का अस्तित्व समाप्त कर उसे खेतों में मिला लिया गया है। इसके चलते नदौली ड्रेन का पानी बिजरा ड्रेन तक नहीं पहुंच पाता, जिससे बरसात के दिनों में कांटा, करौंदी, मीरखनगर, नदौली, रामदासपुर समेत दर्जनों गांवों में जलभराव की गंभीर समस्या पैदा हो जाती है।अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि राजस्व विभाग द्वारा लेखपाल के माध्यम से ड्रेन की सही पैमाइश और चिन्हांकन करा दिया जाए तो विभाग तत्काल खुदाई और सफाई कार्य शुरू करा देगा। अधिकारियों ने बताया कि अवकाश होने के कारण शुक्रवार को राजस्व टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी, लेकिन शनिवार को उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज से मिलकर लेखपाल भेजने और ड्रेन की निशानदेही कराने की मांग की जाएगी। निरीक्षण के दौरान किसान नेता हरिपाल सिंह, अवधेश शुक्ला, बद्रीविशाल बाजपेई, राजेश सिंह नदौली, चंद्रपाल सिंह, कृष्ण पाल सिंह, देशराज भैरमपुर समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन से जल्द ड्रेन की सफाई और अतिक्रमण हटवाने की मांग करते हुए क्षेत्र को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने की अपील की।

# स्वस्थ किसान से ही समृद्ध भारत का निर्माण संभव : जगदीश नारायण

❒ मृदा स्वास्थ्य एवं संतुलित उर्वरक प्रयोग पर वैज्ञानिकों ने दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । कृषि विज्ञान केंद्र-२ कटिया, सीतापुर में कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि जागरण के संयुक्त तत्वावधान में ल्लसमृद्ध किसान उत्सवङ्क नामक एक दिवसीय कृषि कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 350 से अधिक प्रगतिशील किसानों, कृषि उद्यमियों, युवा कृषकों एवं महिला समूहों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्देश्य किसानों को उन्नत खेती, कृषि उद्यमिता, मृदा स्वास्थ्य, संतुलित उर्वरक प्रयोग, जैविक खेती, कृषि यंत्रीकरण एवं नई कृषि तकनीकों की जानकारी देना था, जिससे खेती की लागत घटाकर आय बढ़ाई जा सके।

कार्यक्रम में विभिन्न कृषि संस्थानों एवं कंपनियों द्वारा उन्नत बीज, जैविक उत्पाद, कृषि यंत्र एवं नई तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई गई। किसानों ने विशेषज्ञों से सीधे संवाद कर खेती से जुड़ी नवीन जानकारियां प्राप्त कीं। किसानों को कृषि में ड्रोन तकनीक एवं आधुनिक उपकरणों के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र-२ कटिया, सीतापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि लाभकारी एवं टिकाऊ खेती के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों, संतुलित पोषण प्रबंधन एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने किसानों से नवाचार आधारित खेती अपनाने का आह्वान किया। कृषि जागरण के उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश प्रमुख श्री जगदीश नारायण ने कहा कि स्वस्थ किसान ही समृद्ध भारत की आधारशिला है। उन्होंने किसानों को आधुनिक खेती, बाजार आधारित उत्पादन एवं नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने किसानों को मृदा परीक्षण एवं संतुलित उर्वरक प्रयोग के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से उर्वरकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है।

कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विशेषज्ञों एवं प्रतिनिधियों ने किसानों को उन्नत बीज, फसल सुरक्षा, प्राकृतिक खेती एवं आधुनिक कृषि प्रबंधन की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही 100 किसानों से मृदा नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए । इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी के रूप में जायडेक्स इंडस्ट्रीज एवं टीवीएस मोटर ने सहभागिता की, जबकि सहयोगी संस्थाओं के रूप में इंडो अमेरिकन हाइब्रिड सीड्स (भारत) तथा ठाकर केमिकल्स ने योगदान दिया। कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ज्ञान सहयोगी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका रही कार्यक्रम में डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. आनंद सिंह, डॉ. शिशिर कंात सिंह, डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह सहित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं 350 से अधिक संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में राहत नहीं दे रहे सोलर वाटर कूलर, उबलता पानी पीने को मजबूर लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मिश्रिख, सीतापुर। नगर पालिका परिषद मिश्रित नैमिषारण्य व्दारा लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने और शुद्ध ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कस्बा मिश्रित के तहसील चौराहा, नहर चौराहा, मछरेहटा रोड, रेलवे स्टेशन तथा महर्षि दधीचि कुंड तीर्थ समेत कई सार्वजनिक स्थानों पर लाखों रुपये की लागत से सोलर वाटर कूलर लगवाए गए थे। लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते ये सभी वाटर कूलर शोपीस बनकर रह गए हैं । भीषण गर्मी के इस दौर में जहां लोगों को ठंडे पानी की आवश्यकता है । वहीं इन वाटर कूलरों से ठंडे पानी की जगह उबलता हुआ गर्म पानी निकल रहा है। जिससे राहगीरों, श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । स्थानीय लोगों का आरोप है । कि कई बार नगर पालिका प्रशासन से शिकायत की गई । लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समांधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आए । परिणामस्वरूप लाखों रुपये की लागत से लगाए गए सोलर वाटर कूलर जनता को राहत देने के बजाय केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं । महर्षि दधीचि कुंड तीर्थ पर आने वाले श्रद्धालुओं ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि तीर्थ स्थल पर ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था न होने से उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । लोगों का कहना है । कि यदि समय रहते इन वाटर कूलरों की मरम्मत और नियमित देख रेख की व्यवस्था नहीं की गई तो सरकारी धन का दुरुपयोग ही साबित होगा । स्थानीय निवासियोंसे ने जिलाधिकारी से मांग की है । कि नगर पालिका की कार्य प्रणाली की जांच कराकर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के बिरुध्द कार्यवाही की जाय । तथा खराब पड़े सोलर वाटर कूलरों को शीघ्र सही कराकर लोगों को ठंडा एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाय ।

# करंट लगने से प्राइवेट कर्मी की मौत

❒ गौरिया चौराहे पर लगा जामसुरक्षा उपकरण न होने का आरोप, मुआवजे के आश्वासन पर शांत हुए परिजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मछरेहटा,सीतापुर। थाना मछरेहटा क्षेत्र में बिजली लाइन सही करते समय करंट की चपेट में आने से एक प्राइवेट कर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम ताजपुर निवासी आनंदराम पुत्र ब्रजलाल मछरेहटा पावर हाउस के अंतर्गत लाइनमैन के सहायक के साथ कार्य करते थे। गुरुवार सुबह करीब 9 बजे उन्हें ग्राम भउवापुर पड़री में बिजली के तार सही करने के लिए बुलाया गया था। कार्य के दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल सीतापुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद मृतक के परिवार में मातम छा गया।मृतक की पत्नी रोली देवी ने थाना मछरेहटा में तहरीर देकर मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।परिजनों का आरोप है कि आनंदराम को बिना किसी सुरक्षा किट, सेफ्टी बेल्ट और जरूरी सुरक्षा इंतजामों के बिजली के खंभे पर चढ़ाकर काम कराया जा रहा था। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए होते तो शायद उनकी जान बच सकती थी।घटना से नाराज ग्रामीणों और परिजनों ने मछरेहटा-खैराबाद मार्ग स्थित गौरिया चौराहे पर शव रखकर जाम लगा दिया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए मजिस्ट्रेट सहित कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। प्रशासनिक अधिकारियों ने काफी देर तक परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। कई घंटों तक चले हंगामे और वार्ता के बाद मुआवजा और जमीन का पट्टा दिए जाने के आश्वासन पर परिजन शांत हुए, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।

## मौसम विभाग का अलर्ट 24 घंटों के दौरान बारिश और ओलावृष्टि की संभावना

बदायूँ। सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जारी चेतावनी के अनुसार कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनकी गति 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा से लेकर 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की संभावना है। इसके साथ ही गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने के भी आसार हैं। ऑरेंज अलर्ट जिन जनपदों के लिए जारी किया गया है उनमें बदायूँ, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, कासगंज, ललितपुर, मेरठ और संभल शामिल हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें, अनाव श्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा बिजली के खंभों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें।

# 31 मई को 07 केन्द्रों पर दो पालियों में होगी बीएड प्रवेश परीक्षा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। आगामी 31 मई को आयोजित होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापकों के साथ कलेक्ट्रेट के बिस्मिल सभागार में बैठक हुई। बैठक में डीएम ने बताया कि बीएड प्रवेश परीक्षा जनपद के 07 केन्द्रों पर कुल 2993 विद्यार्थियों की परीक्षा दो पालियों में प्रातः 09 बजे से 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली 02 से 05 बजे तक होगी।

दोनो पालियों में प्रवेश परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले अभ्यर्थी का प्रवेश होगा तथा परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे बाद किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी केवल प्रवेश पत्र दो प्रति में, एक अतिरिक्त फोटो एवं एक पहचान पत्र अवश्य केन्द्र पर साथ लाएंगे। किसी भी प्रकार का मोबाइल, कैलकुलेटर या अन्य इलेक्ट्रानिक्स डिवाईस का प्रयोग नही होगा। जनपद में निर्धारित परीक्षा केंद्र जीएफ कॉलेज ब्लॉक-ए/बी, एसएस कॉलेज ब्लॉक-ए/बी, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज मुमुक्षु आश्रम, राजकीय इंटर कॉलेज और आर्य महिला पीजी कॉलेज में संपन्न होगी। डीएम ने परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न कराए के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि गंभीरता के साथ परीक्षा को संपन्न कराएं किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते, निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर कोई भी अनधिकृत व्यक्ति मौजूद न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं केन्द्र पर्यवेक्षक आदि मौजूद रहे।

# अधिक मास में 84 कोसीय परिक्रमा का जत्था पहुंचा मिश्रिख, संतों ,महंतो ने किया पंचकोसी परिक्रमा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रित , सीतापुर । अधिक मास के पावन अवसर पर धर्म एवं आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है । भगवत आराधना आश्रम जानकी कुंड के महंत श्री श्री 108 गोविन्द दास जी महाराज के तत्वाधान में संचालित 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा अपने दस पड़ाव पूर्ण करते हुए सुक्रवार को कस्बा मिश्रित पहुंच गई।

यात्रा के नगर आगमन पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने संत-महंतों का भव्य स्वागत किया । महर्षि दधीचि की तपो भूमि माने जाने वाले मिश्रित क्षेत्र में पहुंचने के बाद सभी संत-महंतों द्वारा पंचकोसी परिक्रमा प्रारंभ की गई। धार्मिक जयघोष और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने संतों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । और प्रसाद वितरित किया । परिक्रमा पथ संचालक महंत ने जानकारी देते हुए बताया कि समयाभाव के कारण इस बार मिश्रित क्षेत्र की पारंपरिक पांच दिवसीय पंचकोसी परिक्रमा आयोजित नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया है । कि संपूर्ण पंचकोसी परिक्रमा एक ही दिन में संपन्न कराई जाएगी । इसके पश्चात दूसरे दिन सभी संत-महंत एवं श्रद्धालु नैमिषारण्य पहुंचेंगे, जहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ 84 कोसीय परिक्रमा का विधिवत समापन होगा।अधिक मास में निकाली जा रही इस धार्मिक यात्रा को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु संतों के दर्शन एवं परिक्रमा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया ।

# भाजपा की कार्यशाला में गूंजा 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के, का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ 5 जून से 21 जून तक जिलेभर में होंगे 9 कार्यक्रम, एक पेड़ मां के नाम अभियान से होगी शुरुआत

लखीमपुर खीरी। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को ल्ल12 साल विश्वास के, 12 साल विकास के, 12 साल जनकल्याण केङ्क विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं पूर्व सांसद अजय मिश्रा 'टेनी' रहे, जबकि अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने की।अजय मिश्रा 'टेनी' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, राष्ट्रवाद और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को आधार बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने, नई शिक्षा नीति लागू करने, मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा नीति तथा प्रभावी विदेश नीति के चलते भारत का विश्व स्तर पर सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने बताया कि 5 जून से 21 जून तक ल्लमोदी सरकार के 12 साल बेमिसालङ्क अभियान के तहत जिलेभर में 9 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की शुरुआत विश्व पर्यावरण दिवस पर ल्लएक पेड़ मां के नामङ्क कार्यक्रम से होगी तथा समापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम के साथ किया जाएगा।जिला संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामजी मौर्य ने अभियान के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों और उनकी जिम्मेदारियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अमित सिंह ने किया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि 5 जून को वृक्षारोपण अभियान, 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं स्वच्छता अभियान, 14 से 16 जून तक जनकल्याण शिविर, 13 जून को मीडिया संवाद, 16 से 17 जून तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 से 20 जून तक प्रदर्शनी तथा 18-19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित की जाएगी।कार्यक्रम में जिला महामंत्री राजेश सिंह, मनोज वर्मा, संतोष कुमारी, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक योगेश वर्मा, किरण अग्रवाल, संदीप निगम, शरद मिश्रा, पवन गुप्ता, दिव्या सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यशाला का शुभारंभ वंदे मातरम् तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## मोतीपुर गांव में अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया ईद-उल-अज़हा का पर्व



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के हरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुर गांव में ईद-उल-अज़हा (बकरीद) का पर्व बृहस्पतिवार को पूरे धार्मिक उत्साह, अकीदत और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव में त्योहार को लेकर खास रौनक देखने को मिली। बच्चों, नौजवानों और बुजुर्गों ने नए कपड़े पहनकर, इत्र लगाकर और सज-संवर कर ईदगाह का रुख किया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने ईद-उल-अज़हा की नमाज़ अदा की। नमाज़ के दौरान हाफिज मो0 सुऐब ने इस्लाम की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आपसी भाईचारा, इंसानियत और कुर्बानी की भावना का संदेश दिया। इमाम मौलाना मो0 सुफियान ने ईदगाह में ईद उल अज़हा की नमाज़ पढ़ाई और हज़ारों की संख्या में नमाज़ अदा की, नमाज़ के बाद मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, खुशहाली और इंसानियत की सलामती के लिए विशेष दुआ मांगी गई। नमाज़ समाप्त होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

## यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए चलाया अभियान, काटे चालान




**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** यातायात व्यवस्था दुरूस्त रखने तथा अतिक्रमण व जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा ने यातायात पुलिस और नगर निगम प्रवर्तन दल के साथ जिला कारागार से अंटा चैराहा और अंटा चैराहा से बेरी चैकी तथा मालखाना मोड़ तक अभियान चलाया। इस दौरान संयुक्त टीम ने नो-पार्किंग क्षेत्र एवं सड़क पर अवैध रूप से खड़े 100 से अधिक वाहनों के खिलाफ मौके पर चालानी कार्रवाई की और स्थानीय अस्पतालों, प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के सामने सड़क पर किए गए अतिक्रमण तथा अवैध रूप से लगाए गए ठेलों को हटवाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि अस्पताल अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जहां प्रत्येक मिनट महत्वपूर्ण होता है। अतः दुकानदार अपनी निर्धारित सीमा के भीतर ही सामान रखकर व्यापार करें तथा वाहन चालक अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। सीओ यातायात शुभम वर्मा ने बताया कि जनसुविधा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के अभियान भविष्य में भी लगातार चलाए जाते रहेंगे।

# अदब की दुनिया का सितारा ढल गया- अलविदा बशीर बद्र साहब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बशीर बद्र के निधन से साहित्य जगत, उर्दू शायरी और मोहब्बत की ज़ुबान बोलने वालों के दिलों में गहरा शोक व्याप्त है

बदायूँ। उर्दू अदब और आधुनिक ग़ज़ल के सबसे चमकदार सितारों में शुमार बशीर बद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। 91 वर्ष की उम्र में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे भोपाल स्थित अपने निवास पर लंबी बीमारी के बाद उनका इंतकाल हो गया। उनके निधन से साहित्य जगत, उर्दू शायरी और मोहब्बत की ज़ुबान बोलने वालों के दिलों में गहरा शोक है। .

ग़ज़ल को आम आदमी तक पहुंचाने वाले शायर बशीर बद्र ने उर्दू ग़ज़ल को सिर्फ महफिलों और किताबों तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि उसे आम आदमी की बातचीत का हिस्सा बना दिया। उनकी शायरी में मोहब्बत, रिश्तों की नर्मी, बिछड़ने का दर्द और इंसानियत की खुशबू साफ महसूस होती थी। यही वजह रही कि उनके अशआर हर उम्र और हर तबके के लोगों की जुबान पर चढ़ गए। भारत सरकार ने उनके साहित्यिक योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री और कबीर सम्मान से नवाज़ा था। अयोध्या से अलीगढ़ तक का सफर 15 फरवरी 1935 को अयोध्या में जन्मे बशीर बद्र ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से बीए, एमए और पीएचडी की शिक्षा प्राप्त की। बाद में वे वहीं उर्दू विभाग में प्रोफ़ेसर बने और मेरठ कॉलेज में 17 वर्षों तक उर्दू विभागाध्यक्ष रहे। दंगों की आग में जली जिंदगी भर की पूंजी साल 1987 के मेरठ सांप्रदायिक दंगे ने उनकी जिंदगी बदल दी। दंगों की आग में उनका घर जल गया और उनकी कई अप्रकाशित रचनाएं हमेशा के लिए राख हो गईं। इस गहरे दर्द के बावजूद उन्होंने अपनी शायरी में नफरत नहीं, बल्कि इंसानियत और सौहार्द का पैगाम दिया। बाद में वे हमेशा के लिए भोपाल में जाकर बस गए। बीमारी से लंबी जंग पिछले कई वर्षों से बशीर बद्र डिमेंशिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। बीमारी के चलते उनकी याददाश्त काफी कमजोर हो चुकी थी और वे करीबियों को भी पहचान नहीं पाते थे। अमर हो गए उनके अशआर उनके कई शेर आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं ल्लउजाले अपनी यादों के हमारे साथ रहने दो, न जाने किस गली में ज़िंदगी की शाम हो जाए।ङ्क ल्लसात संदूकों में भर कर दफ्न कर दध नफरतें, आज इंसां को मोहब्बत की जरूरत है बहुत।ङ्क और उनका यह मशहूर शेर आज के दौर पर भी बेहद सटीक लगता है ल्लघरों पे नाम थे, नामों के साथ ओहदे थे, बहुत तलाश किया कोई आदमी न मिला।ङ्क साहित्यिक विरासत बशीर बद्र ने इकाई, इमेज, आमद, आहट, आस और कुल्लियाते बशीर बद्र जैसे महत्वपूर्ण संग्रह साहित्य जगत को दिए। उनकी ग़ज़लें देवनागरी, गुजराती समेत कई भाषाओं में प्रकाशित हुईं और अंग्रेज़ी व फ्रेंच में अनुवादित होकर दुनिया भर तक पहुंचीं। उन्हें वर्ष 1980 में न्यूयॉर्क में ल्लध्धद्गŸ धद्ब ध्न्नद्द इद्ब्ल्थन्ङ्क सम्मान भी मिला था।परिवार में पत्नी डॉ. राहत बद्र, दो बेटे नुशूर बद्र और तय्यब बद्र तथा एक बेटी हैं। उनका अंतिम संस्कार भोपाल में किया जाएगा। उर्दू अदब का यह चमकता सितारा भले ही आज हमसे दूर चला गया हो, लेकिन उसकी शायरी हमेशा मोहब्बत, इंसानियत और सौहार्द की रोशनी बिखेरती रहेगी।

# नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस ने नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीती 28 मार्च को एक महिला ने थाना तिलहर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि क्षेत्र के गुरगवां कालोनी निवासी अंकुर सिंह उर्फ धर्मवीर सिंह ने उसको कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक संबंध बनाए और उसका वीडियो बनाया।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हुए कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया और उससे रूपया लिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना तिलहर क्षेत्र के गुरगवां कॉलोनी निवासी अंकुर सिंह के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुल्तानपुर गांव की पुलिया के पास से आरोपी अंकुर सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी अंकुर सिंह को न्यायालय में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के साथ उपनिरीक्षक रमेश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेवल संजीव कुमार, रिक्रूट कास्टेवल आशीष कुमार मौजूद रहे।

## पुलिस से गाली-गलौज व फायरिंग करने का एक आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना तिलहर क्षेत्र में आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत का निस्तारण करने पहुंची पुलिस से गाली-गलौज व फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना तिलहर में तैनात दरोगा गौरव कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार को वो हमराही हेड कास्टेवल भारतमणि के साथ क्षेत्र के गांव बंधीचक में आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत की जांच करने गए थे। इस दौरान गांव के नकुल और उसके भाई गुड्डू ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए उनके साथ गाली-गलौज करते हुए धमकाया। सरकारी दस्तावेज की डायरी छीनकर फाड़ दी और जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। थाने में आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। आज तिलहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त नकुल पुत्र जगवीर को हाइवे किनारे कटरा की ओर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा और दो जिन्दा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने अभियुक्त को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है और उसके फरार भाई गुड्डू की तलाश में है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना तिलहर के प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा के साथ निरीक्षक अपराध सुनील कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## इग्नू अध्ययन केंद्र में जुलाई 2026 सत्र के प्रवेश शुरू, 15 जुलाई तक करें आवेदन

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र 47043, राजकीय महाविद्यालय बदायूं के अंतर्गत जुलाई 2026 सत्र के लिएविभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। अध्ययन केंद्र की ओर से विद्यार्थियों को समय पर प्रवेश लेने तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पूर्ण करने की अपील की गई है। अध्ययन केंद्र समन्वयक डॉ. संजीव राठौर ने बताया है कि इग्नू द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, प्रमाणपत्र तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए यह अवसर दिया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी पाठ्यक्रमों में आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। अभ्यर्थी इच्छानुसार पाठ्यक्रम का चयन कर निर्धारित तिथि तक पंजीकरण कर सकते हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

❐ बैठक के दौरान जनपद के उन 197 विद्यालयों की समीक्षा की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ऑनलाइन मॉड्यूल के अनुसार निर्धारित समस्त 19 पैरामीटरों की संतृप्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान जनपद के उन 197 विद्यालयों की समीक्षा की गई, जिनके ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 145 विद्यालयों में विस्थापन एवं संबंधित कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष विद्यालयों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अवशेष विद्यालयों का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए तथा जिन विद्यालयों में कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका तत्काल सत्यापन सुनिश्चित कराया जाए।विद्यालयों में विद्युत संयोजन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत विद्यालयों में विद्युत संयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में जनपद में संचालित नवीन के0जी0बी0वी0 (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय) के उच्चीकरण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत परियोजनाओं का निरीक्षण कराकर विभाग को विधिवत हैंडओवर कराया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से संबंधित आधारभूत सुविधाओं के विकास में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, एआरटीओ उमेश कटियार, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधान सारंगपुर के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ विकास कार्यों में प्रथम दृष्टया छत्तीस लाख छह हजार सात सौ दो रुपये ( 3606702.00) की वित्तीय अनियमितता पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा की गयी कार्रवाई

❐ जिलाधिकारी द्वारा मामले की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी गई

बहजोई, सम्भल। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता सोमपाल पुत्र खुशीराम एवं अन्य ग्रामीणों, निवासी ग्राम पंचायत सारंगपुर, विकास खण्ड पवांसा द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत सारंगपुर की ग्राम प्रधान रामवती द्वारा ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में अनियमितताएं की गई हैं।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा मामले की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपी गई तथा तकनीकी मूल्यांकन हेतु सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को नामित किया गया। जांच अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत आख्या के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 95(1)(छ) के अंतर्गत ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा एक पक्षीय समयावधि के भीतर उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम प्रधान द्वारा दिनांक 11 मई 2026 को अपना उत्तर प्रस्तुत किया गया। कार्यालयीय आख्या के अनुसार ग्राम प्रधान का उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया। वर्क आईडी से संबंधित कार्य का अभिलेखीय/ स्थलीय परिक्षण में वित्तीय,प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृतियों के प्रपत्र, टेण्डर,कुटेशन,संबंधित प्रपत्र,बिल वाउचर आदि कोई भी प्रपत्र / अभिलेख उपलब्ध नहीं पाये गये।जांच में यह पाया गया कि शासकीय कार्यों के सापेक्ष भुगतानित धनराशि कुल ?36,06,702.00 (छत्तीस लाख छह हजार सात सौ दो रुपये) की प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता की गई है। इसके लिए ग्राम पंचायत सारंगपुर की ग्राम प्रधान एवं तत्कालीन ग्राम सचिव को उत्तरदायी/दोषी पाया गया।

जांच में यह भी पाया गया कि ग्राम प्रधान द्वारा जनता द्वारा निर्वाचित होने के उपरांत पंचायत राज अधिनियम के अनुरूप अपेक्षित मानकों के अनुसार कार्य न करते हुए अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा 95(1)(छ) के प्रतिबंधात्मक प्रावधानों तथा उत्तर प्रदेश पंचायती राज (प्रधानों, उपप्रधानों एवं सदस्यों को हटाया जाना) जांच नियमावली, 1947 यथा संशोधित नियमावली-2001 के नियम-5 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सारंगपुर, विकास खण्ड पवांसा के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित कर दिए गए हैं।

साथ ही प्रकरण की अंतिम जांच हेतु उपनिदेशक कृषि, सम्भल एवं अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सम्भल को अंतिम जांच अधिकारी नामित करते हुए शीघ्र जांच पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# भव्य झाँकियों की शोभायात्रा में जमकर झूमें भक्तगण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। तहसील क्षेत्र के यज्ञ तीर्थ ग्राम गुधनी में आयोजित यज्ञ महोत्सव 2026 का शुभारंभ गुरुवार को भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ। सुप्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप के निर्देशन में निकाली गई शोभा यात्रा में धार्मिक झांकियों, वैदिक मंत्रोच्चार और वृक्ष वितरण ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर 500 वृक्ष सजाकर रखे गए थे। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अंबियापुर रेखा भारती, ब्लॉक प्रमुख समरेर श्रद्धा सक्सेना, धीरज सक्सेना एवं एआरएम खुर्जा राजेंद्र सिंह ने महिलाओं और बेटियों को अपने हाथों से वृक्ष वितरित किए। सभी महिलाओं और बेटियों ने इन वृक्षों को अपने घरों में लगाने का संकल्प लिया। शोभा यात्रा में सबसे आगे बैंड-बाजे के साथ भजन गूंज रहे थे। इसके पीछे महर्षि दयानंद सरस्वती की आकर्षक झांकी निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु हाथों में सत्यार्थ प्रकाश लिए हुए चल रहे थे। इसके बाद यज्ञ रथ पर वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जा रहा था। भारत माता और शबरी की झांकियों ने भी लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। सैकड़ों महिलाएं और बेटियां हाथों में कलश और वृक्ष लेकर शोभा यात्रा में शामिल हुईं। वहीं, व्यायाम शिक्षक आचार्य प्रशांत जी के निर्देशन में आर्य वीर दल और आर्य वीरांगना दल के बच्चों ने जगह-जगह रुककर व्यायाम एवं साहसिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए।शोभा यात्रा गुधनी और खौसारा गांव से होकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची।

# सीतापुर में मौसम अलर्ट को लेकर प्रशासन सख्त, डीएम ने जारी किए कड़े निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ आंधी-तूफान और भारी बारिश से निपटने को जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर

सीतापुर । माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में जनपद में संभावित प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों/भारी वर्षा/आँधी-तूफान/अतिवृष्टि/ आकाशीय बिजली आदि के दृष्टिगत जनसामान्य की सुरक्षा, जनहानि एवं संपत्ति की क्षति को रोकने तथा त्वरित राहत एवं बचाव कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु निम्न निर्देश निर्गत किए गय हैं, जिसमें समस्त संबंधित विभाग मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान एवं चेतावनियों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा प्राप्त अलर्ट के अनुसार त्वरित कार्यवाही करें। जनपद स्तरीय नियंत्रण कक्ष/आपदा नियंत्रण कक्ष को पूर्ण सक्रिय अवस्था में रखा जाए तथा 247 मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक एहतियाती व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। पुलिस, स्वास्थ्य, विद्युत, सिंचाई, लोक निर्माण, नगर निकाय, राजस्व, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन एवं अन्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र (त्मेचवदेम डमबींदपेउ) को सक्रिय रखें। संभावित जलभराव, वृक्ष गिरने, विद्युत पोल/तार क्षतिग्रस्त होने, सड़क अवरोध, भवन क्षति अथवा अन्य आपदा संबंधी घटनाओं से निपटने हेतु आवश्यक संसाधन एवं मानवबल अग्रिम रूप से उपलब्ध रखा जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आवश्यक दवाइयाँ, प्राथमिक उपचार सामग्री, एम्बुलेंस एवं आपात चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। नगर निकायों द्वारा जल निकासी व्यवस्था, नालों की सफाई, जलभराव वाले क्षेत्रों की निगरानी तथा कमजोर/क्षतिग्रस्त संरचनाओं, होर्डिंग्स आदि के संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विद्युत विभाग द्वारा जर्जर विद्युत तारों, पोलों एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आपातकालीन मरम्मत दलों को सक्रिय रखा जाए।

## जिलाधिकारी ने किया ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण

**सम्भल, बहजोई, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल द्वारा सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाऊस की साफ़ सफाई एवं अग्निशामक यंत्रों, सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरे एवं लॉग बुक आदि सभी व्यवस्थाओं को चेक किया। जिलाधिकारी ने कक्षों को चेक किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल निधि पटेल एवं तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट

कोतवाली महराजगंज
क्षेत्राधिकारी मो.नं.-9454401515
प्रभारी निरीक्षक मो.नं.-9454404139

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मुडू का पूरवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुडू का पूरवा निवासी युवराज वहेलिया पुत्र राम कुमार ने थाना महराजगंज में दी गई तहरीर में बताया कि 28 मई 2026 की शाम करीब 8:50 बजे वह गांव में सजीवन वैश्य की दुकान के सामने मौजूद था। इसी दौरान गांव के ही जावेद खान, इमरान, बबलू, दीपक तथा बाबुन ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली–गलौज करते हुए लाठी, डंडा और बेल्ट से हमला कर दिया।पीड़ित ने बताया कि बीच–बचाव करने पहुंचे राज पुत्र हरिलाल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। घटना के दौरान शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।मामले को गंभीरता से लेते हुए महराजगंज पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दलित उत्पीड़न समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शांति भंग की आशंका में जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है।

## रायबरेली महायोजना–2031 एन0आई0सी0 की वेबसाइट पर अपलोड

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने जानकारी देते हुए बताया कि जन सामान्य की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायबरेली महायोजना–2031 को रायबरेली एन0आई0सी0 की वेबसाइटhttps://raebareli.nic.in/ पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आमजन, संबंधित विभागों, संस्थाओं एवं हितधारकों द्वारा महायोजना का अवलोकन ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। इससे नगर के सुनियोजित विकास, आधारभूत संरचनाओं के विस्तार तथा भविष्य की विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने में सुविधा होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि महायोजना–2031 जनहित एवं शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। इसके माध्यम से आवासीय, व्यावसायिक, औद्योगिक एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमि का नियोजित विकास सुनिश्चित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे एनआईसी वेबसाइट पर उपलब्ध महायोजना का अवलोकन करें तथा आवश्यक जानकारी प्राप्त करें।

## गौशालाओं में अव्यवस्थाओं पर डीएम सख्त, लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज विकास खण्ड कसमण्डा ग्राम पंचायत अलोइया के श्री कान्हा अस्थाई गौशाला तथा ग्राम पंचायत रेउरी के भारत अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत रेउरी के भारत अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुये गौवंशों की संख्या की जानकारी प्राप्त की एवं केयर टेकरों से वार्ता की। पशुओं हेतु हरे चारे, भूसा, पानी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें कमियां पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये वी0ओ0 पर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित को दिये। जिलाधिकारी द्वारा नांद की संख्या कम पाये जाने एवं अत्यन्त गंदगी एवं अन्य कमियां पाये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी को जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुये कार्यों में गम्भीरता न होने पर निलम्बित करने के निर्देश दिये। साथ ही जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा को सही ढंग से निगरानी न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि पुनः निरीक्षण पर यदि कमियां पायी गयीं तो कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विकास खण्ड कसमण्डा ग्राम पंचायत अलोइया के श्री कान्हा अस्थाई गौशाला पहुंचकर गौवशों की संख्या की जानकारी लेते हुये हरा चारा एवं भूसा के भण्डारण कक्ष को देखते हुये रजिस्टरों का भी अवलोकन करते हुये रजिस्टर में त्रुटियां पाये जाने पर वी0ओ0 पर अनुशासनिक कार्यवाही, ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा कार्यों में लापरवाही, गौशाला में गंदगी एवं अन्य कमियां पाये जाये पर ग्राम पंचायत अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के साथ ही खण्ड विकास अधिकारी का अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरित न किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड कसमण्डा की दोनों गौशालाओं में कमियां पाये जाने पर व निरीक्षण न किये जाने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# 251 नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

❐ 620 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गये स्मार्ट फोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। विधानसभा ऊँचाहार के अंतर्गत नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा सिविल लाइन स्थित सूर्या होटल में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उ0प्र0 सरकार डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जगतपुर दल बहादुर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता उपस्थित रही।

मंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा ऊँचाहार क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड डलमऊ, दीनशाहगौरा, ऊंचाहार, जगतपुर एवं रोहनियां की 03-03 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। जिसमें विधानसभा ऊंचाहार के अन्तर्गत विकास खण्ड डलमऊ की 103, दीनशाहगौरा 25, ऊँचाहार 73, जगतपुर 18 एवं रोहनियां 32 कुल 251 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं विकास खण्ड डलमऊ की 196, दीनशाहगौरा 106, ऊँचाहार 147, जगतपुर 100 एवं रोहनियां 71 कुल 620 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन से लाभान्वित हुई। मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर केवल नियुक्ति पत्र एवं स्मार्ट फोन वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण, बाल विकास एवं डिजिटल सुशासन की दिशा में प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने नव नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रही हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र केवल बच्चों के पोषण और शिक्षा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह समाज के भविष्य को मजबूत बनाने की आधारशिला हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा बच्चों के प्रारंभिक विकास में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री राष्ट्र के लिए नव सृजन व नव निर्माण का कार्य कर रही है, बच्चों व महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में सेतु का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं माताओं का बेहतर स्वास्थ्य ही एक मजबूत और विकसित समाज की नींव है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण हेतु अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

# बारिश के मौसम में हर वर्ष जलभराव की समस्या से जूझ रहे हजारों किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। बारिश के मौसम में हर वर्ष जलभराव की समस्या से जूझ रहे हजारों किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। जिले की महत्वपूर्ण खण्ड-45 मूंगताल ड्रेन की वर्षों से लंबित सफाई का कार्य आगामी जून माह से शुरू कराया जाएगा। यह आश्वासन जिलाधिकारी सरनजीत कौर ब्रोका ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह को दिया है। आपको बता दें कि, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह ने हाल ही में जिलाधिकारी से मुलाकात कर क्षेत्रीय किसानों की गंभीर समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि, कई वर्षों से मूंगताल ड्रेन की समुचित सफाई न होने के कारण बरसात के दिनों में आसपास के गांवों की हजारों बीघा धान की फसलें जलमग्न हो जाती है। जलनिकासी बाधित होने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और कई किसान बर्बादी के कगार पर पहुंच जाते हैं। जन्मेजय सिंह ने डीएम को अवगत कराया कि, यदि समय रहते ड्रेन की सफाई नहीं कराई गई, तो आगामी मानसून में स्थिति और विकराल हो सकती है। किसानों की पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी सरनजीत कौर ब्रोका ने तत्काल सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रमाशंकर राय से वार्ता की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। भाजपा नेता ने बताया कि, डीएम ने उनके समक्ष ही विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक तय कर दी और दो दिन बाद इस संबंध में समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। इसके बाद बुधवार को जन्मेजय सिंह ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता तथा एसडीओ केके चौहान से भी मुलाकात की। इस दौरान अधिकारियों ने जानकारी दी कि, ड्रेन सफाई कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया तेजी से पूरी की जा रही है और एक सप्ताह के भीतर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएंगी। अधिशासी अभियंता ने भरोसा दिलाया कि, जून माह से मूंगताल ड्रेन की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर शुरू करा दिया जाएगा।

# बीएड प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ शांतिपूर्ण व पारदर्शी आयोजन के निर्देश31 मई को होगी संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा, 6 केंद्रों पर कड़ी निगरानी

सीतापुर । उत्तर प्रदेश संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026-28 दिनांक 31 मई 2026 को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की समस्त तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए।

बैठक में बताया गया कि जनपद में संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 06 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने हेतु शासन द्वारा निर्गत समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अव्यवस्था स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें। बैठक में केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व सभी परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर लिया जाए तथा बैठने की व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में रखे जाएं तथा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर क्लॉक रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे अभ्यर्थी अपने बैग, मोबाइल फोन एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री सुरक्षित रूप से जमा कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्लॉक रूम व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित हो तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

बैठक में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं गोपनीयता के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि प्रश्नपत्रों को पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाए तथा परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य गोपनीय सामग्री को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित रूप से जमा कराया जाए। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए गए।

पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों के आसपास सतत गश्त की व्यवस्था रखी जाए। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि परीक्षा दिवस पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। परीक्षा केंद्रों के आसपास जाम की स्थिति उत्पन्न न होने पाए, इसके लिए आवश्यक यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को परीक्षा अवधि के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक चिकित्सा सहायता एवं आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अग्निशमन विभाग को भी आवश्यक सतर्कता बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी के उपरांत ही प्रवेश दिया जाए तथा मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहें। परीक्षा केंद्रों पर अनुशासन एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैंक से काम निपटाकर घर लौट रही महिला ई–रिक्शा पलटने से सड़क हादसे का हुई शिकार

चंदापुर, रायबरेली। मऊ स्थित बैंक से काम निपटाकर घर लौट रही एक महिला ई-रिक्शा पलटने से सड़क हादसे का शिकार हो गई। डेपारमऊ गांव के निकट इन्हौना रोड पर ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार महिला उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद अज्ञात चालक मौके से ई-रिक्शा लेकर फरार हो गया। आपको बता दें कि, जानकारी के अनुसार डेपारमऊ गांव निवासी श्यामा देवी (40) पत्नी सोभे पासी शुक्रवार की सुबह मऊ बैंक गई थीं। बैंक का कार्य पूरा करने के बाद वह सवारियों से भरे ई-रिक्शा से वापस अपने गांव डेपारमऊ लौट रही थीं। इसी दौरान गांव के किनारे इन्हौना रोड पर अचानक ई-रिक्शा का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गया। हादसे में श्यामा देवी ई-रिक्शा के नीचे दब गईं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल महिला को बाहर निकाला और डायल 112 पुलिस तथा एम्बुलैंस को सूचना दी। कुछ ही देर में पहुंची एम्बूलैंस की सहायता से घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के तुरंत बाद ई-रिक्शा चालक घबराकर वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

# गोंडा रेलवे स्टेशन पर धड़ल्ले से बेची जा रहीं अधोमानक पानी की बोतलें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**रेलवे नीर की एक ली.बोतल का अनाधिकृत वेंडर 14 के बजाय वसूल रहे 20 रुपए**

**फाइव स्टार व अन्य अधोमानक पानी की बोतलों का चल रहा गोरखधंधा जिम्मेदार बने अंजान**

गोंडा । आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विख्यात गोंडा जंक्शन पर इन दिनों अधोमानक पानी की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है,जबकि रेलवे के उच्चाधि कारियों द्वारा सख्त निर्देश है कि रेलवे स्टेशन और गाड़ियों में किसी भी दशा में अधोमानक पानी की बिक्री न होने पाए। उच्च अधिकारियों के इस फर मान के बाद भी गोंडा रेलवे स्टेशन पर पानी की बिक्री पर रोक लगा पाना रेलवे अधिकारियों के समक्ष एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। अनाधि कृत वेंडर अधोमानक पानी महंगे दामों में स्टेशन पर धड़ल्ले से बेच रहे हैं।यह स्थिति रेलवे के आंक ड़ों से ही आसानी से देखी जा सकती है।लखनऊ-गोरखपुर के बीच स्थित पूर्वोत्तर रेलवे के आदर्श गोंडा जंक्शन पर खुलेआम अधिक दामों पर खाद्य पदार्थ और अधोमानक पानी की बोतलें बेची जा रही हैं। यहां रेलवे नीर की एक लीटर की बोतल 14 के बजाय 20 रुपए में बेची जा रही है।इतना ही नहीं, नियम को दरकिनार कर फाइव स्टार व अन्य कंपनियों की अधोमानक पानी की बोतलें यात्रियों को 20 रुपए में खुलेआम बेची जा रही हैं, जिन्हें कोई रोकने टोकने वाला नहीं है।जब आम्र पाली एक्सप्रेस,अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन गोंडा रेलवे

स्टेशन पर रूकी तो अधिकृत व अनधिकृत वेंडर दौड़ पड़े।द्रएक यात्री ने पानी की बोतल मांगी तो अनधिकृत वेंडर द्वारा उसे फाइव स्टार कंपनी की बोतल थमा दी गयी और उससे बीस रुपए लिया गया।दूसरे कोच यात्रा कर रहे एक युवक से वेंडर ने रेलवे नीर की एक लीटर की बोतल के बदले 20 रुपए ले लिया। यात्री राजेश ने बताया कि उसने वेंडर से रेल नीर की बोतल ली, जिस पर उसने 14 के बजाय जबरन 20 रुपए ले लिया।एक यात्री ने बताया कि उससे कोल्डड्रिंक का 10 रुपए ज्यादा लिया गया।उसने बताया कि जब इस बारे में वेंडर से पूछा तो उसने कहा कि अतिरिक्त 10 रुपये को ल्ड ड्रिंक को ठंडा करने के ले रहे हैं। इसी स्टेशन पर रेल नीर की एक लीटर की बोतल 14 की ब जाय 20 रुपये में बेचे जाने की शिकायत पिछले दिनों 'एक्स' (ट्विटर) के जरिए की जा चुकी है। गोण्डा जंक्शन पर चाय की भी अतिरिक्त कीमत लिए जाने की शिकायत है।हद तो यह है कि पिछ ले दिनों रेल नीर की एक लीटर पानी की बोतल का दाम 14 की बजाय 20 रुपए लिए जाने को लेकर यात्रियों और वेंडरों व अनधिकृत वेंडरों से झड़प हो रही है। मनबढ़ और बेलगाम अधिकृत तथा अनधिकृत वेंडर यात्रियों से हाथापाई भी हो ती रहती है,लेकिन रेलवे व आरपीएफ के जिम्मेदा र अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है हालांकि जिम्मेदार अधिकारियों का कह ना है कि लगातार ट्रेनों में अभियान चलाकर चेकिं ग और छापेमारी की जा रही है,जिसमें अलग-अल ग तिथियों में सैकड़ों बोतल अधोमानक पानी बरा मद किया जा चुका है। चेकिंग और छापेमारी के बावजूद भी अधोमानक पानी की बिक्री पर अंकुश लगाने में रेलवे की टीम नाकाम साबित हो रही है।

### अनाधिकृत वेंडरों को विभागीय संरक्षण !

रेलवे अधिकारियों की सख्ती के बावजूद खुलेआ म स्टेशन पर अधोमानक पानी की बिक्री नियम कानून को धता बताकर की जा रही है।यही नहीं, गत माह रेलवे के उच्च अधिकारियों की तरफ से विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश जारी किए गए थे।डीसीआई से लेकर कई अधिकारियों को इस टीम में शामिल किया गया था।टीम को गा ड़ियां भी आवंटित की गई थीं।इसके बाद भी ट्रेनों में चेकिंग होती रही और अधोमानक पानी बेचने वाले बिक्री करते रहे।अनाधिकृत वेंडरों की सक्रिय ता के चलते अब रेलवे अफसरों के भी हौसले प स्त होते दिखाई पड़ रहे हैं।इसका कारण यह भी बताया जा रहा है कि बार-बार छापेमारी के दौरान पकड़े जाने के बावजूद भी अनाधिकृत वेंडर उसी मनोबल के साथ इस कार्य में लिप्त देखे जा रहे हैं। जानकारों की मानें तो अनाधिकृत वेंडरों को कुछ विभागीय लोगों का संरक्षण प्राप्त है।

# मायावती ने छात्र की हत्या के मामले में की उच्च स्तरीय जांच की मांग

एजेंसी



नोएडा। थाना जेवर क्षेत्र के गांव बनवरीबास निवासी 15 वर्षीय गोपाल शर्मा की हत्या का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इसी क्रम में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अब इस मामले का संज्ञान लेते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। शुक्रवार को उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर छात्र की मौत पर संवेदना प्रकट करते हुए इसे दुखद घटना बताया है। उन्होंने दोषियों को सख्त सजा दिए जाने और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि गांव बनवारी बांस निवासी रवि भूषण उर्फ बंटी का 15 वर्षीय बेटा गोपाल 21 मई को घर के बाहर से संदिग्ध परिस्थिति में गायब हो गया था। 22 मई की रात को 11 बजे उसका शव बगल के गांव रोही के खाली मकान में पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम में छात्र की मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके थे और बिसरा जांच के लिए लैब में भेजा गया था। घटना के बाद पुलिस ने 27 मई को इसका खुलासा किया था और मुठभेड़ के बाद तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया था। वहीं, परिजन पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए हैं।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का श्रम मंत्री अनिल राजभर ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । मंत्री श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग अनिल राजभर ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, सेवा योजना अधिकारी संजय कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के नवनिर्मित स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री श्री राजभर ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की प्रसन्सा करते हुए कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संकल्प से यहां पर महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर एक भव्य स्मारक का निर्माण हुआ है। श्री राजभर ने कहा कि यहा आकर बहुत ही खुषी मिल रही है। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारियों ने मिलकर बहुत ही तन्मयता से इस स्मारक को बनाने का काम किया है। स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए श्री राजभर ने झील के चारों ओर पाथ-वे के साथ-साथ झील की साफ-सफाई, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्द्रर्यीकरण कराये जाने का भी आष्वासन दिया।

# गोंडा में गैस बुकिग के बाद भी नहीं हो रही होम डिलीवरी, न ही कैश एंड कैरी का लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जनपद में हम नहीं सुधरेंगे की एजेंसी संचालक कसम खा चुके हैं।अधिकारियों की छापेमारी और चेतावनी के बाद भी ग्राहकों को कैश एंड कैरी का लाभ नहीं दे रहे हैं।बुकिग के बाद भी होम डिलीवरी नहीं हो रही है। एजेंसी संचालकों ने सिलेंडर डिलीवरी करने का नया ठिकाना बना लिया है ग्राहकों को वहां पर भी कैश एंड कैरी के देने के बजाए बीस से तीस रुपये अधिक की वसूली कर रहे हैं।जिले के अधिकारि ओ के कान पर जूं नहीं रेंग रहा है।उनकी चुप्पी से इस बात पर भी बल मिल रहा है कि उनके ही संर क्षण में यह सब गोरखधंधा चल रहा है।जनपद में इंडियन आयल कार्पोरेशन,भारत पेट्रोलियम कार्पो रेशन व हिदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की ओर से की संचालित एजेंसियों के लिए भले ही ग्राहकों के हित को देखते हुए गाइडलाइन जारी किए जाते हैं लेकिन एजेंसी संचालक उन्हें ठेंगा दिखाकर मन मानी करते हैं।ग्राहकों के हित के बजाए उनकी जे ब खाली की जा रही है।कैश एंड कैरी में धोखा कि या जा रहा है।गोदामों पर व आईटीआई,राम लीला मैदान, सड़क किनारे सिलेंडर लेने वाले ग्राह कों को रीबेट देने के बजाए निर्धारित दाम से अधिक मूल्य लिया जा रहा है।तेल कंपनी के अधिकारियों की ओर से सख्त हिदायत जारी किया गया है कि ग्राहकों को कैश एंड कैरी का लाभ दिया जाए ले किन एजेंसी संचालक होम डिलीवरी करने के बहा ने उनके जेब पर डाका डाल रहे हैं।अधिसंख्य एजें सी संचालक यह कहने लगे हैं कि अब सिलेंडर की डिलीवरी गोदाम से नहीं किया जाता लेकिन हकी कत तो यह है कि वह अपना गैस सिलेंडर गोदाम से लाकर आईटीआई खेल मैदान, रामलीला मैदान ऐसे ही और कई अन्य जगहों पर रखकर बुकिग के बाद भी होम डिलवरी नहीं किया जा रहा है।ए जेंसी संचालक गोदामों के बजाए अब नया ठिका ना खोज निकाले हैं।गैस एजेंसी के ऑफिस पर तै नात उनके कर्मचारी उस ठिकाने की ओर इशारा कर दे रहे हैं।ग्राहक भी मजबूर होकर उस ठिकाने पर पहुंच कर डिलीवरी ले रहा है।इतने के बाद भी ग्राहकों को पर्ची नहीं दिया जा रहा है।तेल कंपनी के सेल्स मैनेजर ने पर्ची देने का सख्त हिदायत दि या है लेकिन किसी भी एजेंसी पर ग्राहकों को पर्ची नहीं दिया जा रहा है, श्री साई सिद्धि भारत गैस ए जेंसी के कर्मचारी कुछ कम नहीं करते हैं।उल्टे नि र्धारित मूल्य से अधिक ही ले लिया जाता है,एजेंसी के कर्मियों द्वारा होम डिलवरी चार्ज के रूप में अ धिक पैसे लिए जाते हैं।वही अधिकारियों को चाहि ए कि कैश एंड कैरी की जानकारी नहीं देने वाली एजेंसियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। ताकि उनमें सुधार हो और उपभोक्ताओं को इस व्यवस्था का उचित लाभ मिल सके। बहराइच रोड निवासी रमेश पाण्डेय ने बताया कि एजेंसी संचालक कैश एंड कैरी की जानकारी नहीं देते हैं।

होम डिलवरी चार्ज के नाम पर भी मनमानी तरीके से अधिक दा म लिए जाते हैं,गोंडा जनपद में तो जैसे लग रहा है की जिला पूर्ति अधिकारी की ओर से छूट दे दी गई हो।ऐसे में पेट्रोलियम और जिला पूर्ति अधिकारी प र सवाल उठ रहा है की एजेंसी संचालक पर सख्त कार्रवाई कैसे होगी।

# आधी रात में एनकाउंटर :पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल, साथी समेत तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में गुरुवार की मध्य रात्रि मनकापुर पु लिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी।रात्रि चेकिंग के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में एक शातिर बदमा श गोली लगने से घायल हो गया।जबकि उसके दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा,कार तूस, अपाचे मोटरसाइकिल और लूट के 44 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।मनकापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस और एसओजी टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक पुलिस को देखकर तेजी से भागने लगे।शक होने पर पुलिस टीम ने उनका पीछा शुरू किया।भागते समय बदमाशों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में जा लगी। जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।घायल आरोपी को इलाज के लिए त त्काल अस्पताल भेजा गया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

**नगदी तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद**

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा,एक जिंदा कारतूस,एक खोखा कार तूस,घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल और लूट के 44 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी क्षेत्र में लूट और अन्य आपराधिक घटनाओं में सक्रिय थे।पुलिस अब उनके आपराधिक इतिहास को खं गाल रही है। अन्य वारदातों में संलिप्तता की जांच कर रही है।

### पुलिस ने सीमेंट व्यापारी से लूट का किया खुलासा

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि देर रात म नकापुर पुलिस और एसओजी टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक शातिर बदमाश ओम प्रकाश यादव घायल हुआ है।जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।इस दौरान दो शातिर लुटेरे प्रतीक यादव, आशीष वर्मा को गिरफ्तार किया गया है। इन बदमाशों द्वारा करीब चार दिन पूर्व एक सीमेंट व्यापारी से एक लाख की लूट कर उसे घायल कर दिया गया था।इस घटना में मनकापुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर घटना का शीघ्र खुलासा करने के लिए निर्देश दिया गया था।इन शातिर बदमाशों के कब्जे से लूट के 44 हजार रुपये बाइक,तमंचा का रतूस बरामद किया गया है।पकड़े गए बदमाशों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# त्रिशताब्दी जन्मदिवस पर होगा लोकमाता अहिल्याबाई के मन्दिर का लोकार्पण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

**हिंदुओं के लिए प्रेरक होने के कारण पुण्यश्लोक की मिली उपाधि : राजकिशोर**

**महिला अधिकारों के लिए उनके कार्य महत्वपूर्ण : संजय**

बहराइच। पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर विकास खण्ड रिसिया में 31 मई 2026 को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर के मन्दिर को लोकार्पित किये जाने हेतु जिला पंचायत सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल ने बताया कि विकास खण्ड रिसिया में लोकमाता के त्रिशताब्दी जन्मदिन के अवसर पर उनका मन्दिर लोकार्पित किया जाएगा। इस अवसर पर हवन पूजन भंडारा सहित अन्य कार्यक्रम भी किये जायेंगे।

अवध प्रान्त के सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर ने बताया कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन संस्कृति है। इस संस्कृति में नारी को नारायणी कहा गया है।ऐसी ही एक नारायणी पुण्यश्लोका लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर का 301 वां जन्मदिवस 31 मई 2026 को होने जा रहा है। इस अवसर पर रिसिया विकास खण्ड में उनके मन्दिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है जो जन्मदिवस के दिन लोकार्पित किया जाएगा। उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर किसी बड़े राज्य की रानी नहीं थीं। उनका राज्य बहुत सूक्ष्म था फिर भी उन्होंने जो कुछ किया वो आश्चर्यजनक है। उन्होंने बताया कि शासन व्यवस्था के नाम पर अत्याचार हो रहे थे। साधारण गृहस्थ किसान व मजदूर सिसक रहे थे। न्याय में न शक्ति थी न ही विश्वास। ऐसे कालखंड में विकट परिस्थितियों में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने जो किया वो चिरस्मरणीय है। व्यक्तिगत व पारिवारिक रूप से विकट झंझावतों के बीच उन्होंने अपने को संभाला और राज-रानी का ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया महिला अधिकारों के लिए उनके कार्य महत्वपूर्ण हैं , जिसके समक्ष हम सभी आज नतमस्तक हैं। हिन्दू समाज के लिए वह प्रेरक रहीं। इसीलिए उन्हें पुण्यश्लोक की उपाधि मिली। उनके अलौकिक जीवन पर 31 मई 2026 को रिसिया में उनके मन्दिर का लोकार्पण होना तय है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गौशाला धर्मशाला भी प्रस्तावित है जिसका निर्माण भविष्य में कराया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजय जायसवाल,विभाग संयोजक सामाजिक समरसता श्रवण द्विवेदी,विभाग सम्पर्क प्रमुख धर्मेंद्र सिंह विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ जिला प्रचार प्रमुख विपिन, ज्वाइन आरएसएस प्रमुख उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता किसान दिवस आयोजित किया गया। किसान दिवस में कृषि एवं एलाइड विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने किसानों से अधिक आय प्राप्त करने हेतु प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से अपेक्षा किया कि कोई भी किसान कभी भी उनके यहां आकर अपनी कोई भी शिकायत कर सकता है ,जिसका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा स बैठक में उपस्थित प्रगतिशील कृषक हरि शरण सिंह एवं लालता प्रसाद गुप्ता ने जनपद में रबी में मक्का की अधिक पैदावार के दृष्टिगत मक्का क्रय केंद्र खोले जाने की मांग की।

बैठक में अनिल कुमार मिश्रा कृषक नवाबगंज ने बताया कि उनके द्वारा गेहूं की बिक्री की गई है एक माह व्यतीत होने के उपरांत भी गेहूं बिक्री मूल्य प्राप्त नहीं हुआ। बैठक में उपस्थित कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने वन विभाग के प्रतिनिधि से पेड़ों की कटान से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। वन विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि आम सहित 26 पौधों को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है स बिना अनुमति के इन वृक्षों को नहीं काटा जा सकता हैस यदि किसी व्यक्ति अथवा किसान भाई को कोई भी पेड़ों की काटन किया जाना आवश्यक है तो वह वन विभाग से अन्य प्राप्त कर सकते है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर सी.पी.एन. गौतम ने वर्तमान खरीफ सीजन में फसल उत्पादकता प्राप्त करने हेतु बीजों का चुनाव सही ढंग से करने की सलाह दी। बैठक में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 नंदन सिंह ने किसानों को डीएपी एवं यूरिया का उपयोग काम करने की सलाह दी उन्होंने कहा कि अधिक डीएपी और यूरिया के प्रयोग से भूमि की उर्वरक शक्ति कम हो रही है।

उप कृषि निदेशक बहराइच विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शीघ्र ही जिले में मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कराई जा रही है जिससे जनपद में मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को फायदा होगा उनकी उपज अब यही जनपद में आसानी से प्रोसेस हो सकेगी। उप कृषि निदेशक बहराइच ने जिले के सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने का अनुरोध किया उन्होंने कहा कि शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है अतः जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें तथा अपने आसपास के किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री बनवाने हेतु सूचित कर दे।

जिला कृषि अधिकारी बहराइच सूबेदार यादव ने बताया कि जिन किसान भाइयों को मिलेट्स एवं अन्य बीज मिनी किट की आवश्यकता हो वह दर्शन-1 पोर्टल पर जाकर बुक करें जिन किसान भाइयों को धसन सहित अन्य खरीफ बीजों की आवश्यकता है वह जनपद के राजकीय कृषि बीज भंडार पर जाकर 50: अनुदान पर बीज प्राप्त कर सकते हैं स उन्होंने किसानों से बताया कि इस बार सरकार ने समय से ढचा बीज की आपूर्ति जनपद में कर दी है जिन किसान भाइयों को ढैचा बीज की आवश्यकता हो, वह 50 प्रतिषत अनुदान पर राजकीय कृषि बीज भंडारों से खरीद सकते हैं।

# बिलसंडा व्यापारी हत्याकांड पर व्यापार मंडल का फूटा गुस्सा, 24 घंटे में गिरफ्तारी नहीं तो जिलेभर में उग्र आंदोलन की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। बिलसंडा में दिनदहाड़े हुए व्यापारी की निर्मम हत्या को लेकर जिलेभर के व्यापारी संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने इस घटना को कानून व्यवस्था की बड़ी विफलता बताते हुए प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि तय समय में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे पीलीभीत जिले में उग्र आंदोलन किया जाएगा जिला अध्यक्ष एम. ए. जिलानी ने कहा कि दिनदहाड़े व्यापारी की हत्या होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है इस घटना से व्यापारी समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है उन्होंने कहा कि व्यापारी अपने सम्मान और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने कहा कि शासन-प्रशासन को व्यापारियों की सुरक्षा के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाने होंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके व्यापार मंडल ने प्रशासन के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखीं– हत्यारोपियों की 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए पीड़ित परिवार को सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए बाजारों में पुलिस गश्त बढ़ाकर व्यापारियों की सुरक्षा का स्थायी खाका तैयार किया जाए घटना के विरोध में बिलसंडा में नगर अध्यक्ष अरविंद अवस्थी के नेतृत्व में व्यापारियों द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है संगठन ने स्पष्ट कहा कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को पूरे जिले में व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी इस दौरान जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, युवा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह, युवा नगर अध्यक्ष आशीष लोधी, कानूनी सलाहकार एडवोकेट आरके शर्मा, प्रवक्ता एडवोकेट प्रदीप श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष रणवीर पाठक, रशीद अंसारी, अभिलाष गुप्ता, केतन बाहरी, मोहम्मद राजी अंसारी, मोहम्मद हैदर अंसारी, मोहम्मद अदनान अंसारी, शौर्य गंगवार, वैभव रावत सहित कई व्यापारी पदाधिकारी मौजूद रहे है।

# उपाधि महाविद्यालय की छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत के एम.ए. समाजशास्त्र विभाग के छात्र-छात्राओं ने इस सत्र की विश्वविद्यालय परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. सतेंद्र नारायण एवं प्रोफ़ेसर डॉ. कविता कनौजिया तथा डॉ. दुर्गेश धर द्विवेदी ने बताया कि इस सत्र की प्रथम सेमेस्टर तथा तृतीय सेमेस्टर परीक्षा में 83 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 63 से 78 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किए। प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रियांशी सक्सेना ने 78 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ज्योति शर्मा ने 73.8 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. दुष्यंत कुमार ने दोनों छात्राओं को पुरस्कृत किया और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम की आशा व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने समाजशास्त्र विभाग के डॉ. दुर्गेश द्विवेदी तथा डॉ. कविता कनौजिया की सराहना की और कहा कि यह सफलता छात्राओं की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।विभाग के शिक्षकों ने बताया कि इस सत्र में शिक्षण कार्य के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास एवं शैक्षणिक उन्नति के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के जिला प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन, सत्र पीलीभीत नगर के जेपी होटल में हुआ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशिक्षण सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा बृज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्गविजय सिंह शाक्य उपस्थित रहे सत्र में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद रहे ।सत्र की अध्यक्षता गन्ना राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने की सत्र का संचालन जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा ने किया । उदघाटन सत्र की शुरुआत राष्ट्रगीत तत्पश्चात भारत माता , पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से हुई ऋउदघाटन सत्र में मुख्य वक्ता दुर्गविजय सिंह शाक्य ने विषय वैचारिक अधिष्ठान पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हुकूमत करना नहीं बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के माध्यम से भारत को परम वैभव तक ले जाना है।उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिये गए एकात्म मानव दर्शन के मूल विचार पर चलते हुए सबका साथ सबका विकास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है , हम भारत को मां मानते हैं इसीलिए हमारा मुख्य नारा भी किसी व्यक्ति विशेष का जयकारा नहीं बल्कि भारत माता की जय है - उन्होंने बताया कि हम किसी धर्म के विरोधी नहीं हैं लेकिन हम सनातन संस्कृति के वाहक हैं - उन्होंने बताया कि हमने 1952 में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा लिए गए संकल्प एक देश में दो विधान दो निशान नहीं चल सकते को पूरा करने के लिए धारा 370 हटाने के लिए काम किया इसलिए हम राष्ट्रीय एकात्मकता के समर्थक हैं ऋ

उद्घाटन सत्र के दौरान वर्ग प्रभारी जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा , जिला प्रभारी गुलशन आनंद , जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य , बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद , बीसलपुर विधायक विवेक कुमार वर्मा , पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान , , जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर दलजीत कौर , पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश गंगवार , हरद्वारी लाल गंगवार , संजीव प्रताप सिंह , पूर्व विधायक किशन लाल राजपूत , जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन सत्यपाल गंगवार , जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा , महादेव गाईन, अनुराग अग्निहोत्री , जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती , रेखा सिंह परिहार ,अतेंद्र पाल सिंह , नमन प्रताप राजपूत , आयुष मिश्रा , विकास श्रीवास्तव , मान सिंह राठौर , मनोज गुप्ता ,जिला मंत्री सत्यपाल वर्मा , ऋचा सिंह पटेल , सृष्टि गुप्ता , विकास वाल्मीकि , पंकज तिवारी , नागेन्द्र प्रताप सिंह , रेनू राज , अमित कुशवाहा , जिला कोषाध्यक्ष विकास पाल सिंह , जिला मीडिया प्रभारी अभिमन्यु गंगवार , जिला आईटी संयोजक हरिओम शर्मा , जिला सोशल मीडिया संयोजक अभिनीत पाण्डेय , जिला कार्यालय मंत्री पुष्पा शुक्ला , जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सोनकर , जिला आईटी सह संयोजक पंकज प्रजापति , जिला सोशल मीडिया सह संयोजक विजय सरकार ,जिला सह कार्यालय मंत्री राम चरन लाल राठौर , नगर पालिका परिषद पीलीभीत की चेयरमैन डॉक्टर आस्था अग्रवाल , नगर पालिका पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता , मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा , ब्लॉक प्रमुख बीसलपुर अशोक शर्मा , जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह,ब्लॉक प्रमुख बिलसंडा के प्रतिनिधि महीप सिंह चंदेल , ब्लॉक प्रमुख पूरनपुर के प्रतिनिधि अपूर्व निर्विकार सिंह , मंडल अध्यक्ष हर्ष प्रधान ,इंद्रेश सिंह चौहान , सुमित सागर , भरत राम राजपूत , प्रमोद कश्यप , संजीव त्रिवेदी , संजीव मौर्य , प्रेमशंकर वर्मा , हरीराम गौतम , जय जय राम राजपूत सहित जिले भर के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए आगे आया एबीवीपी, पूरनपुर में चलाया सकोरा वितरण अभियान

पूरनपुर।भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरनपुर नगर इकाई ने सराहनीय पहल की। परिषद द्वारा स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के माध्यम से पक्षियों को बचाएं - पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत सकोरा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नगर क्षेत्र में लोगों को सकोरे वितरित कर घरों, छतों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी रखने की अपील की कार्यकर्ताओं ने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी और दाना उपलब्ध कराना मानवता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पक्षियों की प्यास बुझाने का संकल्प लेते हुए लोगों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम में विभाग सह संयोजक शाहजहांपुर एवं पीलीभीत अरुण पांडेय, नगर सह मंत्री अर्पित वाल्मीकि, जिला आंदोलन प्रमुख अर्पित मौर्य, युवराज सक्सेना, कपिल अवस्थी एवं शिवम सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे एबीवीपी की इस पहल की नगरवासियों ने सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने वाला अभियान बताया है।

## नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज, जेवर और नकदी ले जाने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हबीबगंज गौटिया वार्ड नंबर-03 निवासी विमला पत्नी संजय कुमार की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्रार्थिनी ने मोहल्ले के ही पवन पुत्र शिवचरन पर उसकी 15 वर्षीय पुत्री अंशिका को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया है तहरीर के अनुसार अंशिका ने वर्ष 2026 में कक्षा-08 की परीक्षा उत्तीर्ण की है आरोप है कि 26 मई 2026 की सुबह करीब 10 बजे जब परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए हुए थे, तभी आरोपी पवन किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ कहीं फरार हो गया परिवार के घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई पीड़िता की मां का आरोप है कि किशोरी घर से करीब एक तोला सोने की झुमकी, 250 ग्राम चांदी की पायल की एक जोड़ी तथा 18,500 रुपये नकद भी अपने साथ ले गई है परिजनों ने आरोपी पवन से मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो उसने कथित तौर पर कहा कि कानूनी कार्रवाई न करें, वह लड़की को वापस लेकर आ रहा है, लेकिन बाद में वह नहीं आया परिवार ने किशोरी की जान-माल का खतरा बताते हुए पुलिस से जल्द बरामदगी और आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की थी मामले में कोतवाली पूरनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नाबालिग किशोरी को भगाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज, जेवर और नकदी ले जाने का भी आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। टांडा छत्रपति निवासी सीताराम पुत्र छोटे की तहरीर पर पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग पुत्री नेहा को राहुल यादव पुत्र राजेश यादव निवासी ग्राम रघुनाथपुर अपने साथ कहीं लेकर चला गया तहरीर के अनुसार घटना 25 मई 2026 की बताई गई है। आरोप है कि किशोरी घर में रखे सोने के जेवरात, जिनमें एक जोड़ी झाले, टप्स, सोने की बेसर, मांग टीका तथा गन्ना बिक्री के रखे 40 हजार रुपये भी साथ ले गई पिता ने बताया कि जानकारी करने पर पता चला कि आरोपी राहुल यादव का ग्राम टांडा छत्रपति निवासी कामिनी पत्नी रमेश के यहां आना-जाना था पीड़ित के मुताबिक पूछताछ में जानकारी मिली कि उसकी पुत्री राहुल के घर पर है जब वह रघुनाथपुर पहुंचा तो राहुल के भाई राज यादव और पिता राजेश यादव ने पहले शाम तक लड़की को वापस लाने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में कथित तौर पर अभद्रता करते हुए कहा कि जो करना हो कर लो, हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे साथ ही यह भी कहा कि उनके पुत्र ने लड़की से शादी कर ली है पीड़ित पिता ने अपनी पुत्री को नाबालिग बताते हुए पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## राम होटल के पास अवैध तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, पूरनपुर पुलिस की कार्रवाई

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देश पर चल रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई देर रात गश्त के दौरान की गई जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम 29 जून 2026 की रात क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान रात करीब 1:55 बजे राम होटल के पास पेड़ के नीचे खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई तलाशी में उसके पास से एक नाजायज तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनिल कुमार उर्फ नीलू दीक्षित पुत्र स्व. हरिशचन्द्र निवासी ग्राम सबलपुर थाना पूरनपुर जनपद पीलीभीत बताया पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया बरामदगी के आधार पर थाना पूरनपुर में मु0अ0सं0 228/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार सोनकर और कांस्टेबल कुशलपाल सिंह शामिल रहे है।

## प्याज लदा ट्रक पलटने से तीन बाइक सवार युवकों की मौत

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुंशीगंज क्षेत्र के टांडा बांदा राष्टीय राजमार्ग पर स्थित गांव लखीपुर के पास गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो बाइकों पर सवार तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया है। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव लखीपुर गांव के पास देर रात करीब साढ़े दस बजे गौरीगंज से सुल्तानपुर की ओर जा रहा ट्रक संख्या यूपी 44 सीटी 4747 अचानक अनियंत्रित हो गया। ट्रक ने सामने चल रही एक बाइक को टक्कर मार दी और फिर दूसरी बाइक पर पलट गया।हादसे में बाइक सवार प्रिंस वर्मा उम्र सोलह वर्ष पुत्र श्यामलाल वर्मा निवासी गाजीपुर थाना अंतू जनपद प्रतापगढ़ तथा सनी कुमार पुत्र रामदेव वर्मा निवासी गाजीपुर थाना अंतू प्रतापगढ़ की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं दूसरी बाइक पर सवार सुल्तानपुर निवासी राजू और अजीत गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में अस्पताल ले जाया गया जहां पर इलाज के दौरान राजू की भी मौत हो जाने की बात सामने आई है जबकि घायलों का इलाज जारी है और हालत नाजुक बनी हुई है।घटना की सूचना मिलते ही मुंशीगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों को सूचना दे दी गई है।जानकारी के अनुसार सभी युवक आपस में दूर के रिश्तेदार थे और मुंशीगंज क्षेत्र में आयोजित एक भंडारे में शामिल होकर अपने अपने घर लौट रहे थे।हा'दसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।फिलहाल पुलिस क्रेन और हाइड्रा मशीन की मदद से पलटे ट्रक को सड़क किनारे हटाकर यातायात बहाल कराने में जुटी रही। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## अमेठी में बकरीद का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से हुआ सम्पन्न

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में ईद उल अजहा (बकरीद) के पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। गुरुवार को जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ईद की नमाज के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कस्बा जायस पहुंचकर वहां के धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमामों एवं मौलानाओं से मुलाकात कर वार्ता की। इस दौरान उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर पर्व मनाने की अपील की।

# जल जीवन मिशन के सामान में लगी रहस्यमयी आग, करोड़ों के 'खेल' पर उठे बड़े सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए रखे गए पाइप, मशीनरी और अन्य उपकरणों में गुरुवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। घटना बल्दीराय थाना क्षेत्र के देहली बाजार चौकी अंतर्गत कनेहटी गांव के पास की है, जहां सड़क किनारे रखे आनंद इंटरप्राइजेज के लाखों रुपये के सामान देखते ही देखते आग की लपटों में समा गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोपहर करीब 1.00 बजे अचानक धुएं का गुबार उठने लगा और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेज थी कि मौके पर रखे एमडीपी पाइप, प्लास्टिक पाइप, कंप्रेशर मशीन, टैंक सामग्री, प्लाई बोर्ड, मशीनरी पार्ट्स तथा बांस-बल्लियां धू-धू कर जलने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही पीआरबी 6101 मौके पर पहुंची। चौकी प्रभारी महेंद्र कुमार राय पुलिस बल के साथ राहत एवं सुरक्षा कार्य में जुट गए। बाद में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। आग पर उठे सवाल, ग्रामीणों में चर्चाओं का बाजार गर्म घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लोहे के कंप्रेशर, भारी मशीनरी और मोटे पाइपों में इतनी तेजी से आग लगना सामान्य घटना नहीं प्रतीत होती। लोगों के बीच यह आशंका भी जोर पकड़ रही है कि कहीं जल जीवन मिशन में हुए किसी कथित भ्रष्टाचार, गड़बड़ी या सामान के हिसाब-किताब पर पर्दा डालने के लिए आग जानबूझकर तो नहीं लगाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि इसी स्थान से आसपास के कई गांवों में जल जीवन मिशन की सामग्री की सप्लाई की जाती थी और यहां करोड़ों रुपये के सामान का भंडारण रहता था। ऐसे में अचानक लगी आग ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि योजना की पारदर्शिता को लेकर भी गंभीर संदेह पैदा कर दिया है।

# सत्यधाम आश्रम के वार्षिकोत्सव में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध: सत्यसमदर्शी कविराजदेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सिंहौली गांव के सत्यधाम आश्रम में वार्षिकोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए संत-महात्माओं और हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान आध्यात्मिक प्रवचन, सत्संग, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संतों के चरण प्रच्छालन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। सत्यधाम के गद्दीधीश आचार्य सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध है। उन्होंने संत दर्शन, भक्ति, मुक्ति तथा जन-जीव कल्याण के महत्व पर प्रकाश डाला। समागम में गुरु मां उत्तम साहिब, संत निर्मल जी, संत शत्रुघ्न जी, संत कर्मेंद्र जी, संत लक्ष्मण दास, संत निर्मोही जी एवं स्वामी पारसनाथदास जी सहित कई संतों ने सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिए। आश्रम में समय-समय पर गौसेवा, समाजसेवा, प्रतिभा सम्मान, सेवा शिविर, सत्संग तथा नैतिक, शैक्षिक और जनजागरण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। भजन संध्या में लोकगायकों ने बांधा समां सांस्कृतिक संध्या के दौरान आयोजित भजन कार्यक्रम में वॉयस ऑफ अवध कीर्ति चौरसिया ने अवधी भजनों की प्रस्तुति देकर खूब सराहना बटोरी। वहीं धर्मेंद्र गोल्डन, शिवकुमार सूफी, अनमोल चौधरी, दिव्या तिवारी, अंजू यादव, दृष्टि सिंह एवं प्रदीप वर्मा समेत अन्य कलाकारों ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुधा देव ने की। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन निष्ठा तिवारी ने किया। इस अवसर पर त्रिपुरारी जी महाराज, कवि लोकेश श्रीवास्तव, जादूगर संजय घायल, गीतकार धर्मराज, समाजसेवी आशीष तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी अजय सिंह, गुलाब चंद्र, शिव शंकर मिश्र, डॉ. अमित कौशल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अमेठी के पांच केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी । जनपद में आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उददेश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों तथा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तृत समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी ने जानकारी देते हुये बताया कि जनपद में इकतीस मई को उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा पांच केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सोनारी कला, राजकीय इंटर कॉलेज टीकर माफी, इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज, श्री रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज तथा श्री रणवीर इंटर कॉलेज अमेठी को शामिल किया गया है। परीक्षा में कुल दो हजार आठ परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी, जिसमें प्रथम पाली प्रातः नौ बजे से बारह बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से पांच बजे तक आयोजित होगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों तथा केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं साफ-सफाई की विशेष निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन जांच की जाए तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूरी तरह नकल विहीन एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराना सभी अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# सुलतानपुर से लूटे गये अरसठ बकरों के साथ तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार और पिकअप के साथ ही दो लाख चार हजार रुपया किया बरामद**

**एसपी ने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया**

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना एवं थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक की संयुक्त पुलिस टीम ने सुल्तानपुर जनपद में तमंचे के दम पर हुई लूट की वारदात का खुलासा किया है और लूट के अरसठ बकरे/भेड़ के साथ ही दो लाख चार हजार रुपया नकद दो तमंचा तीन कारतूस महिंद्रा पिकअप वाहन दो मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार के साथ तीन शातिर अन्तर्जनपदीय लुटेरों को गिरफ्तार किया है। लूट के इन बकरों और भेड़ की अनुमानित कीमत लगभग पन्द्रह लाख रुपये बताई जाती है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर थाना मुसाफ़िरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह एवं थाना भाले सुलतान शहीद स्मारक के थानाध्यक्ष अजयेन्द्र पटेल की संयुक्त टीम द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र चांदा जनपद सुलतानपुर में बकरी व्यापारियों के साथ हुई लूट की घटना करने वाले एक बिना नंबर का स्विफ्ट व बकरी लदी हुई महिन्द्रा पिकअप बोलेरो से ग्राम मठाभुसुण्डा जंगल की ओर से लखनऊ सुलतानपुर हाइवे की तरफ आ रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस की दो टीम बनाकर चेकिंग की जाने लगी तभी उक्त दोनों गाड़ियां आती हुई दिखायी दी जिनकी नाकाबंदी कर मार्ग अवरुद्ध करते हुये घेर लिया गया इस दौरान पिकअप चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा तथा कार सवार तीनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया।

## सम्पादकीय

# न्यायसंगत आरक्षण

हाल ही में भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई द्वारा अनुसूचित जाति आरक्षण के लिए क्रीमी लेयर सिद्धांत का समर्थन करने से एक महत्वपूर्ण तार्किक चर्चा फिर से प्रारंभ हो गई है। जिसका मकसद है कि कैसे सकारात्मक पहल करके आरक्षण के उद्देश्य को अधिक न्यायसंगत, लक्षित और प्रभावी बनाया जा सकता है। वास्तव में उनकी पहल का मकसद संवैधानिक सुरक्षा को कमजोर करने का नहीं है। बल्कि यह सुनिश्चित करने का प्रयास है कि आरक्षण का लाभ उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें वास्तव में इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। यानी कि अनुसूचित जाति समुदाय के सबसे गरीब, सामाजिक रूप से सबसे अधिक वंचित और आरक्षण के लाभ में सबसे कम प्रतिनिधित्व करने वाले वर्ग को लाभ पहुंचाने का मकसद पूरा करना। बहुत संभव है कि मुख्य न्यायाधीश के इस विचार से असहमति के तर्क दिये जाएं। वास्तव में, देश में दशकों से आरक्षण की बहस कोटा बढ़ाने पर केंद्रित रही है, लेकिन उनके न्यायसंगत वितरण की दिशा में पर्याप्त पहल नहीं हो पायी है। निर्विवाद रूप से अनुसूचित जाति समुदाय के एक छोटे, अपेक्षाकृत बेहतर आर्थिक-सामाजिक स्थिति वाले वर्ग ने ही बार-बार शिक्षा और सरकारी रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया है। वहीं दूसरी ओर पीढ़ी दर पीढ़ी अभावों के भंवर-जाल में फंसे परिवार- मसलन श्रमिक, सफाई कर्मचारी, भूमिहीन मजदूर परिवार लगातार हाशिये पर ही बने हुए हैं। यदि आरक्षण का मूल उद्देश्य संरचनात्मक असंतुलन को ही ठीक करना है तो इसके लाभ सीमित दायरे के लोगों को ही नहीं मिलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि ओबीसी वर्ग के लिये यह प्रावधान सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। इसमें दो राय नहीं कि क्रीमी लेयर का सिद्धांत आरक्षण लाभ में इस तरह के एकाधिकार को रोकने का एक सशक्त साधन है। इस प्रावधान का वंचित अनुसूचित जातियों तक विस्तार करना एक बुनियादी सच्चाई को स्वीकार करता है कि सामाजिक गतिशीलता, हालांकि सीमित स्तर पर कुछ ही लोगों के लिये संभव हुई है। साथ ही अवसरों के अधिक न्यायसंगत वितरण को सुनिश्चित करने के लिये नीति को अनुकूलित किया जाना वक्त की जरूरत है। वास्तव में वर्तमान स्थिति आरक्षण के न्यायसंगत लाभ वंचित वर्ग तक पहुंचाने में तार्किक नजर नहीं आती। जब किसी आईएएस अधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी का बच्चा सामाजिक रूप से हाशिये पर गए वर्ग के किसी व्यक्ति के मुकाबले समान लाभों का दावा करना जारी रखता है तो इससे लक्षित उद्देश्य कमजोर हो जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि क्रीमी लेयर को बाहर करने पर उनके जातिगत भेदभाव होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन यह केवल यही दर्शाता है कि किसी भी ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समूह के भीतर, वंचितता की स्थिति अलग-अलग होती है। ऐसी अवस्था में, सबसे निचले स्तर के लोग राज्य के संरक्षण पाने के लिये प्राथमिकता के हकदार हैं। निश्चित रूप से स्पष्ट मानदंड, सामाजिक पिछड़ेपन का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करने और दुरुपयोग को रोकने के लिये कारगर सुरक्षा उपाय होने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की टिप्पणी इस बात की ही परिचायक है कि सामाजिक न्याय का विस्तार होना चाहिए। अनुसूचित जातियों के आरक्षण से क्रीमी लेयर को सोच-समझकर बाहर करने से समानता के संवैधानिक वायदे की पुष्टि हो सकती है। इस पहल के विरोध में यह तर्क दिया जा सकता है यदि अनुसूचित जाति वर्ग के आरक्षण के उपवर्गीकरण को मान्यता दी जाती है, तो पहले इससे लाभान्वित लोगों को सुरक्षा कवच न मिल सकेगा। उनका तर्क हो सकता है कि कई बार आरक्षित वर्ग के किसी व्यक्ति को उच्च पद पर पहुंच जाने के बावजूद किसी भेदभाव व उपेक्षा का सामना करना पड़ सकता है। निस्संदेह, इस कथन की तार्किकता विचारणीय है। लेकिन इसका एक निष्कर्ष यह भी हो सकता है कि सामाजिक विसंगति और आर्थिक विषमता दूर करने का एकमात्र साधन आरक्षण ही नहीं हो सकता है। यहां यह भी विचारणीय होना चाहिए कि कई पीढ़ियों से आरक्षण लाभ पा चुके लोग, स्वेच्छा से उसका परित्याग करें तो इस दिशा में धनात्मक वातावरण बन सकता है।

# क्या आम आदमी विकास से बाहर छूट रहा है?

**शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं का सबसे भयावह चेहरा कोटा, सीकर और अन्य कोचिंग एवं शिक्षा केंद्रों में बढ़ती छात्र आत्महत्याओं के रूप में सामने आया है। कोटा, जो कभी देश की शैक्षणिक आकांक्षाओं का केंद्र माना जाता था, अब विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव, प्रतिस्पर्धा, अकेलेपन और असफलता के भय के कारण आत्महत्या की घटनाओं से लगातार चर्चा में रहा है। कोटा, सीकर तथा अन्य कोचिंग नगरों में पिछले वर्षों में अनेक विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर किया है। राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की आत्महत्या की घटना इसी विडंबना का उदाहरण है। परीक्षा रद्द होने से उत्पन्न अनिश्चितता और मानसिक तनाव ने एक संभावनाशील जीवन समाप्त कर दिया। यह घटना अकेली नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2024 में 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। औसतन हर 36 मिनट में एक विद्यार्थी जीवन समाप्त कर रहा है। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था की सामूहिक विफलता है। दूसरी ओर नीट, नेट, प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार–बार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में विवाद और अनिश्चितता की स्थितियों ने विद्यार्थियों में गहरा असंतोष और अविश्वास पैदा किया है।**

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद नए भारत के निर्माण के जिन आधार स्तंभों की कल्पना की गई थी, उनमें शिक्षा और चिकित्सा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी। यह माना गया था कि यदि देश के नागरिक शिक्षित, स्वस्थ और जागरूक होंगे तो लोकतंत्र मजबूत होगा, सामाजिक असमानताएं कम होंगी और राष्ट्र विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। शिक्षा को व्यक्ति निर्माण और चिकित्सा को जीवन रक्षा का माध्यम माना गया था। लेकिन स्वतंत्रता के लगभग आठ दशकों बाद स्थिति चिंताजनक प्रश्न खड़े करती है कि क्या ये दोनों क्षेत्र अपने मूल उद्देश्य से भटककर व्यवसाय और बाजार के अधीन नहीं हो गए हैं? आज शिक्षा और चिकित्सा दोनों क्षेत्रों में जो विसंगतियां दिखाई देती हैं, वे केवल व्यवस्थागत संकट नहीं बल्कि सामाजिक संकट का रूप ले चुकी हैं। एक ओर शिक्षा व्यवस्था परीक्षा, अंकों और प्रतिस्पर्धा की आर्थिक मशीन बन गई है, वहीं दूसरी ओर चिकित्सा सेवा लाभ-हानि के गणित में उलझती दिखाई देती है। इन दोनों क्षेत्रों की बढ़ती व्यावसायिकता ने आम आदमी को सबसे अधिक प्रभावित किया है। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं था। शिक्षा अब डिग्री, नौकरी और प्रतिस्पर्धा तक सीमित होती दिखाई देती है। शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं का सबसे भयावह चेहरा कोटा, सीकर और अन्य कोचिंग एवं शिक्षा केंद्रों में बढ़ती छात्र आत्महत्याओं के रूप में सामने आया है। कोटा, जो कभी देश की शैक्षणिक आकांक्षाओं का केंद्र माना जाता था, अब विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव, प्रतिस्पर्धा, अकेलेपन और असफलता के भय के कारण आत्महत्या की घटनाओं से लगातार चर्चा में रहा है। कोटा, सीकर तथा अन्य कोचिंग नगरों में पिछले वर्षों में अनेक विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर किया है। राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की आत्महत्या की घटना इसी विडंबना का उदाहरण है। परीक्षा रद्द होने से उत्पन्न अनिश्चितता और मानसिक तनाव ने एक संभावनाशील जीवन समाप्त कर दिया। यह घटना अकेली नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2024 में 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। औसतन हर 36 मिनट में एक विद्यार्थी जीवन समाप्त कर रहा है। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था की सामूहिक विफलता है। दूसरी ओर नीट, नेट, प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में विवाद और अनिश्चितता की स्थितियों ने विद्यार्थियों में गहरा असंतोष और अविश्वास पैदा किया है। वर्षों की तैयारी करने वाले छात्र जब परीक्षा प्रणाली को ही अविश्वसनीय पाते हैं तो उनमें निराशा और मानसिक तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। आज परीक्षा प्रणाली अविश्वसनीय होती जा रही है। प्रश्नपत्र लीक होना, परीक्षाओं का रद्द होना, मूल्यांकन विवाद, शोध कार्यों में साहित्यिक चोरी, पीएचडी प्रक्रियाओं का औपचारिक बन जाना और कोचिंग संस्कृति का बढ़ना शिक्षा के बाजारीकरण की तस्वीर प्रस्तुत करता है। शिक्षा अब ज्ञान से अधिक निवेश और प्रतिफल का विषय बनती जा रही है। धीरे-धीरे शिक्षा सेवा से व्यवसाय में बदलती गई। बड़े निजी विद्यालय, कोचिंग संस्थान और विश्वविद्यालय आज करोड़ों के उद्योग बन चुके हैं। डॉक्टर और इंजीनियर बनाने के सपनों का ऐसा व्यापार खड़ा हुआ जिसमें अभिभावक आर्थिक रूप से टूटने लगे। आज एक सामान्य परिवार अपने बच्चों की शिक्षा के लिए जीवन भर की बचत खर्च करने को विवश है। विद्यालयों की ऊंची फीस, निजी कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा की महंगी व्यवस्था ने शिक्षा को आम आदमी की पहुंच से दूर कर दिया है। इसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। चिकित्सा को कभी सेवा का क्षेत्र माना जाता था, लेकिन आज निजी चिकित्सालयों की बढ़ती संख्या और उनकी व्यावसायिक प्रवृत्ति ने आम नागरिक को संकट में डाल दिया है। इलाज इतना महंगा हो गया है कि अनेक परिवार बीमारी के कारण आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। निजी अस्पतालों में उपचार, जांच, आईसीयू, दवाओं का खर्च और नकली दवाओं में जीवन समाप्त होने की घटनाएं लगातार बढ़ी है। अनेक मामलों में अनावश्यक परीक्षण, अत्यधिक शुल्क और व्यावसायिक दृष्टिकोण की शिकायतें सामने आती रहती हैं। चिकित्सा सेवा का उद्देश्य रोगी को राहत देना था, लेकिन कई स्थानों पर वह लाभ कमाने की प्रणाली में बदलती दिखाई देती है। जगह-जगह खुले निजी अस्पताल और शिक्षण संस्थान एक प्रकार की प्रतिस्पर्धा में उतर आए हैं। लेकिन यह प्रतिस्पर्धा गुणवत्ता की अपेक्षा लाभ कमाने की अधिक दिखाई देती है। परिणाम यह हुआ कि शिक्षा और चिकित्सा दोनों ही सामान्य नागरिक की आर्थिक क्षमता से बाहर जाने लगी हैं। इन परिस्थितियों का एक सामाजिक दुष्परिणाम भी सामने आया है। आर्थिक दबाव, भविष्य की अनिश्चितता, शिक्षा का तनाव, महंगी चिकित्सा और रोजगार संकट के कारण अवसाद, मानसिक तनाव और आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। युवा पीढ़ी उपलब्धियों के दबाव में टूट रही है, जबकि परिवार आर्थिक बोझ से जूझ रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय को अधिक सशक्त, उत्तरदायी और कठोर भूमिका निभाते हुए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, तकनीक आधारित और सुरक्षित बनाना होगा। इसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र में देशभर में स्थापित हुए नए एम्स संस्थानों एवं उच्च चिकित्सा केंद्रों का लाभ वास्तव में आम नागरिक तक सरल, सस्ती और सुलभ व्यवस्था के रूप में पहुंचे, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। आज आवश्यकता केवल बड़े अस्पताल बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सर्वसुविधायुक्त, विशेषज्ञ सेवाओं से युक्त तथा दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों तक विस्तारित करने की है, ताकि महानगरों पर निर्भरता कम हो और ग्रामीण तथा वंचित वर्ग भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ सहजता से प्राप्त कर सके। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, कौशल आधारित और बहुआयामी बनाने का प्रयास हुआ है। देश में नए आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालय, एम्स और चिकित्सा संस्थानों की स्थापना की गई। उच्च शिक्षा और उच्च चिकित्सा के नए केंद्र विकसित हुए हैं। मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के प्रयास किए गए। यह कहना भी उचित नहीं होगा कि पूरा परिदृश्य केवल निराशाजनक है। पिछले वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में कुछ सकारात्मक प्रयास भी हुए हैं। विशेष रूप से जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आई, तब इन क्षेत्रों की संरचनात्मक कमियों की ओर अपेक्षाकृत गंभीर ध्यान दिया गया। चिकित्सा क्षेत्र में आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब वर्ग को राहत देने का प्रयास किया है। जिला स्तर तक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में भी पहल हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास और स्थानीय भाषाओं में अध्ययन पर बल दिया गया। लेकिन भारत जैसी विशाल जनसंख्या वाले देश में ये प्रयास अभी पर्याप्त नहीं कहे जा सकते। जिस गति से जनसंख्या बढ़ी है, उस अनुपात में सरकारी शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों का विस्तार नहीं हो पाया। यही कारण है कि निजी क्षेत्र ने उस खाली स्थान को भर दिया और धीरे-धीरे प्रमुख भूमिका में आ गया। अब आवश्यकता केवल नए संस्थान खोलने की नहीं बल्कि सरकारी शिक्षा और चिकित्सा को अधिक प्रभावी, सुलभ और उद्देश्यपूर्ण बनाने की है। सरकारी विद्यालयों और अस्पतालों की गुणवत्ता बढ़ानी होगी। उनमें आधुनिक संसाधन, प्रशिक्षित मानवबल और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। निजी शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण भी आवश्यक है। शिक्षा और चिकित्सा को पूर्णतः बाजार की शक्तियों पर नहीं छोड़ा जा सकता, क्योंकि ये केवल आर्थिक गतिविधियां नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व हैं। शिक्षा नीति को समाज और जीवन से जोड़ना होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा और चिकित्सा को पुनः सेवा और राष्ट्र निर्माण के मूल उद्देश्य से जोड़ा जाए। यदि ये दोनों क्षेत्र केवल व्यापार बन गए तो सामाजिक असमानता और बढ़ेगी, प्रतिभाएं टूटेंगी और आम आदमी विकास की मुख्यधारा से बाहर होता जाएगा। भारत के भविष्य की दिशा इस बात से तय होगी कि शिक्षा और चिकित्सा कितनी सुलभ, समान और मानवीय बनती हैं। सरकार, समाज, नीति निर्माताओं और निजी क्षेत्र को मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी जिसमें कोई बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न हो और कोई नागरिक उपचार के अभाव में पीड़ित न रहे। यही स्वतंत्र भारत की मूल भावना थी और यही भविष्य का मार्ग भी होना चाहिए। **–ललित गर्ग**

# माउंट एवरेस्ट की चढ़ाईः साहस, धैर्य और इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी परीक्षा

**योगेश कुमार गोयल**

एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है, जिसकी ऊंचाई 8848 मीटर है। दुनिया के इस सबसे ऊंचे पर्वत शिखर को आज से 73 वर्ष पूर्व 29 मई 1953 को सर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे ने फतह किया था। उनकी जीत के उपलक्ष्य में ही उनकी याद में प्रतिवर्ष 29 मई को अंतरराष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट दिवस मनाया जाता है, जिसे 'अंतरराष्ट्रीय सगरमाथा दिवस' के रूप में भी जाना जाता है। पहली बार माउंट एवरेस्ट दिवस सर एडमंड हिलेरी की मृत्यु के बाद साल 2008 में मनाया गया था, तभी से यह दिवस भारत, नेपाल और न्यूजीलैंड में 29 मई को मनाया जाता रहा है। एवरेस्ट की चोटी नेपाल और चीन (तिब्बत) की सीमा पर स्थित है और यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य नेपाल पर्यटन को बढ़ावा देना भी है। वैसे सही मायनों में यह दिवस पर्वतारोहियों को सम्मानित करने के लिए नेपाल द्वारा मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह दिवस पर्वतारोहियों को एवरेस्ट की चोटी फतह करने के लिए प्रेरित करता है। अंतरराष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट दिवस केवल एडमंड हिलेरी और तेनजिंग शेरपा की विजय का जश्न मनाने का ही दिन नहीं है बल्कि यह पहाड़ पर चढ़ने के खतरों को बताने और उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिन्होंने इस सफर के दौरान अपने प्राण गंवा दिए। तमाम खतरों के बावजूद माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई का यह सिलसिला आज भी जारी है। विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ना आज भी मानव साहस, धैर्य और अदम्य इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी परीक्षा माना जाता है। समुद्र तल से 8,848.86 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह शिखर केवल बर्फ और पत्थरों का पहाड़ नहीं बल्कि रोमांच, जोखिम और मौत से सीधी मुठभेड़ का प्रतीक बन चुका है। दुनियाभर के हजारों पर्वतारोही हर वर्ष इसे फतह करने का सपना लेकर हिमालय की ओर बढ़ते हैं लेकिन उनमें से चुनिंदा लोग ही सफलता प्राप्त कर पाते हैं। कई पर्वतारोही इस दुर्गम यात्रा के दौरान बर्फीली हवाओं, ऑक्सीजन की कमी, हिमस्खलन और खतरनाक दर्रों का सामना करते हुए जान गंवा बैठते हैं। इतिहास गवाह है कि एवरेस्ट की चढ़ाई हमेशा से जोखिमों से भरी रही है। आंकड़ों के अनुसार, एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले प्रत्येक 100 पर्वतारोहियों में लगभग 4 लोगों की मौत हो जाती है। वर्ष 2014 और 2015 एवरेस्ट के इतिहास के सबसे दर्दनाक वर्षों में गिने जाते हैं, जब हिमस्खलन और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण तीन दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। एवरेस्ट की बर्फीली ढलानों पर आज भी अनेक पर्वतारोहियों के शव मौजूद हैं, जिन्हें नीचे लाना लगभग असंभव माना जाता है। मई महीने का एवरेस्ट के संदर्भ में विशेष महत्व है क्योंकि इसी दौरान मौसम अपेक्षाकृत अनुकूल होता है और अधिकांश सफल अभियान इसी महीने में पूरे किए जाते हैं। यही कारण है कि एवरेस्ट से जुड़े कई विश्व रिकॉर्ड भी मई में ही बने हैं। माउंट एवरेस्ट को फतह करना पर्वतारोहियों के लिए जहां रहस्य और रोमांच से भरपूर है, वहीं दीगर सच यह भी है कि यह एक ऐसा सफर है, जहां मौत हर कदम पर बांहें फैलाए खड़ी रहती है और इस सफर के लिए फौलाद जैसे कलेजे की जरूरत होती है। बस मामूली-सी चूक हुई और जिंदगी खत्म। हिमालय पर इस सबसे ऊंचे शिखर का पता 1852 में लगा था। तब भारत में जॉर्ज एवरेस्ट गर्वनर जनरल थे और इस शिखर का नामकरण उन्हीं के नाम पर किया गया। 1921 में पहली बार माउंट एवरेस्ट का रास्ता खोजा गया और तभी से एवरेस्ट फतह करने के प्रयास निरन्तर किए जाते रहे हैं। 1922 में जॉर्ज मैलोरी, एडवर्ड नॉर्टन तथा हॉवर्ड सोमेरवेल ने पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ाई का प्रयास किया और वे 8 हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने में सफल भी हुए। 1924 में जॉर्ज मैलोरी तथा एंड्रू इरविन ने एवरेस्ट पर चढ़ाई का प्रयास किया किन्तु दोनों बर्फीले पहाड़ों में कहीं रहस्यमयी तरीके से गायब हो गए। 29 मई 1953 को पहली बार जब न्यूजीलैंड के सर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे ने एवरेस्ट को फतेह किया तो पूरी दुनिया में खलबली मच गई क्योंकि उससे पहले भी इसकी कोशिशें तो बहुत हुई किन्तु सफल कोई नहीं हुआ। पृथ्वी की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट तक पहुंचने के लिए पर्वतारोहियों को अनेक तरह की बाधाओं को पार करना पड़ता है। करीब 8848 मीटर ऊंचे इस शिखर की खड़ी चढ़ाई के दौरान रास्ते में कई ऐसे दर्रे आते हैं, जिनमें से कुछ की गहराई करीब 300-400 फुट है और ऐसे दर्रों को प्रायः सीढ़ियां जोड़कर पार किया जाता है, जो बेहद डरावना और मुश्किलों भरा काम है क्योंकि इन दरारों के बीच जो भी चीज गिरी, वो कभी वापस नहीं लौट सकती। वैसे भी एकबार अगर इन दर्रों को पार करके निकल भी गए तो लौटते समय पुनः इन्हीं दर्रों को पार करना पड़ता है।

## सेहत मंत्र

# पुल्टिस मसाज थेरेपी तुरंत दूर हो जाता है हड्डियों का दर्द

पुल्टिस लगाना या कहिए प्रलेप लगाना एक पुरानी और असरदार घरेलू चिकित्सा प्रणाली है। इसमें हर्ब और अन्य कई प्रकार के नुस्खों को पीस या लेप बनाकर त्वचा पर लगाया जाता है, जोकि भांति प्रकार की समस्याओं को संक्रमण आदि से निजात दिलाते हैं। पुल्टिस हर्ब के फायदे तो शरीर को पहुंचाता है लेकिन यह प्रकृतिक तेल या टिंचर आदि की तरह उतना अधिक सांद्र नहीं होता है। चलिए तो इस लेख के माध्यम से पुल्टीस क्या है, इसके फायदे और बनाने की विधि आदि के बारे में विस्तार से जानते हैं। हर्ब की पोटली (प्रलेप यानी पुल्टिस): पुलटिस को कई तरह से समढा और परिभाषित किया जा सकता है, जैसे पुल्टीस अर्थात - किसी गीली दवा को पीडित अंग पर चढ़ाने की क्रिया, अंग पर कोई गीली दवा छोपना या रखना, किसी अंग विशेषतः त्वचा पर किसी ओषधि का किया जानेवाला लेप या फिर किसी गाढ़ी चीज का किसी दूसरी चीज़ पर किया जानेवाला लेप। पुल्टिस को दरअसल हर्ब्स, चिकनी मिट्टी, चारकोल, लवण या अन्य लाभकारी पदार्थ आदि को पीस कर या फिर ऐसे ही कपड़े में रखकर बनाया जाता है और फिर त्वचा पर रखा जाता है। और फिर इसे की घंटों के लिए वहां पर रखा रहने दिया जाता है। नीचे कुछ प्रकार के पुल्टिस दिए गेए हैं, जिन्हें अलग अगल मर्ज के इलाज में उपयोग किया जता है। विषाक्त बाहर करने व दर्द दूर करने के लिए पुल्टिसः इस पुस्टिस में जड़ी-बूटियों से तैयार पोटली द्वारा शरीर की मालिश की जाती है। दर्द निवारक होने के साथ इससे मांसपेशियों की अकड़न व ऐंठन, स्पॉन्डिलाइटिस, जोड़दर्द, ऑस्टियोआर्थराइटिस और वात से जुड़े दर्द व समस्या आदि में आराम मिलता है। इस प्रक्रिया में जड़ी-बूटियों के चूर्म व रस को मरीज की प्रकृति के हिसाब से उचित मात्रा में लेकर एक लेनन के कपड़े से भर लें और एक पोटली का रूप दे। इसके बाद पोटली को औषधीय तेल में गर्म कर त्वचा पर रखें। सूजन, दर्द और घाव के लिए पुल्टिस के प्रकारः राई की पुल्टिस बनाकर दर्द अथवा सूजन वाली जगह पर इसका सेंक करने से तत्काल राहत मिलती है। राई को पीसकर एरंड के पत्तों पर लेप करे और दर्द वाले अंगो पर लगायें। अलसी के तेल में नमक व हल्दी मिलाकर पुल्टिस बना लें और उससे चोट के कारण आई सूजन तथा दर्द वाले स्थान पर रखकर सेंकाईं करें।

## धर्म मंत्र

# अन्नदाता हैं मां अन्नपूर्णा

अन्नदाता हैं मां अन्नपूर्णाअन्न ब्रह्म का स्वरूप है। समस्त मानव जाति अन्न के बिना असक्त और निष्क्रिय हो जाएगी। मां अन्नपूर्णा अन्नदाता हैं। उनकी कृपा से घर अन्न से भरा-पूरा रहता है और व्यक्ति ऊर्जा से लबालब भरा रहता है। मां अन्नपूर्णा की जयंती मार्गशीर्ष की पूर्णिमा को पड़ती है। मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा को अन्नपूर्णा जयंती मनाई जाती है। ऐसी मान्यता है की जब पृथ्वी पर अन्न की कमी हो गई थी। तब मां पार्वती जी अन्नपूर्णा देवी के रूप में अवतरित हो समस्त मानव जाति की रक्षा की थी। ऐसी मान्यता है कि मां अन्नपूर्णा मार्गशीर्ष की पूर्णिमा को अवतरित हुई थीं। इस दिन त्रिपुर भैरवी जयंती तथा दत्तात्रेय जयंती भी मनाई जाती है। मां अन्नपूर्णा जी उत्पति की कथा पुराणों के अनुसार एक बार भीषण अकाल के कारण संपूर्ण पृथ्वी पर पानी और अन्न समाप्त होने लगा। इसके कारण लोगों के बीच अन्न-जल को लेकर हाहाकार मच गया। पृथ्वी वासी भगवान ब्रह्मा और विष्णु जी की स्तुति करने लगे। ऋषियों और मुनियों ने वैकुंठ लोक और ब्रह्म लोक जाकर भगवान ब्रह्मा जी तथा भगवान विष्णु जी को इस संकट से अवगत कराया। तत्पश्चात भगवान ब्रह्मा जी और भगवान विष्णु जी समस्त ऋषि और मुनियों के साथ कैलाश पहुंचे। ब्रह्मा जी और विष्णु जी ने भगवान शिव जी की आराधना करने लगे। पुकार सुन महदेव जी योग मुद्रा से प्राकृत अवस्था में आए। भगवान शिव ने समस्त लोगों का अभिवादन करते हुए कहा, कृपा कर आप लोग अपने उद्देश्य को बताएं। भगवान ब्रह्मा जी बोले, प्रभु पृथ्वी पर अन्न और जल की कमी हो गई है, इस संकट का समाधान करने में आप ही समर्थ हैं। भगवान शिव ने देवताओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही इस संकट का समाधना हो जाएगा,आप लोग धैर्य धारण करें। वस्तुस्थिति जानने के लिए भगवान शिव ने पृथ्वी का भ्रमण किया।

## पर्यटन



# जिंदादिल शहर है लॉस एंजलिस, नाइट पार्टी, रेस्टोरेंट और आर्ट शो के लिए दुनिया भर में मशहूर

अगर आप विदेश जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो लॉस एंजेलिस एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यहां का खुशनुमा मौसम, दूर-दूर तक फैले समुद्र तट और घूमने-फिरने की तमाम सुविधाओं के कारण इसे एक बेहतरीन पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां आप न सिर्फ समुद्र की ऊंची-ऊंची लहरों पर सर्फिंग कर सकते हैं, बल्कि पहाड़ों पर चढ़ाई करने का आनंद भी उठा सकते हैं। यहां के सुंदर समुद्री तट, नेशनल पार्क और एम्यूजमेंट पार्क तो आपको बिल्कुल एक नई दुनिया में ले जाने का अहसास दिलाता है। लॉस एंजलिस 'सिटी ऑफ लॉस एंजलिस' को 'एलए' के नाम से भी जाना जाता है और इसे 'सिटी ऑफ एंजेल्स' भी कहा जाता है। जिंदादिल शहर है लॉस एंजेलिसः यह कैलिफोर्निया में सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जगह है। यह चारों ओर से पहाड़, घाटी और जंगल से घिरा हुआ है। पैसिफिक महासागर के अलावा इसके निकट रेगिस्तान भी है। ऐसे में आप यहां आकर इन दोनों जगह जाने का लुत्फ ले सकते हैं और नए साली की छुट्टियों को यादगार बना सकते हैं। इसके अलावा 'हॉलिवुड' के कारण भी यह अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहता है और इसे देखने के लिए पूरे साल दुनियाभर से पर्यटक यहां आते हैं। यहां की एक तिहाई से ज्यादा आबादी दूसरे स्थानों से आकर बसी है। दुनियाभर से लोग यहां आए और शहर में रहने लगे। वैसे, यहां ज्यादातर लोग लैटिन अमेरिका, कोरिया, लिटिल इथोपिया, चाइनाटाउन और टोक्यो से आकर बसे हैं। यूनिवर्सल स्टूडियो यदि आप कैलिफोर्निया आएं और लॉस एंजलिस का यूनिवर्सल स्टूडियो देखने न जाएं तो लगेगा आपने कुछ मिस कर दिया। दरअसल, यह यहां के सबसे पुराने फिल्म स्टूडियो में से एक है। यूनिवर्सल स्टूडियो उत्तरी लॉस एंजलिस की सैन फर्नांडो घाटी में चारों ओर फैला हुआ एक स्टूडियो है, जिसे फैमिली फ्रेंडली थीम पार्क के कारण भी जाना जाता है। यह फिल्म के शौकीनों की पसंदीदा जगह है और उन्हें यहां आकर एक सुखद एहसास होता है।

# सिद्धौर-जैदपुर मार्ग पर भीषण हादसा : दो युवकों की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





बाराबंकी। असंद्रा थाना क्षेत्र के सिद्धौर-जैदपुर मार्ग पर गुरुवार देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और परिवारों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार हाजीपुर श्यामनगर निवासी राहुल रावत (25) पुत्र राम बहादुर राजस्थान में मजदूरी करता था। गुरुवार को वह राजस्थान से अपने घर लौट रहा था। बाराबंकी पहुंचने के बाद बकरीद पर्व के चलते कोई साधन न मिलने पर उसने गांव जाने के लिए एक निजी ऑटो बुक किया।

बताया जा रहा है कि जैसे ही ऑटो गांव के करीब पहुंचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सवार राहुल रावत और बाइक चालक प्रवेश रावत (24) पुत्र इंदल रावत निवासी अमहट वार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना देकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने राहुल रावत को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल प्रवेश रावत को जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में चीख-पुकार मच गई। राहुल रावत अपने ननिहाल में रहकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके पीछे पत्नी रामलली और चार वर्षीय मासूम बेटा रह गया है। वहीं प्रवेश रावत अपने पीछे पत्नी अनीता और ढाई वर्षीय बेटी अनिका को छोड़ गया है। दोनों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने से गांव का हर व्यक्ति गमगीन है।

बताया जा रहा है कि राहुल के परिजन बिना पोस्टमार्टम अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, लेकिन उसकी पत्नी रामलली ने पुलिस से पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। हर आंख नम है और लोग यही कह रहे हैं कि सड़क हादसे ने दो परिवारों की दुनिया उजाड़ दी।

# दहेज के लिए ससुराल वालों ने किया विवाहिता की हत्या का प्रयास, पुलिस ने पति समेत तीन पर मुकदमा किया दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

फतेहपुर-बाराबंकी। क्षेत्र के गांव नंदना कला में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ उत्पीड़न, मारपीट, और हत्या के प्रयास का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां पर एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को लिखित तहरीर देकर कारवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता सोनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया, कि उसकी शादी बीते 11 मई 2025 को विवेक कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी ग्राम नंदना कला से हिंदू परम्परा के अनुसार से शादी हुई थी। पीड़िता के अनुसार शादी के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर काफी दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद ही उसके पति विवेक कुमार, सास किरण देवी और ससुर राम अवतार ने उससे दो लाख रुपए नगद और सोने की चेन की अवैध मांग शुरू कर दी। दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा। मांग न पूरी होने पर 25 मई दिन सोमवार को पति विवेक के साथ सास और ससुर ने गला दबाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। शोर मचाने पर पहुंचे पड़ोसियों द्वारा किसी तरह से उसकी जान बच सकी। इस संबंध में कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने बताया, पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति विवेक सेमत तीन लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ससुराल पक्ष ने विवाहित महिला पर पुलिस को झूठी तहरीर देने का लगाया आरोप, मुख्यमंत्री व एसपी से लगाई न्याय की गुहार

इस मामले में पति विवेक कुमार ने बताया, उसकी शादी जहांगीराबाद क्षेत्र के गांव कटेहली निवासी सोनी से 1 वर्ष पूर्व हुई थी। इस बीच बीते ढाई माह पूर्व पति-पत्नी में परिवार से अलग रहने को लेकर आपस में कहासुनी हुई थी। जिसमें मौजूदा प्रधान ने पत्नी की ज़िद के चलते घर के सामने बने आहते में रहने का समझौता करा दिया था। उसी के बाद से वह उसी घर में रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले पत्नी की बहन हमारे घर आई थी। जिसको भेजने को लेकर आपस में वाद विवाद हो गया। और पत्नी के फोन करने पर मायके से बीती रात 11 बजे करीब 20 लोगों ने घर आकर गाली गलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच बीच-बचाव कर रहे परिवार के कुछ लोगों को चोटे भी आई है। वही झूठे मामले को लेकर पति ने मुख्यमंत्री व एसपी से शिक़ायत दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगाई है।

# तपिस पर भारी पड़ी आस्था, बाबा मस्तराम आश्रम में उमड़ी भीड़





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी क्षेत्र के बहरौली स्थित बाबा मस्तराम दास आश्रम में पूर्णिमा से पूर्व गुरुवार को आयोजित मासिक हवन-पूजन कार्यक्रम में भीषण गर्मी के बावजूद आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, बहराइच, हरदोई और रायबरेली समेत कई जिलों से करीब 25 से 30 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन में भाग लेकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पंच मेवों से होने वाले हवन और उसकी भभूति को लेकर भक्तों में विशेष आस्था देखने को मिली। श्रद्धालुओं का मानना है कि बाबा के दरबार में सच्चे मन से आने वालों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। आश्रम परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने पूड़ी, सब्जी और खीर का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं आश्रम के बाहर सजी दुकानों पर दिनभर भीड़ रही, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना रहा। भीड़ को देखते हुए कुर्सी थाना पुलिस के करीब तीन दर्जन पुलिसकर्मी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में तैनात रहे।

### ट्रक मे डमफर के भिड़ने से लगी भीषण आग ,चालक की मृत्यु

हैदरगढ़ बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर कोतवाली के गढ़ी गांव में रेलवे क्रॉसिंग के निकट बृहस्पतिवार रात डंपर और ट्रक के बीच आमने सामने हुई भीषण टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस भयावह दुर्घटना में ट्रक चालक की जहां जलकर दर्दनाक मौत हो गई, वहीं क्लीनर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। डंपर के चालक व क्लीनर मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा तब हुआ जब डंपर और ट्रक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनसे आग की लपटें उठने लगीं। घटना के समय ट्रक में चालक और क्लीनर मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्लीनर किसी तरह आग और धुएं के बीच से निकलकर बाहर आने में कामयाब रहा, लेकिन ट्रक चालक, जिसकी पहचान थाना असंद्रा के गांव पूरे मंसूर निवासी धर्मेंद्र कुमार पाल (30) के रूप में हुई है, केबिन के अंदर ही फंस गया।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड को भी तुरंत बुलाया गया। स्थानीय लोगों, पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने मिलकर आग पर काबू पाने का अथक प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया, लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो चुके थे। बाद में ट्रक के केबिन से ट्रक चालक का बुरी तरह जला हुआ शव बरामद कर पुलिस ने पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### मायके में रह रही विवाहिता की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

रामसनेहीघाट, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम मुरारपुर में गुरुवार सुबह 24 वर्षीय स्वाति वर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी रामसनेहीघाट ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि स्वाति इन दिनों अपने मायके में रह रही थी और उसकी 20 माह की एक बेटी है। सूचना पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी व पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। चिकित्सकों के अनुसार मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

### कुर्सी-महमूदाबाद रोड पर मौत बनकर दौड़ रहे डंपर, कार्रवाई सिर्फ कागजों में!

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजधानी लखनऊ को गैर जनपदों से जोड़ने वाला अत्यंत व्यस्त कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग इन दिनों बेलगाम और ओवरलोड डंपरों की दहशत से कांप रहा है। परिवहन विभाग और प्रशासन भले ही समय-समय पर कार्रवाई के बड़े दावे कर रहे हों, लेकिन हकीकत यह है कि सड़क पर आज भी तेज रफ्तार डंपरों का आतंक बदस्तूर जारी है। संजय सेतु डायवर्जन और सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ गया है। हालत यह है कि दिन-रात ओवरलोड डंपर फर्राटा भरते हुए गुजर रहे हैं। सड़क किनारे बसे गांवों के लोग, स्कूल जाने वाले बच्चे, बाइक सवार और राहगीर हर पल हादसे के साये में सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि परिवहन विभाग की सक्रियता केवल तब दिखाई देती है जब जिलाधिकारी का सख्त रुख सामने आता है। कुछ घंटों की खानापूर्ति वाली चेकिंग के बाद फिर वही पुराना खेल शुरू हो जाता है। सबसे संवेदनशील कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग पर स्थायी निगरानी और प्रभावी कार्रवाई नदारद है। ग्रामीणों का कहना है कि कई डंपर बिना नंबर प्लेट, बिना फिटनेस और ओवरलोड हालत में खुलेआम दौड़ रहे हैं। तेज रफ्तार के कारण सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया है। बीते महीनों में इस मार्ग पर कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की नींद अब तक नहीं टूटी।

लोगों का आरोप है कि कार्रवाई सिर्फ अखबारों और बैठकों तक सीमित रह जाती है, जबकि धरातल पर डंपर माफियाओं के सामने नियम बेबस दिखाई देते हैं। यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो यह मार्ग किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि कुर्सी-महमूदाबाद मार्ग पर स्थायी चेकिंग अभियान चलाया जाए, ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो तथा नियम तोड़ने वाले डंपरों को तत्काल सीज किया जाए, ताकि आम जनता की जिंदगी सुरक्षित रह सके।

### दुर्गा धाम देवनगर में गूंजेगी रामकथा, जुटेंगे हजारों रामभक्त

अखंडनगर/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद सुल्तानपुर के पूर्वी छोर स्थित दुर्गा धाम देवनगर में पांच दिवसीय भव्य रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कन्हाइन समिति खानपुर पिलाई कोट के सौजन्य से आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र भर के रामभक्तों के जुटने की संभावना है। यह रामकथा 29 मई से प्रारम्भ होकर 2 जून तक चलेगी। कथा वाचन के लिए अयोध्या धाम से पधार रहीं प्रसिद्ध कथावाचिका देवी सुनैना कृष्णा जी श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम की दिव्य कथा का रसपान कराएंगी। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार, यह आयोजन कछवाहा वंशी क्षत्रियों एवं रक्त संबंधियों की कुल देवी जमवाय माता मंदिर परिसर में किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुल्तानपुर के साथ-साथ अंबेडकरनगर, आजमगढ़ और जौनपुर जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। 3 जून को पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के लगभग 52 गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से रामकथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया है। समिति अध्यक्ष बाबू सुरेश सिंह के नेतृत्व में बाबू अनिल सिंह, प्रेमचंद सिंह, अशोक सिंह, विनोद सिंह, सुनील सिंह एवं मनोज प्रभाकर सिंह ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों को कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया।

### संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

बल्दीराय/सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम सझौंवा मजरे बहुरांवा में दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही बल्दीराय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतका लक्ष्मी (27 वर्ष) पत्नी रविकुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तब तक परिजन महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जा चुके थे। बल्दीराय पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण के बाद अस्पताल पहुंच कर मृतका के शव का पंचनामा करवाने के बाद शव को पीएम के लिए मर्चरी हाऊस भेज दिया। मृतका के भाई ने हत्या किए जाने की जताई आशंका कूरेभार थाना क्षेत्र के पूरे सागर मजरे पुरखीपुर निवासी मृतका के भाई कप्तान ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की शादी करीब 15 वर्ष पूर्व रविकुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करते थे। भाई का आरोप है कि बृहस्पतिवार को भी लक्ष्मी के साथ मारपीट की गई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ईद-उल-अजहा पर अमन, भाईचारा और सौहार्द की मिसाल बना बाराबंकी, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बीच अदा हुई नमाज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





बाराबंकी। ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व शनिवार को पूरे जिले में अमन, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल के रूप में मनाया गया। जिले की ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी तथा परंपरागत तरीके से कुर्बानी की रस्म अदा की। शहर के पीरबटावन स्थित ईदगाह समेत जिलेभर की प्रमुख ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण कई स्थानों पर नमाज दो पालियों में संपन्न कराई गई। पूरे दिन जिले में उल्लास, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बना रहा। ईद-उल-अजहा को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह का प्रशासनिक कौशल साफ नजर आया। उनके निर्देश पर जनपदभर में सुरक्षा, यातायात और साफ-सफाई की व्यापक व्यवस्थाएं की गई थीं। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी गई तथा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी संगम कुमार सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रामजतन यादव, महिला थाना प्रभारी रतन सिंह और नगर कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार सिंह समेत भारी पुलिस बल विभिन्न ईदगाहों और आसपास के क्षेत्रों में तैनात रहा। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद रहकर नमाज और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जनपदवासियों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, समर्पण और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने सभी लोगों से प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता के साथ त्योहार मनाने की अपील की।


पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि बाराबंकी की गंगा-जमुनी तहजीब पूरे प्रदेश में मिसाल है। उन्होंने नागरिकों से शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। वहीं नवाबगंज एसडीएम गुंजिता अग्रवाल ने भी जनपदवासियों को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। पूरे दिन जिलेभर में त्योहार शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। जैदपुर क्षेत्र में भी बलिदान का प्रतीक ईद-उल-अजहा का पर्व उत्साह और अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। प्रशासन और पुलिस की सक्रियता के चलते नमाज के दौरान भी मुख्य मार्ग आमजन के लिए सुचारु रूप से खुले रहे और यातायात व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई। छोटे-बड़े वाहन सामान्य रूप से गुजरते रहे, जिससे प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सराहना होती रही।

# संजय सिंह मामले मे विवेचक कोर्ट नहीं पहुंचे, सुनवाई टली, अगली सुनवाई 15 जून को

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश के जिला सुलतानपुर में आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह से जुड़े आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई टल गई। मामले के विवेचक लगातार दूसरी बार अदालत में उपस्थित नहीं हुए। अधिवक्ता मदन सिंह ने शुक्रवार बताया कि विवेचक को आज गवाही या बयान दर्ज कराने के लिए हाजिर होना था। इससे पहले, 20 मई को भी विवेचक कोर्ट में नहीं पहुंचे थे। वहीं, 14 मई को अभियोजन पक्ष के गवाह सिपाही पंकज कुमार की गवाही दर्ज की गई थी और बचाव पक्ष ने उनसे जिरह पूरी की थी। पंकज कुमार घटना के समय तत्कालीन थाना प्रभारी प्रवीण सिंह के साथ थे। एमपी-एमएलए कोर्ट में अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 जून को तय की है। यह मामला 13 अप्रैल 2021 को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान बंधुआकला थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में आयोजित एक चुनावी सभा से संबंधित है। आरोप है कि जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के समर्थन में बिना अनुमति सभा आयोजित कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया गया था। पुलिस ने इस प्रकरण में संजय सिंह सहित 12 नामजद और 45 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच पूरी होने के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी और जगदीश यादव समेत कुल 11 लोगों को आरोपित बनाया गया। अन्य आरोपितों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। संजय सिंह के लगातार गैरहाजिर रहने पर कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था।

# भाजपा सरकार के मंत्रियों-विधायकों की जांच की मांग को लेकर कांग्रेस की पत्रकार वार्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




सुल्तानपुर। जिला कांग्रेस कमेटी और शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को एक पत्रकार वार्ता आयोजित कर भाजपा सरकार के मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्तियों, आय के स्रोतों और सरकारी कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई गई। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और प्रशासनिक मनमानी के आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई मंत्री और विधायक भ्रष्टाचार तथा अवैध संपत्ति अर्जित करने के आरोपों से घिरे हैं। कांग्रेस की मांग है कि उनकी संपत्तियों, बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की निष्पक्ष जांच केंद्रीय एजेंसियों से कराई जाए। उन्होंने कहा कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। पत्रकार वार्ता में महोबा दलित छात्रा प्रकरण का भी उल्लेख किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं, दलितों और कमजोर वर्गों के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं तथा सरकार इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है। साथ ही महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और कानून व्यवस्था के मुद्दे भी उठाए गए। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्ष पर एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। वहीं किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह ने कहा कि किसान, नौजवान और आम जनता विभिन्न समस्याओं से जूझ रही है। कार्यक्रम में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, जिला प्रवक्ता सियाराम तिवारी, हरीश त्रिपाठी, सलाउद्दीन हाशमी, अपरबल सिंह, ममनून आलम, आवेश अहमद, अवधेश गौतम और शीतला साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# ‘मानसिक तनाव’ से जूझ रहे हार्दिक पंड्या का मुंबई इंडियंस से नाता खत्म

एजेंसी




नयी दिल्ली। मानसिक रूप से तनावग्रस्त मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के निराशाजनक अभियान के बाद फ्रेंचाइजी छोड़ने की तैयारी में हैं और टूर्नामेंट के एक शीर्ष सूत्र ने शुक्रवार को पीटीआई को बताया कि उन्होंने यह बात सत्र के बीच में ही टीम प्रबंधन को बता दी थी। बत्तीस साल के पंड्या ने 2024 में रोहित शर्मा की जगह कप्तानी संभाली थी। उन्होंने टीम के खराब आईपीएल अभियान के खत्म होने से कई हफ्ते पहले ही मुंबई इंडियंस प्रबंधन को फ्रेंचाइजी छोड़ने के अपने फैसले के बारे में बता दिया था। पता चला है कि जब प्लेऑफ की उम्मीदें कई मैच बाकी रहते ही खत्म हो गईं, तब पंड्या और मुंबई इंडियंस दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला कर लिया। आईपीएल के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, ‘‘हार्दिक मानसिक तनाव में थे और पूरी तरह थक चुके थे। उन्हें पीठ में चोट भी लगी थी। वास्तव में, जैसे ही प्लेऑफ की उम्मीदें खत्म हुईं, हार्दिक ने फ्रेंचाइजी के फैसल लेने वालों को बता दिया कि वह आगे टीम के साथ नहीं रहेंगे। सूत्र ने कहा, ‘‘हार्दिक अभी केवल 32 साल के हैं। वह 2024 में 30 साल की उम्र में, मुंबई इंडियंस में लौटे थे। पहले साल उन्हें ‘हूटिंग’ का सामना करना पड़ा और इस सत्र में भी चीजें योजना के अनुसार नहीं चलीं। सूत्र ने कप्तानी के उस परिवर्तन की ओर इशारा किया जिसमें बेहद लोकप्रिय रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक को कप्तान बनाया गया था। पिछले दो सत्र में मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों ने कई बार पंड्या को मैचों के दौरान ‘हूट’ किया। हालांकि वह इस आलोचना से स्पष्ट रूप से प्रभावित दिखे, फिर भी उन्होंने कहा था कि ‘यह एक कठिन लेकिन मनोरंजक सफर रहा है। आईपीएल सूत्र के अनुसार, अब उनकी सहनशीलता जवाब दे चुकी है। सूत्र ने कहा, ‘‘एक युवा आखिर कितना सह सकता है? पिछले तीन साल उनके लिए आसान नहीं रहे। 2021 में जिस मुंबई इंडियंस ड्रेसिंग रूम को वह छोड़कर गए थे, 2024 में लौटने पर वह वैसा नहीं था। सभी वरिष्ठ खिलाड़ी एकमत नहीं थे। उन्होंने कहा, ‘‘अगर अलग-अलग विचारों के बावजूद परिणाम अच्छे आते तो शायद इतनी निराशा नहीं होती। लेकिन जब हर कोई अलग दिशा में खींचने लगे, तो एक समय के बाद मानसिक रूप से आगे बढ़ पाना मुश्किल हो जाता है। इसलिए हार्दिक ने सत्र के बीच में ही तय कर लिया था कि वह अगले सत्र में मुंबई इंडियंस का हिस्सा नहीं होंगे।

# आईपीएल में खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के लिए स्मार्ट चश्मों के इस्तेमाल पर रोक

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीएसयू) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों द्वारा स्मार्ट चश्मों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने इन चश्मों में मौजूद उन्नत संचार सुविधाओं को सुरक्षा और भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के लिए खतरा बताया है। बीसीसीआई एसीएसयू ने सभी फ्रेंचाइजी को जारी एक परामर्श में कहा कि कुछ कंपनियां खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को स्मार्ट चश्मे बेच रही हैं। बीसीसीआई ने कहा, ल्लइन उपकरणों में लाइव स्ट्रीमिंग, टेक्स्ट संदेश भेजने और प्राप्त करने के साथ-साथ मोबाइल डेटा या वाई-फाई के जरिए ऑडियो और वीडियो कॉलिंग जैसी उन्नत संचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा, ल्लपीएमओए (खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों का क्षेत्र) के न्यूनतम मानकों के तहत ऐसे स्मार्ट चश्मों को ‘ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग उपकरण’ और ‘संचार उपकरण’ दोनों श्रेणियों में रखा गया है। इसी कारण पीएमओए क्षेत्र में इन्हें रखने या इस्तेमाल करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। आईपीएल में पहले से ही खिलाड़ियों को निर्धारित पीएमओए क्षेत्रों में मोबाइल या अन्य संचार उपकरणों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है। हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के अधिकारी रोमी भिंडर को टीम डगआउट में मोबाइल फोन इस्तेमाल करते हुए कैमरे में पकड़े जाने पर एक लाख रुपये का जुर्माना और चेतावनी दी गई थी। बीसीसीआई ने अपने नवीनतम निर्देश में खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों से कहा है कि वे पीएमओए में प्रवेश करने से पहले स्मार्ट चश्मे भी जमा कराएं। बोर्ड ने नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। बीसीसीआई ने कहा, सभी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को निर्देश दिया जाता है कि मैच के दिन पीएमओए में प्रवेश करते समय वे अपने मोबाइल फोन और स्मार्टवॉच के साथ ऐसे उपकरण भी सिक्योरिटी लायजन ऑफिसर (एसएलओ) के पास जमा करें। बोर्ड ने कहा, कोई खिलाड़ी या स्टाफ सदस्य अगर ऐसे उपकरण जमा नहीं करता है, तो इसे पीएमओए प्रोटोकॉल का उल्लंघन माना जाएगा और आईपीएल 2026 के न्यूनतम मानकों के तहत उस पर जुर्माना या अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। आईपीएल के इस सत्र में आचार संहिता उल्लंघन की कई घटनाएं सामने आने के बाद बीसीसीआई पहले ही सख्त दिशा-निर्देश जारी कर चुका है। इसके तहत खिलाड़ियों के बिना अनुमति देर रात बाहर जाने पर रोक लगा दी गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## सिंधू सिंगापुर ओपन के अंतिम-आठ में आन से यंग से हारी

**सिंगापुर।** भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू विश्व नंबर एक एन से यंग के सामने लगातार दबाव बनाए रखने के लिए जरूरी निरंतरता नहीं दिखा सकीं और शुक्रवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हारकर उनका अभियान समाप्त हो गया। कोरिया की खिलाड़ी एन से यंग ने इस मुकाबले को 21-17, 21-14 से जीतकर सिंधू पर अपना दबदबा कायम रखा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने बीच-बीच में अपने आक्रामक खेल की झलक दिखाई और कुछ चरणों में कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में सफल रहीं, लेकिन निर्णायक क्षणों में एन से यंग का बेहतर नियंत्रण, बेहतरीन मूवमेंट और महत्वपूर्ण अंकों को भुनाने की क्षमता हावी रही। इस हार के साथ सिंधू का मौजूदा ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ लगातार हार का सिलसिला नौ मैचों तक पहुंच गया है। इन मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी केवल एक बार ही गेम जीत सकी हैं, जो 2023 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में संभव हुआ था। मुकाबले से पहले ही सिंधू के लिये यह चुनौती बेहद कठिन मानी जा रही थी, क्योंकि इस वर्ष एन से यंग ने केवल एक मैच गंवाया है, जबकि 2025 में पूरे वर्ष में उन्हें केवल चार ही हार मिली हैं। यह अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर उनकी असाधारण दबदबे को दर्शाता है। सिंधू ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाते हुए अपने दमदार स्मैश और तेज इंटरसेप्शन के जरिए रैलियों पर नियंत्रण बनाने की कोशिश की। वह हालांकि पहले गेम के ब्रेक के समय 7-11 से पीछे रहीं। ब्रेक के बाद लगातार आक्रामक रिटर्न और शॉट्स की मदद से उन्होंने वापसी करते हुए स्कोर 13-14 तक पहुंचा दिया। सिंधू की आक्रामक रणनीति उन्हें मुकाबले में बनाए रख रही थी, वहीं दूसरी ओर नेट पर एन का नियंत्रण और दबाव झेलने की क्षमता उन्हें फिर से बढ़त दिला रही थी। सिंधू ने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी के शरीर पर ताकतवर स्मैश और कुछ कमाल के शॉट की मदद से अंतर 16-18 तक घटाया और फिर मैच की सबसे लंबी रैली जीतकर स्कोर 17-19 कर दिया। सिंधू का शॉट कोर्ट से बाहर जाने पर एन से यंग को तीन गेम पॉइंट मिल गए जिसे उन्होंने आसानी से भुना लिया। भारतीय खिलाड़ी की दूसरे गेम में शुरूआत बेहद ही खराब रही। एन ने बिना समय गंवाये 6-0 की बढ़त बना ली। सिंधू ने हालांकि इसके बाद अच्छी वापसी कर स्कोर को 6-8 किया लेकिन ऐन ने ब्रेक तक स्कोर 11-7 कर चार अंकों की बढ़त बना ली। सिधू ने ब्रेक के बाद आक्रामक रूख अपनाने की कोशिश कर स्कोर को 11-14 और फिर 30 शॉट की लंबी रैली जीतकर अंतर 12-14 तक घटा दिया। भारतीय खिलाड़ी को निर्णायक क्षणों में कुछ गलतियां करना महंगा पड़ा जिसका फायदा उठा कर ऐन ने 18-13 की बड़ी बढ़त कायम कर ली। कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार बेहतरीन प्लेसमेंट से सिंधू को परेशान करते हुए सात मैच पॉइंट हासिल किए। सिंधू को शॉट कोर्ट से बाहर जाते ही उन्होंने दूसेर मैच प्वाइंट को भुनाकर 48 मिनट तक चले इस मुकाबले को अपने नाम कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

## कुंबले ने वैभव सूर्यवंशी के प्रदर्शन में निरंतरता की सराहना की

**मुल्लांपुर।** भारतीय स्पिन दिग्गज अनिल कुंबले ने 15 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी और निरंतरता की जमकर सराहना करते हुए कहा कि केवल छक्कों की ताकत नहीं, बल्कि प्रदर्शन में निरंतरता ही इस युवा खिलाड़ी को खास बनाती है। सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में 65 छक्के जड़कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के 2012 में बनाए गए 59 छक्कों के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। राजस्थान रॉयल्स के इस युवा खिलाड़ी ने 15 पारियों में 680 रन बनाकर ऑरेंज कैप (आईपीएल सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी को दी जाने वाली सूची में शीर्ष स्थान) भी अपने नाम कर ली है। इसी के साथ उन्होंने एक टी20 सीरीज में किशोर खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया है। कुंबले ने ‘जियो हॉटस्टार’ के ‘गेम प्लान’ में कहा, ल्लवैभव सूर्यवंशी ‘ऑरेंज कैप’ धारक हैं, और यह उपलब्धि सिर्फ एक बार या कुछ ही टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने से नहीं मिलती। उन्होंने पिछले दो महीनों में लगातार ऐसा प्रदर्शन किया है, और यह इस युवा खिलाड़ी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उन्होंने कहा, ल्लवह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन यह सिर्फ मैदान पर जाकर कुछ छक्के जड़ने की बात नहीं है। कुंबले ने कहा कि सूर्यवंशी के उभार से उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल पर भी दबाव बढ़ा है। जायसवाल ने इस सत्र में 15 मैचों में 426 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 32.77 और स्ट्राइक रेट 153.24 रहा है। कुंबले ने कहा, ल्लजायसवाल को गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की है, लेकिन वह निश्चित रूप से दबाव में हैं। कुछ साल पहले सारी चर्चा उन्हीं पर थी, लेकिन अब 15 साल का एक खिलाड़ी पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोर रहा है। उन्होंने आगे कहा, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में भी उनकी साझेदारी शानदार रही थी।

## आईबीसी के 10 साल पूरे, वित्त मंत्री ने कहा- इसने वित्तीय प्रणाली को मजबूत किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) ने भारत की वित्तीय प्रणाली को मज़बूत किया है और संकटग्रस्त व्यवसायों को तेज़ी से पटरी पर लाने में मदद की है। इस इन्सॉल्वेंसी कानून के लागू हुए 10 साल पूरे हो गए हैं। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी), जो 2016 में लागू हुई थी, उसके आज 10 वर्ष पूरे हुए। लागू होने के एक दशक बाद, यह संहिता न केवल एक विधायी सुधार के रूप में उभरी है बल्कि एक ऐसे संस्थागत बदलाव के रूप में भी सामने आई है, जिसका दूरगामी प्रभाव ऋण बाजारों, कंपनियों के व्यवहार, निवेशकों के विश्वास और आर्थिक दक्षता पर पड़ा है। मंत्रालय ने कहा कि एक ऐतिहासिक सुधार के रूप में सराहे गए, इस संहिता को देश के बिखरे दिवाला ढांचे को समेकित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से लागू किया गया था। इसके कार्यान्वयन से वसूली तंत्र में सुधार हुआ है, इससे उधार लेने एवं देने की जिम्मेदार कार्यपद्धतियों को प्रोत्साहन मिला है, भारत की वित्तीय एवं कानूनी प्रणालियों में विश्वास मजबूत हुआ है। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने कहा कि इसका प्रमाण इस तथ्य से मिलता है कि मार्च 2026 तक 1,419 मामलों में समाधान योजनाएं तैयार की जा चुकी थीं। इस समाधान प्रक्रिया के जरिए लेनदारों को 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वसूली संभव हुई है। लेनदारों को प्राप्त यह वसूली क्रमश: उनके उचित मूल्य के 95 फीसदी और परिसमापन मूल्य के 167 फीसदी के बराबर है। मंत्रालय के मुताबिक आज इस संहिता के इर्द-गिर्द विकसित हो रहे न्यायशास्त्र ने एक ऐसे मजबूत एवं गतिशील दिवाला इकोसिस्टम के विकास में पूरा योगदान दिया है, जो उभरती आर्थिक वास्तविकताओं और हितधारकों की अपेक्षाओं के अनुरूप ढलता रहता है। मार्च 2026 तक, कुल 8,987 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 7,102 मामलों का निपटारा हो चुका है। इन निपटाए गए सभी मामलों में से लगभग 58 फीसदी यानी 4,099 कंपनियों को सफलतापूर्वक बचाया गया जबकि 3,003 मामलों का परिसमापन कर दिया गया।

# सबकुछ शून्य से शुरू करना पड़ा, लेकिन अंत भला तो सब भला: यास्तिका

एजेंसी



चेम्सफोर्ड। करियर को खतरे में डालने वाली एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) चोट से उबरकर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 54 रनों की मैच जिताऊ पारी खेलने वाली भारतीय बल्लेबाज यास्तिका भाटिया ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि उन्हें अपने करियर को शून्य से शुरू करना पड़ा। यास्तिका को पिछले साल विशाखापत्तनम में भारत के वनडे विश्व कप की तैयारी शिविर के दौरान बाएं घुटने में गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन से गुजरना पड़ा। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतकीय पारी से यादगार वापसी की। भारत ने इस मैच को 38 रन से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में शानदार शुरुआत की। यास्तिका ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, ल्लमुझे लगता है कि जो लोग एसीएल सर्जरी से गुजरते हैं, वे समझते हैं कि यह कितना मुश्किल होता है। उस पैर की पूरी मांसपेशी लगभग खत्म हो जाती है। आपको सचमुच खुद को शून्य से दोबारा बनाना पड़ता है। इस खब्बू बल्लेबाज ने कहा कि सर्जरी के बाद का दौर बेहद कठिन था। उन्होंने कहा, रिहैब के दौरान कई ऐसे दिन आए जब ऐसा लगता था कि कोई प्रगति नहीं हो रही है, लेकिन मैं हर दिन बस कोशिश करती रही। उन्होंने आगे कहा, कुछ महीनों के बाद धीरे-धीरे सुधार दिखने लगा और आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें लगातार हिम्मत दी। परिवार, दोस्त और ‘सेंटर ऑफ एक्सीलेंस’ का स्टाफ, इसके अलावा टीम की साथी जेमिमा रोड्रिग्स जैसी खिलाड़ी, सभी लगातार मेरा हाल पूछते रहे। मैं सभी की बहुत आभारी हूं अंत भला तो सब भला। चोट के कारण वह पिछले साल भारत की वनडे विश्व कप जीत का हिस्सा नहीं बन पाईं थीं। उन्होंने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2024 में खेला था। यास्तिका ने वापसी के बाद पहले ही मैच में, जब टीम के दो विकेट सात रन पर गिर चुके थे, दबाव की स्थिति में बल्लेबाजी करते हुए जेमिमा के साथ मिलकर 126 रनों की अहम साझेदारी निभाई, जिसने भारत की 38 रन की जीत की नींव रखी। उन्होंने कहा, जेमी (जेमिमा) ने शुरुआत में मुझे भरोसा दिया और लगातार समर्थन किया। उसने कहा, ‘बस साझेदारी बनाओ और पॉजिटिव खेलते रहो’। बाद में वह खुद भी लय में आ गई और मैच का रुख बदल दिया। यास्तिका ने जेमिमा की 40 गेंद में 69 रन की पारी की तारीफ करते हुए कहा, ल्लउन्होंने बहुत समझदारी दिखाई। शुरुआत में वह बहुत संयमित थीं और जब मैं अपनी लय पाने की कोशिश कर रही थी, तो वह लगातार मेरा हौसला बढ़ाती रहीं। उन्होंने कहा, अगर मुझसे एक-दो गेंदें छूट भी जाती थीं, तो वह कहती थीं, ‘कोई बात नहीं यास्तिका, तुम अच्छी बल्लेबाजी कर रही हो, बस ऐसे ही खेलते रहो।’ बाद में वह भी लय में आ गईं और मैच पर हमारी पकड़ मजबूत होती चली गई। भारत के लिए इस मैच में एक और सकारात्मक पहलू पदार्पण कर रही तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा का प्रदर्शन रहा। नंदनी ने 34 रन देकर तीन विकेट झटके। यास्तिका ने कहा, उसकी धीमी गेंदें उसकी ताकत हैं और उसने उनका बेहतरीन इस्तेमाल किया। पदार्पण पर ऐसा प्रदर्शन बेहद खास है।

## मेसी के साथ अर्जेंटीना की विश्व कप टीम में कई खिलाड़ियों को मिली जगह

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने लगातार बढ़ती चोटों की चिंताओं के बीच स्पष्ट किया है कि कप्तान लियोनेल मेसी सहित ज्यादातर मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ी 2026 फीफा विश्व कप के लिए टीम का हिस्सा होंगे। अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार विश्व खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने बृहस्पतिवार को 26 सदस्यीय विश्व कप टीम की घोषणा की, जिसमें 39 वर्ष के होने जा रहे लियोनेल मेसी सबसे बड़े आकर्षण हैं। इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने चार वर्ष पहले कतर में फ्रांस को हराकर अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाया था। टीम घोषित होने से पहले कई खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ था। खुद मेसी भी चोट से जूझ रहे हैं। इसी कारण वह पिछले रविवार इंटर मियामी के मैच को पूरा नहीं खेल सके थे।

# सर्राफा बाजार में जोरदार गिरावट सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों में आज शुरुआती कारोबार के दौरान ये चमकीली धातु आज 2,050 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ती हो गई है। वहीं, चेन्नई में सोने की कीमत में शुरुआती कारोबार के दौरान 1,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,640 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। सोना की तरह चांदी भी आज 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। भाव में आई गिरावट के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,56,050 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,58,170 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,43,040 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में आग कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,56,200 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,56,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,43,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,58,170 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,44,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,56,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,43,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,43,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# कोयला गैसीकरण भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र में ‘नई क्रांति‘ लाएगा: जी. किशन रेड्डी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि कोयला गैसीकरण भारत के ऊर्ज़ा क्षेत्र में ‘नई क्रांति‘ व औद्योगिक आत्मनिर्भरता लाएगा। जी. किशन रेड्डी ने कहा कि देश एक आत्मनिर्भर और सुरक्षित ऊर्ज़ा इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है, जिसमें कोयला गैसीकरण और महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, 2047 तक ‘विकसित भारत‘ के लक्ष्य को हासिल करने के लिए मुख्य स्तंभों का काम करेंगे। कोयला मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में ‘सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना‘ पर आयोजित रोडशो के बाद अपने संबोधन में केंद्रीय कोयला और खान मंत्री ने ये बात कही। रेड्डी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत एक भविष्य के लिए तैयार, आत्मनिर्भर और सुरक्षित ऊर्ज़ा इकोसिस्टम की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है, जो जिसमें कोयला गैसीकरण देश के औद्योगिक और आर्थिक बदलाव का एक प्रमुख स्तंभ बनकर उभर रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोयला गैसीकरण केवल एक ऊर्ज़ा पहल नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक राष्ट्रीय मिशन है जो भारत को आयात पर निर्भरता कम करने, स्वच्छ कोयले के उपयोग को बढ़ावा देने और उर्वरक, पेट्रोकेमिकल्स, मेथनॉल, हाइड्रोजन और उन्नत विनिर्माण सहित डाउनस्ट्रीम उद्योगों में नए अवसर पैदा करने में मदद करेगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में कोयला और खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने इस बात पर प्रकाश डाला कि केंद्र सरकार के अनुमोदित 37,500 करोड़ रुपये की योजना, कोयला गैसीकरण और देश के प्रचुर घेरलू कोयला संसाधनों के स्वच्छ उपयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बताया कि यह पहल एलएनजी, मेथनॉल, अमोनिया, यूरिया, अमोनियम नाइट्रेट और कोकिंग कोयला जैसे उत्पादों के आयात पर निर्भरता को काफी हद तक कम करेगी, साथ ही भारत की ऊर्ज़ा सुरक्षा और औद्योगिक आत्मनिर्भरता को भी सुदृढ़ करेगी।

# भारत-कनाडा ने आर्थिक साझेदारी मजबूत करने को शुरू किया व्यापार एवं निवेश मंच

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और कनाडा ने व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापार एवं निवेश मंच की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य दोनों देशों के व्यवसायों को एक साथ लाना है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की तीन दिवसीय (25-27 मई) आधिकारिक यात्रा के समापन के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया है कि कनाडा के व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की है, ताकि दोनों देशों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और व्यवसायों के लिए कारोबारी अवसरों को बढ़ाने वाले मजबूत परिणाम प्राप्त किए जा सकें। मंत्रालय के अनुसार कनाडा-भारत व्यापार एवं निवेश मंच के तहत दोनों ही पक्षों ने एक महत्वाकांक्षी एवं परस्पर लाभकारी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और इस वर्ष के अंत तक वार्ता पूरी करने के साझा लक्ष्य की पुष्टि की। दोनों देशों ने भारत और कनाडा के बीच संपर्क बढ़ाने पर भी सहमति जताई है। इसमें लोगों के बीच संपर्क, व्यापारिक सुगमता और प्रत्यक्ष वाणिज्यिक संबंध शामिल हैं, जिन्हें व्यापार एवं निवेश के विस्तार के लिए महत्वपूर्ण कारक माना गया है। कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनींदर सिद्धू सिद्धू ने पुष्टि की कि कनाडा इस वर्ष के अंत में ‘टीम कनाडा ट्रेड मिशन’ का प्रतिनिधिमंडल भारत भेजेगा। पीयूष गोयल के नेतृत्व में 150 से अधिक सदस्यों का व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल 25 से 27 मई के दौरान कनाडा गया था। इस दौरान उन्होंने व्यापार जगत के कई दिग्गजों के साथ बैठकें कीं और कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनींदर सिद्धू के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी की।

# रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 6.9 फीसदी जीडीपी ग्रोथ का जताया अनुमान

एजेंसी





नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संकट और बढ़ते हुए वैश्विक तनाव के बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद मजबूत बनी हुई है और मजबूत वृहद आर्थिक आधार चालू वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि को सहारा देंगे। रिपोर्ट के मुताबिक ऊंची ऊर्ज़ा कीमतों, आपूर्ति शृंखला में बाधाओं और वैश्विक बाजारों से आने वाली चुनौतियों के बावजूद कंपनियों एवं बैंकिंग क्षेत्र के मजबूत बही-खाते तथा सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर भारत की मजबूत वृद्धि गति के लिए अनुकूल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अपनी मजबूत घरेलू बुनियादी ढांचे के दम पर भारत आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ता रहेगा। आरबीआई रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 में भू-राजनीतिक जोखिम वैश्विक वृद्धि के लिए प्रमुख बाधा बनकर उभरा है। फरवरी के अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने का असर वैश्विक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमानों में दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यम वैश्विक वृद्धि के परिदृश्य के बीच वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि, पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष नकारात्मक जोखिम पैदा कर सकता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 फीसदी की वृद्धि दर से बढ़ते हुए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर 7.1 फीसदी थी। यह मजबूत घरेलू मांग, निरंतर निवेश, सक्रिय नीतिगत पहल और ठोस व्यापक आर्थिक आधार से समर्थित रही। इस रिपोर्ट में इसमें कहा गया कि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ विभिन्न व्यापार समझौतों का क्रियान्वयन भारत की वृद्धि को और गति देगा। इस रिपोर्ट में कहा गया कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव प्रमुख कच्चे माल, विशेषकर उर्वरकों की उपलब्धता और कीमतों पर दबाव डाल सकते हैं।

# आंतरिक शांति ही बाहरी सौहार्द का आधार : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन का 45वां स्थापना दिवस समारोह भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु, स्वयंसेवक, आध्यात्मिक साधक और अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।




समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आंतरिक शांति ही बाहरी सौहार्द का वास्तविक आधार है।ङ्क उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया तनाव, संघर्ष और मानसिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में आध्यात्मिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं और आत्मिक संतुलन का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि समाज में स्थायी शांति और भाईचारे की स्थापना तभी संभव है, जब व्यक्ति भीतर से शांत, संतुलित और सकारात्मक हो।

उपराष्ट्रपति ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र ह्लवसुधैव कुटुंबकम्ङ्क को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने की भारतीय सोच आज वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक हो गई है और आर्ट ऑफ लिविंग इस संदेश को प्रभावी रूप से विश्वभर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

उपरष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिकता और भारतीय प्राचीन परंपराएं एक-दूसरे की विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। आर्ट ऑफ लिविंग योग, ध्यान, प्राणायाम और मानवीय मूल्यों के माध्यम से आधुनिक जीवनशैली और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के बीच संतुलन स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है। समारोह में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर, देश-विदेश के कई विशिष्ट अतिथि, संस्था के वरिष्ठ सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिकता, विश्व शांति, मानसिक स्वास्थ्य, युवा जागरूकता और समाज सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

वक्ताओं ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था विश्व के अनेक देशों में योग, ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही है। संस्था के विभिन्न अभियान तनावमुक्त जीवन, सामाजिक समरसता, मानवता और विश्व शांति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आर्ट ऑफ लिविंग के 45वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विशेष स्मारक डाक टिकट का विमोचन भी किया। इस ऐतिहासिक क्षण का उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। समारोह का समापन सामूहिक ध्यान, भजन और विश्व शांति की प्रार्थना के साथ हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का संदेश दिया।-

# हवाई अड्डों की सुरक्षा और ड्रोन विरोधी प्रशिक्षण पर सीआईएसएफ की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

चंडीगढ़। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक प्रवीर रंजन की अध्यक्षता में आज चंडीगढ़ में एक उच्च स्तरीय परिचालन समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें ड्रोन-विरोधी प्रशिक्षण और हवाई अड्डों की सुरक्षा पुख्ता करने पर मुख्य जोर दिया गया।

रंजन ने बताया कि बैठक का उद्देश्य सीआईएसएफ के उत्तर क्षेत्र और हवाई अड्डा क्षेत्र की सुरक्षा तैयारियों, सामरिक रणनीतियों और परिचालन क्षमताओं का व्यापक मूल्यांकन करना था। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात जैसे अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राज्यों में सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए यह समीक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि हवाई अड्डों पर तैनात क्विक रिएक्शन टीम को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत अब तक 49 विमानन सुरक्षा समूहों के 659 कमांडो बैटल इनोकुलेशन ट्रेनिंग पूरी कर चुके हैं। वर्ष 2026 के अंत तक सभी 72 हवाई अड्डों पर इसे लागू करने का लक्ष्य है।

महानिदेशक ने सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन संबंधी खतरों और तोड़फ़ोड़ विरोधी (एंटी-सेबोटेज) उपायों की समीक्षा की। कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों से निपटने के लिए सीआईएसएफ ने भारतीय सेना के सहयोग से एक 'चरणबद्ध ड्रोन-विरोधी प्रशिक्षण कार्यक्रम' शुरू किया है, जिसके तहत जवानों को संदिग्ध मानव रहित हवाई प्रणालियों को ट्रैक और निष्क्रिय करने का कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को वैश्विक स्तर पर लाने के लिए देश के हवाई अड्डों पर कई आधुनिक तकनीकों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इनमें मुख्य रूप से यात्रियों के सुगम और कागज रहित आवागमन के लिए बायोमेट्रिक-आधारित डिजिटल सत्यापन प्रणाली, फुल बॉडी स्कैनर, सीसीटीवी वीडियो एनालिटिक्स और ऑटोमेटिक ट्रे रिटर्न सिस्टम, केंद्रीकृत एक्सेस कंट्रोल, पैरामीटर इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम और बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल सिस्टम शामिल है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामलों का निपटारा कानून के अनुसार: भारत

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामलों का निपटारा कानून के अनुसार किया जाएगा। भारत ने बांग्लादेश के अधिकारियों को 2680 व्यक्तियों की नागरिकता सत्यापित करने के लिए भेजे हैं। भारत ने कहा कि ऐसा होने पर इन्हें प्रत्यर्पित करने की कार्यवाही की जाएगी। बहुत से मामले पांच साल से लंबित हैं। हमारी अपेक्षा है कि बांग्लादेश इस संबंध में तेज कार्यवाही करे।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि नागरिकों की अवैध मौजूदगी के बारे में दोनों देशों के बीच व्यवस्था है तथा इन्हें वापस भेजा जा सकता है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि इबोला बीमारी से ग्रसित अफ्रीकी देश युगांडा को औषधियों की खेप भेजी गई है। भारत अफ्रीकी महाद्वीप के देशों को इस स्वास्थ्य इमरजेंसी से निपटने के लिए हर आवश्यक सहायता देने के लिए तत्तपर है। एक अन्य सवाल पर प्रवक्ता ने कहा कि पड़ोसी देश म्यांमार के राष्ट्रपति 30 मई से 2 जून तक भारत की यात्रा करेंगे। इस दौरान वह बोधगया और मुंबई भी जाएंगे। दोनों देशों के नेता सीमा सुरक्षा और संपर्क सुविधाओं के बारे में विचार विमर्श करेंगे।

# धार्मिक और पूजा स्थलों पर भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुविधाओं के मामले में मॉडल स्टेट बनेगा मप्र : मोहन यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश को धार्मिक और पूजा स्थलों पर भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुविधाओं के मामले में मॉडल स्टेट बनाना जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात शुक्रवार को माता वैष्णो देवी धाम के लिए प्रस्थान करने से पहले जम्मू में स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार राज्य के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन, सार्वजनिक सुविधाओं के विकास तथा सभी जरूरी नागरिक सेवाओं के विस्तार के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देश के प्रमुख धार्मिक स्थानों पर भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी जरूरी व्यवस्थाओं का अवलोकन और अध्ययन किया जा रहा है, जिससे मध्य प्रदेश को श्रद्धालुओं के लिए एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित किया जा सके।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता वैष्णो देवी धाम में श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं का मुआयना करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार का एक प्रतिनिधिमंडल यहां आया हुआ है। प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पूजा स्थलों में उज्जैन का श्री महाकाल मंदिर, श्री महाकालेश्वर देवस्थान, श्री ओंकारेश्वर देवस्थान और भोजशाला शामिल हैं, जिसे हाल ही में माननीय हाईकोर्ट द्वारा मां वाग्देवी के मंदिर के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि वैष्णो देवी धाम में माता का आशीर्वाद लेकर प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना करने जा रहे है। उन्होंने कहा कि माता वैष्णो देवी मंदिर प्रबंधन द्वारा यहां एक विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज और कई सेवा संस्थान भी चलाए जा रहे हैं। जिनसे श्रद्धालुओं और यात्रियों को दर्शन के लिए सुव्यवस्थित और संगठित व्यवस्था प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें सुगम और सुविधाजनक अनुभव मिल सके। हमारा प्रतिनिधिमंडल इन सभी व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगा इससे श्रद्धालुओं के लिए एक अच्छा सेवा प्रकल्प तैयार किया जा सके।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम प्रदेश के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं, यात्रियों और नागरिकों की सुविधाओं को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है। व्यवस्थाओं में और अधिक सुधार के उद्देश्य से हमारे प्रतिनिधिमंडल द्वारा देश के प्रमुख धार्मिक-पूजा स्थलों का भ्रमण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का गहन अध्ययन किया जा रहा है। अध्ययन के उपरांत प्राप्त अनुभवों और प्रतिनिधिमंडल के सुझावों पर अमल कर मध्य प्रदेश सरकार सभी धार्मिक स्थलों पर सुविधाएं बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाएगी।

# पेज एक का शेष

## 'गुंडे-माफिया...

था। हमीरपुर सेतु निगम के एई पंकज कुमार ने शुक्रवार को बताया कि नौ सौ मीटर से अधिक लम्बे पुल में तेरह पिलर (कोठी) बनाई गई है। पिलरों का काम कंपलीट हो चुका है। इन पिलरों में आधुनिक तरीके से लाँच पैकेट रखने का काम तेजी से कराया जा रहा था। दो शिफ्टों में यह काम चल रहा था। लेकिन चक्रवाती तूफान में लाँच पैड ढहकर नीचे आ गिरा जिसमें छह लोगों की मौत हो गई है। हादसे के बाद जिलाधिकारी अभिषेक गोयल, एसपी मृगांग शेखर पाठक, ए.एसपी एके वर्मा, एसडीएम सदर और सीओ सदर के अलावा सेतु निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराकर पिलरों में फंसे तीन मजदूरों को कड़ी मशक्कत के बाद बचा लिया गया है।

एसपी का कहना है कि हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। प्रारम्भिक जांच में तेज आंधी तूफान के कारण लाँच पैड (स्ट्रक्चर) ढह गया है। विस्तृत जांच के बाद एक्शन लिया जाएगा। इधर ग्रामीणों ने बताया कि कार्यदायी संस्था दिन रात पुल का निर्माण करा रही थी। कल दिन में काम होता रहा फिर रात में भी दूसरी शिफ्ट में पुल की कोठी के ऊपर लाँच पैड (स्लैब) रखने के लिए मजदूर लगाए गए थे।

कार्य के दौरान चक्रवाती तूफान आने से स्ट्रक्चर नीचे आ गया। दो मजदूर तो क्रेन मशीन में बैठ गए वहीं दो अन्य पिलर से चिपक गए। बाकी स्ट्रक्चर के नीचे दब गए थे। एडीएम फाइनेंस राकेश कुमार का कहना है कि पिछले दो दिनों से आंधी तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया जा रहा है। आम लोगों को सतर्कता बरतने के लिए यूपी-११२ पीआरवी से जागरूक भी कराया जा रहा है।

पुल हादसे को लेकर एमडी ने शुरू की जांच

सेतु निगम के एई ने बताया कि निर्माणाधीन पुल के स्ट्रक्चर ढहने के मामले की जांच यहां शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश बिज्र कारपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने मौके का निरीक्षण कर जांच की। उन्होंने बताया कि ये पुल 92.52 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा था। इस फंड में एप्रोच मार्ग भी बनना है लेकिन चक्रवाती तूफान के कहर में पूरा स्ट्रक्चर ढह गया है। जिससे कम से कम एक करोड़ रुपये का झटका लगा है।

## स्लैब ढहने ...

ही पुलिस और सेतु निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ को लगाया गया है। अभी तक मलबे से चिल्ला बांदा निवासी लोकेन्द्र (24) पुत्र राधेश्याम निषाद, कुलदीप (21) पुत्र प्रेमचन्द्र निषाद, भूरागढ़ बांदा निवासी सावंत (30), स्वासा ललपुरा हमीरपुर निवासी सभाजीत (30), पुष्पेन्द्र सिंह (35) व अछपुरा ललपुरा निवासी राजेश पाल (41) के शव निकाले गए है। मजदूरों ने राजेश, कल्लू व अवधेश समेत अन्य मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई है। बचाव दल ने पुल के पिलर में फंसे तीन मजदूरों को बचा लिया गया है।

ललपुरा थाना प्रभारी राकेश सरोज ने बताया कि हादसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। बरामद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा रहा है।

बता दे कि हमीरपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में राठ-हमीरपुर स्टेट हाइवे से परसनी, कंडौर होते हुए कुरारा फोरलेन हाइवे को जोडने के लिए ललपुरा थाना क्षेत्र के परसनी और कंडौर गांव के बीच बेतवा नदी पर एक नया पुल बन रहा है। इसके लिए 7912,24 लाख रुपये का प्रावधान किया गया था। इस पुल के लिए स्थानीय वासी राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने बड़ी पहल की थी। इसके बनने से कुरारा से मिर्ज़ापुर झांसी हाइवे होते हुए परसनी की तरफ जाने में ये दूरी बहुत ही कम हो जाएगी।

26 गांवों के डेढ़ लाख ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहतराज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने बताया कि बेतवा नदी पर एक नया पुल बनने से परसनी गांव के साथ ही मौराकांदर, बहरौली डांडा, कलौलीजार, उजनेड़ी, अछपुरा वहदीना, स्वासा बुजुर्ग, स्वासा खुर्द, कुम्हऊपुर, कुआं डेरा, कंडौर, बैजेमऊ इस्लामपुर, हरेहटा, पतारा, जखेला, नैठी, रिठारी, छानी खुर्द, छानी बुजुर्ग, देवीगंज समेत 26 गांव तेजी से विकसित होंगे। सांसद ने बताया कि ये ग्रामीण इलाके विकास में अभी बहुत पिछड़े है। शासन ने पुल बनाने के लिए हरी झंडी भी दे दी है

## मुख्यमंत्री....

पश्चिम बंगाल में यह कार्य अपेक्षाकृत देर से आरंभ हो रहा है। बावजूद इसके, राज्य सरकार तय समय सीमा के भीतर जनगणना पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी नागरिक सही और सटीक जानकारी देकर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि जनगणना प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनगणना प्रक्रिया में हुई देरी के लिए पूर्ववर्ती सरकार और पूर्व मुख्य सचिव को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि यह कोई कैबिनेट का विषय नहीं था, बल्कि प्रशासनिक स्तर पर लिया जाने वाला निर्णय था। मुख्यमंत्री के अनुसार, पूर्व मुख्य सचिव राजनीतिक सहमति का इंतजार करते रहे, जिसके कारण जनगणना कार्य समय पर शुरू नहीं हो पाया।

## राजग शासित...

प्रधानमंत्री मोदी करेंगे। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सहित सरकार के कई मंत्री मौजूद रहेंगे। बैठक में मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, सुशासन, संगठनात्मक समन्वय और आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा होगी। इसके साथ केंद्र की योजनाओं की समीक्षा, केंद्र-राज्य समन्वय को बेहतर बनाने पर भी चर्चा होगी।

उल्लेखनीय है कि मोदी ने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में 12 वर्ष पूरे कर लिए। 2019 में दूसरी बार और 2024 में वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने। उन्होंने 9 जून 2024 को तीसरी बार शपथ ली। वर्ष 2014 में पहली बार शपथ लेने के बाद से उनका यह सफर बड़े और क्रांतिकारी फैसलों (जैसे अनुच्छेद 370, राम मंदिर निर्माण और जीएसटी लागू करना) और डिजिटल इंडिया, जन धन योजना और उज्ज्वला जैसी कल्याणकारी योजनाओं का साक्षी रहा है।

## भारत-नेपाल...

जाने के एग्जिट स्टैम्प पूरी तरह फर्जी पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि जिन नंबरों के आधार पर स्टैम्प लगाए गए थे, उनसे संबंधित कोई वैध अनुमति केंद्रीय इमिग्रेशन कार्यालय की ओर से जारी ही नहीं की गई थी। इससे स्पष्ट हो गया कि दस्तावेजों में सुनियोजित तरीके से जालसाजी की गई थी। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान थाईलैंड निवासी पिमचानोक केटला और चिंतरा बुद्धाफोंग के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों महिलाओं ने स्वीकार किया कि उन्हें दिल्ली और कोलकाता के रास्ते सीमावर्ती क्षेत्र तक पहुंचाया गया था। उन्होंने बताया कि एक संगठित गिरोह ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें सुरक्षित रूप से नेपाल सीमा पार कराने का भरोसा दिया था।

सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि यह मामला केवल फर्जी दस्तावेजों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी, अवैध आव्रजन और अन्य संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि महिलाओं को भारत में किस उद्देश्य से लाया गया था और नाल के रास्ते उन्हें आगे कहां भेजे जाने की योजना थी। फरार एजेंट की तलाश में केंद्रीय खुफिया एजेंसियां, एसएसबी और स्थानीय पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चला रही हैं। सीमा क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है और सभी प्रमुख चेकपोस्टों पर जांच और सख्त कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े कई अन्य लोगों का भी खुलासा हो सकता है।

## सरिंदा वादन....

किया था। इसके बाद वर्ष 2023 में भारत सरकार ने उन्हें देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान 'पद्मश्री' से नवाजा।

परिवार के मुताबिक, करीब एक महीने पहले उनकी तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जलपाईगुड़ी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अस्पताल में रहने की इच्छा न होने के कारण उन्हें वापस घर ले आया गया था। पिछले कुछ दिनों में उनकी स्थिति और गंभीर हो गई थी।

शुक्रवार सुबह उनके निधन की खबर फैलते ही धवलागुड़ी गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचकर अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। परिवार ने बताया कि उनकी अंतिम इच्छा के अनुसार उनका अंतिम संस्कार घर के पास स्थित निजी जमीन पर ही किया जाएगा।

मंगला कांति राय के निधन से उत्तर बंगाल की लोक परंपरा ने अपना एक अनमोल सितारा खो दिया है, जिसकी भरपाई कर पाना आसान नहीं होगा।

## सरकार का दावा...

कोई रिपोर्ट नहीं मिली है, चाहे वे भारतीय झंडे वाले मालवाहक जहाजों पर हों या विदेशी झंडे वाले जहाजों पर।

इसके अलावा विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (खाड़ी), असीम आर. महाजन ने कहा कि विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर लगातार बारीकी से नज़र रख रहा है। इस क्षेत्र में स्थित हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावास, भारतीय नागरिकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए चौबीसों घंटे हेल्पलाइन संचालित कर रहे हैं। वे हमारे नागरिकों की सक्रियता से सहायता कर रहे हैं और साथ ही स्थानीय सरकारों के भी लगातार संपर्क में हैं। भारतीय और यूएई की विमानन कंपनियां, यूएई से भारत के विभिन्न गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित कर रही हैं। सऊदी अरब और ओमान के विभिन्न हवाई अड्डों से भी भारत के अलग-अलग गंतव्यों के लिए उड़ानें संचालित हो रही हैं। कतर का हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुला हुआ है।

## पाकिस्तान ...

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मौजूद थे।

## अगले...

इस अवसर पर सीमा सुरक्षा की अवधारणा को नए सिरे से विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में ह्लचतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिडङ्क तैयार किया जाएगा और केवल सीमा सुरक्षा की जगह ह्लटेरिटोरियल सिक्योरिटीङ्क यानी क्षेत्रीय सुरक्षा का नया मॉडल लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था में बीएसएफ के साथ-साथ स्थानीय नागरिक, सिविल प्रशासन, स्थानीय पुलिस और सेना भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे सुरक्षा व्यवस्था अधिक मजबूत और व्यापक बनेगी। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा को जनभागीदारी से जोड़ने का यह प्रयास देश की सुरक्षा को नई दिशा देगा।

स्मार्ट बॉर्डर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार हजारों करोड़ रुपये खर्च कर सीमा सुरक्षा को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बना रही है। ड्रोन, रडार, अत्याधुनिक सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली और आधुनिक संचार नेटवर्क के जरिए सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती दी जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन तकनीकों और जवानों की तैनाती से ऐसा मजबूत सुरक्षा ग्रिड तैयार होगा, जिसके बाद कोई भी घुसपैठिया भारतीय सीमा को भेदने की हिम्मत नहीं कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार कुछ नए क्षेत्रों की सुरक्षा जिम्मेदारी भी बीएसएफ को सौंपने पर विचार कर रही है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में अधूरी सीमा बाड़बंदी को सुरक्षा ग्रिड की एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि कई स्थानों पर भूमि उपलब्ध न होने के कारण फेंसिंग का कार्य रुका हुआ था। अब इस दिशा में सकारात्मक प्रगति हुई है और सीमा पर बाड़बंदी का कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि जहां पारंपरिक फेंसिंग संभव नहीं है, वहां तकनीकी फेंसिंग और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। जंगलों, नदी-नालों और दुर्गम क्षेत्रों में भी घुसपैठ रोकने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। आने वाले समय में पूरे सीमा क्षेत्र को अत्याधुनिक सुरक्षा तंत्र से जोड़ दिया जाएगा।

अपने संबोधन के अंत में शाह ने बीएसएफ जवानों की वीरता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि पूरा देश उनके त्याग और समर्पण का सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि जवानों की बदौलत ही सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा बनी हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भारत की सीमाएं दुनिया की सबसे सुरक्षित सीमाओं में शामिल होंगी और देश की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होकर उभरेगी।

# भाजपा उत्तराखंड में 2027 विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक का इतिहास रचेगी : नितिन नवीन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवींन ने कहा कि भाजपा उत्तराखंड में 2027 विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक का इतिहास रचेगी। उन्होंने बूथ सशक्तिकरण को चुनावी सफलता की कुंजी बताते हुए प्रदेश कोर कमेटी के सदस्यों को दो-दो दिन विधानसभा प्रवास करने के निर्देश दिए।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रदेश संगठन कोर कमेटी और मंत्री समूह की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देवतुल्य जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर पार्टी हैट्रिक लगाएगी। नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और डबल इंजन सरकार के प्रयासों से उत्तराखंड की जनता का भाजपा पर विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के




फैसलों, विकास कार्यों और धर्म-संस्कृति संरक्षण के प्रयासों की देशभर में चर्चा हो रही है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर बूथ सशक्तिकरण पर विशेष जोर देते हुए संगठन पदाधिकारियों को हारे हुए बूथों पर अलग रणनीति के तहत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की चुनावी सफलता का आधार बूथ स्तर का मजबूत संगठन है और उसी दिशा में व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। संगठन की मजबूती, बूथ प्रबंधन और आगामी चुनावी रणनीति को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विशेष रूप से उन बूथों पर फोकस करने को कहा जहां पार्टी पिछले चुनावों में जीत हासिल नहीं कर पाई थी। इसके लिए अलग-अलग टीमें बनाकर जमीनी स्तर पर रणनीति तैयार करने पर जोर दिया गया। मंत्री समूह की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए कहा कि उत्तराखंड विकास के कई मानकों पर बड़े राज्यों को चुनौती दे रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। महेंद्र भट्ट ने बताया कि भाजपा की चुनावी रणनीति पूरी तरह बूथ आधारित है और इसी विषय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बूथ प्रबंधन को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। पूरी बैठक 2027 विधानसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक सुनिश्चित करने की रणनीति पर केंद्रित रही।

# धर्मनगरी हरिद्वार पहुंचे नवजोत सिंह सिद्धू दक्षेश्वर महादेव मंदिर में किया रुद्राभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। धर्मनगरी हरिद्वार में शुक्रवार को पूर्व भारतीय क्रिकेटर और चर्चित राजनेता नवजोत सिंह सिद्धू ने पहुंचकर विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कनखल स्थित पौराणिक श्री दक्षेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान दक्ष की नगरी के रूप में प्रसिद्ध कनखल स्थित श्री दक्षेश्वर महादेव मंदिर में नवजोत सिंह सिद्धू ने विशेष पूजा की और रुद्राभिषेक कर देश की सुख-समृद्धि एवं विश्व शांति की कामना की। मंदिर के श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने उन्हें प्रसाद और भगवान दक्षेश्वर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। हरिद्वार प्रवास के दौरान सिद्धू ने अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज से भी भेंट की। दोनों के



बीच काफी देर तक धर्म, अध्यात्म, सनातन संस्कृति और भारतीय परंपराओं को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि भारत की आध्यात्मिक संस्कृति पूरे विश्व को शांति और मानवता का संदेश देती है। इससे पूर्व नवजोत सिंह सिद्धू ने हरिद्वार की अधिष्ठात्री मां माया देवी मंदिर में भी दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इसके अलावा उन्होंने आनंद भैरव मंदिर में भी मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक स्थलों पर दर्शन के दौरान सिद्धू पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में नजर आए।

# एससी आयोग ने रवनीत सिंह बिट्टू के विवादित बयान पर संगरूर के एसएसपी से रिपोर्ट तलब की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के मामले में सू-मोटो नोटिस लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस.एस.पी.), संगरूर से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से आयोग के ध्यान में यह मामला आया है कि केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने धूरी दौरे के दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया है।

उन्होंने बताया कि आयोग ने सोशल मीडिया पर चल रही खबरों और वीडियो लिंक के आधार पर मामले का गंभीर नोटिस



लिया है। इस संबंध में एसपी हेडक्वार्टर, संगरूर के माध्यम से जांच रिपोर्ट 1 जून को सुबह 9:00 बजे तक आयोग के समक्ष पेश करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हरित भविष्य की दिशा में बड़ा कदम : धामी

■ मुख्यमंत्री ने 'सौर जागरूकता स्मारिका' का किया विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में काउंसिल ऑन एनर्जी, इन्वायरमेन्ट एण्ड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की ओर से तैयार 'सौर जागरूकता स्मारिका' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक पुस्तिका का विमोचन नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड के उज्ज्वल, आत्मनिर्भर और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसे समय में सौर ऊर्जा केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता बन चुकी



है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, जो देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य ने 40 हजार रूफटॉप सोलर संयंत्रों का अपना प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारित समय से पहले प्राप्त कर लिया है तथा निर्धारित लक्ष्य का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तराखण्ड देश के शीर्ष राज्यों की श्रेणी में पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2024 से अब तक मात्र दो वर्षों में राज्य ने सौर ऊर्जा क्षमता में लगभग 10 गुना वृद्धि दर्ज की है। उत्तराखंड लगभग 290 मेगावाट क्षमता के रेजिडेंशियल रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने में सफल हुआ है। उन्होंने इसे ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। मुख्यमंत्री ने यूपीसीएल, ऊरेडा, क्षेत्रीय अधिकारियों और इस अभियान से जुड़े सभी विभागों एवं संस्थाओं के समन्वित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता टीम उत्तराखंड की सामूहिक प्रतिबद्धता और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित 'सौर कौथिग', व्यापक जन-जागरूकता अभियान, नुक्कड़ नाटक और अधिकारियों के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने सीईईडब्ल्यू की टीम के सहयोग और योगदान की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल सोलर संयंत्र स्थापित करना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ ऊर्जा क्रांति का सक्रिय भागीदार बनाना है।

# राजा वड़िंग केस में पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने 1 जुलाई तक मांगी पुलिस रिपोर्ट

चंडीगढ़। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से संबंधित मामले में पंजाब पुलिस से एक जुलाई तक एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है। आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि आयोग ने कांग्रेस पार्टी के प्रधान एवं सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग का चुनाव प्रचार के दौरान दलित समुदाय के प्रति जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल वाले बयान का स्वतः संज्ञान लिया था। उन्होंने बताया कि इस मामले की सुनवाई के दौरान आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयोग के समक्ष पेश हुए। उन्होंने आयोग को अवगत कराया कि संबंधित ऑडियो क्लिप की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा इस संबंध में तकनीकी तथ्यों को एकत्र किया जा रहा है। पंजाब पुलिस ने इस मामले से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए मेटा कंपनी को भी पत्र लिखा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मेटा से आवश्यक रिपोर्ट लगभग 30 दिनों के भीतर प्राप्त होने की संभावना है।

# आंधी ने रोकी रेल की रफ्तार, पेड़ गिरने से ओएचई वायर टूटा, कई ट्रेनें डायवर्ट

सीवान। शुक्रवार की सुबह आई तेज आंधी और बारिश ने रेल परिचालन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। गोरखपुर-सीवान रेलखंड के गौरी बाजार के समीप रेल ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई वायर टूट गया, जिससे ट्रेनों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित हो गया। रेल प्रशासन के अनुसार तकनीकी बाधा के कारण कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का रूट बदलना पड़ा। 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस, 15652 लोहित एक्सप्रेस, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल तथा 02564 नई दिल्ली-बरौनी ट्रेन को कप्तानगंज-थावे होते हुए सीवान मार्ग से डायवर्ट कर चलाया गया। तेज आंधी के चलते कई ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशनों पर रोकना पड़ा, जिससे यात्री घंटों परेशान रहे। 15028 मौर्य एक्सप्रेस करीब साढ़े तीन घंटे, गोरखपुर-छपरा सवारी गाड़ी डेढ़ घंटे, 15034 पाटलिपुत्र एक्सप्रेस एक घंटे तथा 15566 वैशाली एक्सप्रेस लगभग एक घंटे विलंब से चली।

# नाला निर्माण में लापरवाही से जलजमाव, महामारी की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। नगर पंचायत बारसोई के वार्ड संख्या सात में नाला और कलभर्ट निर्माण में बरती गई कथित अनियमितता के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

रेलवे क्षेत्र और वार्ड संख्या छह का गंदा पानी सीधे इस वार्ड में प्रवेश कर रहा है, जिससे कई रास्तों पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। जलजमाव के कारण इलाके में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और स्थानीय लोगों में महामारी फैलने की आशंका गहरा गई है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय पूर्व विधायक महबूब आलम ने नगर प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अविलंब होम पाइप लगाकर जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई, तो वे जनता के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेंगे और नगर कार्यालय का घेराव करेंगे। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है



कि ठेकेदार और विभागीय लापरवाही के कारण निर्माण कार्य के दौरान जरूरी होम पाइप नहीं लगाए गए। इसके चलते पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। रही-सही कसर लगातार हो रही बारिश ने पूरी कर दी, जिससे गंदा पानी अब लोगों के घरों के सामने जमा हो गया है। लोगों का कहना है कि नगर प्रशासन साफ-सफाई को लेकर पूरी तरह उदासीन बना हुआ है, जिससे स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक महबूब आलम ने कहा कि वे इस लापरवाही और जनता की परेशानी को लेकर संबंधित विभाग के मंत्री और उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। उन्होंने साफ किया कि विकास कार्यों में अनियमितता और जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परेशान ग्रामीणों ने अब इस मामले में अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि नगर प्रशासन की नाकामी के बाद अब उनकी आखिरी उम्मीद अनुमंडल प्रशासन पर टिकी है। ग्रामीण उदय यादव, विजय भारती, कार्तिक पोद्दार, दिलीप फुलेना यादव समेत सैकड़ों लोगों ने संयुक्त रूप से मांग की है कि जल्द से जल्द नाला निर्माण कार्य को दुरुस्त करते हुए होम पाइप लगाया जाए, ताकि जल निकासी सुचारु हो सके और लोगों को परेशानी से राहत मिल सके।

# भीषण गर्मी में स्वच्छता कर्मियों के समर्थन को आगे आएं नागरिक : सीआर पाटिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने भीषण गर्मी और लू के बीच स्वच्छता कर्मियों के समर्थन में जनभागीदारी का आह्वान करते हुए नागरिकों से उनके प्रति संवेदनशीलता, सम्मान और सहयोग का भाव रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पानी, छांव और सम्मान जैसी छोटी-छोटी पहल भी स्वच्छता कर्मियों के लिए बड़ा सहारा बन सकती हैं। केंद्रीय मंत्री पाटिल ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद स्वच्छता कर्मी गांवों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। तेज धूप और कठिन परिस्थितियों में भी उनका समर्पण और सेवा भावना प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देशवासियों से अपील की है कि इन कठिन दिनों में पूरी संवेदनशीलता और करुणा के साथ एक-दूसरे का ध्यान रखें। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि यदि आसपास कोई स्वच्छता कर्मी कार्य कर रहा हो तो उन्हें पीने का पानी उपलब्ध कराएं, कुछ समय छांव में विश्राम के लिए प्रेरित करें और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। पाटिल ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या किसी एक कर्मी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की ओर से भी नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता सेवा देने वाले कर्मियों के लिए पानी, छांव और मानवीय व्यवहार सुनिश्चित करें।

# रेल यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : आरपीएफ आईजी परमशिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

किशनगंज। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के महानिरीक्षक परमशिव शुक्रवार को एक दिवसीय आधिकारिक दौरे पर किशनगंज रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने स्टेशन परिसर, विभिन्न प्लेटफॉर्मों और रेल संपत्तियों का सघन निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था की समीक्षा की। सीमांचल के महत्वपूर्ण और संवेदनशील रेलवे स्टेशन माने जाने वाले किशनगंज स्टेशन पर सुरक्षा मानकों को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आईजी परमशिव ने स्टेशन के मुख्य प्लेटफॉर्म, आरपीएफ पोस्ट, यात्री प्रवेश एवं निकास द्वारों सहित संवेदनशील स्थलों का बारीकी से जायजा लिया।उन्होंने ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ अधिकारियों एवं जवानों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर हर समय सतर्क रहने की हिदायत दी। महानिरीक्षक ने कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा और उनका



भयमुक्त सफर सुनिश्चित करना आरपीएफ की पहली प्राथमिकता है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से महिला, बच्चों और बुजुर्ग यात्रियों की सुरक्षा पर अतिरिक्त ध्यान देने का निर्देश दिया। आईजी ने स्टेशन परिसर, पार्सल घर और प्रतीक्षालयों में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों तथा लावारिस सामानों की सघन जांच करने का आदेश दिया। उन्होंने मेटल डिटेक्टर और डॉग स्क्वायड की सहायता से निगरानी बढ़ाने तथा बिना टिकट घूमने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने को कहा। इसके अलावा ट्रेनों और रेल परिसर में अवैध सामानों की तस्करी, नशाखुरानी गिरोह और पॉकेटमारों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के बाद आईजी परमशिव ने आरपीएफ और राजकीय रेल पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक भी की। बैठक में रेल अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए दोनों एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय और सूचनाओं के आदान-प्रदान पर जोर दिया गया। उन्होंने आगामी त्योहारों और वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए किशनगंज स्टेशन से गुजरने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनों में एस्कॉर्ट पार्टी को पूरी तरह अलर्ट रहने तथा प्लेटफॉर्मों पर रैंडम चेकिंग और सघन गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों और सुरक्षा बलों में सक्रियता देखी गई।

# आआपा ने पानी की समस्या को लेकर किया 'मटका फोड़' प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक कुलदीप कुमार और पार्टी कार्यकर्ताओं ने कोंडली विधानसभा में हो रही पानी की समस्या को लेकर शुक्रवार को दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय मयूर विहार फ़ेज-2 के समक्ष 'मटका फोड़' प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जल्द पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आआपा दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा के घर का घेराव करेगी।

प्रदर्शन के दौरान कुलदीप कुमार ने जल संकट पर कहा कि पहले यह घोषणा की गई थी कि सभी विधानसभा क्षेत्र में पानी की आपूर्ति पहले के जैसी की जाएगी। चाहे वह गाजीपुर यूजीआर, न्यू कोंडली यूजीआर या दल्लूपुरा यूजीआर हो, लेकिन आपूर्ति में कटौती जारी है और लोग बुनियादी पानी की जरूरतों के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। कुलदीप कुमार ने कहा कि सरकार ने हरियाणा से अधिक पानी लाने का वादा किया था, फिर भी लोगों को पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिल रही है। जब आआपा ने हजारों



निवासियों के साथ चरण- ऋ कार्यालय का दौरा किया, तो भारी पुलिस तैनाती के बावजूद कोई भी अधिकारी हमसे नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जल संकट खराब प्रबंधन को दर्शाता है और इसका खामियाजा दिल्ली के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जो पानी पहले मिलता था वह भी अब नहीं मिल रहा। ज्यादातर जगहों पर नाले का पानी घरों में भेजा जा रहा है। पानी की सप्लाई में 20 प्रतिशत से अधिक की कमी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की नाकामी के कारण कई वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट ठप पड़े हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063